शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 217 | गुवाहाटी | बुधवार, 6 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

फैंसी बाजार लचित घाट में दुर्गा विसर्जन संघ न पेज 3
प्रधानमंत्री आज करेंगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ के बीच के आरआरटीएस ... पेज 4
मुख्यमंत्री योगी की बड़ी कार्रवाई : भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्र को हटाया गया... पेज 5
पंजाब का बजट दो लाख करोड़ से हुआ पार, न कोई कर न कोई राहत पेज 8

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*प्रकृति (सहज) रूप से प्रजा के संपन्न होने से नेता विहीन राज्य भी संचालित होता रहता है।*
– आचार्य चाणक्य

# चुनाव आयोग का असम दौरा, नैतिक प्रचार पर जोर



**गुवाहाटी।** आगामी लोकसभा चुनाव की प्रत्याशा में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को असम के गुवाहाटी पहुंचा। उनका प्राथमिक उद्देश्य असम में सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करने के लिए राज्य के अधिकारियों और राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करना है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मीडिया को बताया कि राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से ईसीआई से असम में बोहाग बिहू या रोंगाली बिहू समारोह से पहले चुनाव कराने का अनुरोध किया है। हाल के चुनावों में राजनीतिक अभियान चर्चा के गिरते मानकों पर बढ़ती चिंताओं के बीच, ईसीआई ने सभी राजनीतिक दलों को एक नई सलाह जारी की है। परामर्श में शिष्टाचार बनाए रखने और सार्वजनिक प्रचार में अत्यधिक संयम बरतने, व्यक्तिगत हमलों पर मुद्दा-आधारित बहस को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसके आलोक में, ईसीआई ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए *स्टार प्रचारकों* और उम्मीदवारों को नोटिस दिया है। लोकसभा चुनावों और चार राज्यों की विधानसभाओं के सभी चरणों और भौगोलिक क्षेत्रों में बार-बार होने वाले अपराधों से सख्ती से निपटा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक संवाद को बढ़ावा देने के महत्व को दोहराया, राजनीतिक दलों से एकता को प्रेरित करने और विभाजन के बजाय विचारों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। आयोग ने सभी दलों, नेताओं और उम्मीदवारों से किसी -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएम ने बोहाग बिहू से पहले चुनाव करने का किया अनुरोध

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने बोहाग बिहू त्योहार से पहले राज्य में लोकसभा चुनाव कराने का अनुरोध किया है। कृषि उत्सव अप्रैल के दूसरे सप्ताह में मनाया जाता है। आरत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का एक प्रतिनिधिमंडल असम के दो दिवसीय दौरे पर है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से बोहाग बिहू से पहले चुनाव कराने का अनुरोध किया है। असम में 14 त्रोकसभा सीटें हैं। पिछले साल परिसीमन प्रक्रिया के बाद असम में यह पहला चुनाव है। विधानसआओं और संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन के बाद पहली मतदाता सूची पिछले दिसंबर में प्रकाशित की गई थी। इसमें राज्य में लगभग 2,43,02,460 मतदाता पाए गए हैं। असम के 126 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विशेष सारांश पुनरीक्षण (एसएसआर) की एकीकृत मसोंदा मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। कुल मतदाताओं की -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव : 14-15 को ईसी कर सकते है तारीखों का एलान




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का एलान 14-15 मार्च को कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की एलान करेगा। आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा। इस बीच चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक -शेष पृष्ठ दो पर

## हिंदुओं के बारे में लालू की जानकारी खत्म हो गई, भूल गए परिभाषा : डॉ. शर्मा

**बंगाईगांव।** लोकसभा चुनाव से पहले परिवारवाद को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बहस छिड़ गई है। राष्ट्रीय जनता दल ने अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार पर टिप्पणी वाले बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पलटवार किया है। सीएम शर्मा ने कहा कि अगर लालू यादव बोल रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं हैं तो लालू यादव की हिंदुओं बारे में जो भी जानकारी है वह खत्म हो गई होगी, बहुत -शेष पृष्ठ दो पर

## गठबंधन को लेकर बीपीएफ के साथ कोई बातचीत नहीं : मुख्यमंत्री



**बंगाईगांव (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज स्पष्ट किया कि आसन्न लोकसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ भाजपा की किसी भी प्रकार की बातचीत नहीं होगी। हालांकि, उन्होंने यह अवश्य कहा कि जिन सीटों पर बीपीएफ अपने उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी, उन सीटों पर भाजपा गठबंधन के उम्मीदवारों का यदि बीपीएफ समर्थन करे तो यह उनकी बात है। ज्ञात हो कि भाजपा का असम गण परिषद के साथ ही यूपीपीएल के साथ गठबंधन है। भाजपा गठबंधन से यूपीपीएल के उम्मीदवार बोडोलैंड -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### कर्नाटक सरकार को मिली पूरे शहर को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार को सोमवार को एक बम धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें भेजने वाले ने शनिवार को बेंगलुरु में विस्फोट की चेतावनी दी। ईमेल में कहा गया है कि विस्फोट से शहर दोपहर 2.48 बजे दहल जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, गृह मंत्री और -शेष पृष्ठ दो पर

### महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान लगी आग छह श्रद्धालू जिंदा जले

पोर्ट लुईस। मॉरीशस में रविवार को महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान लगी आग कारण भगदड़ मच गई और इस भीषण हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शिवरात्रि की झांकी ले जा रही लकड़ी और बांस की गाड़ी अचानक बिजली के तारों के संपर्क में आ गई, जिससे झांकी में आग लग गई और 6 हिंदू श्रद्धालु जिंदा जलकर मर गए। इस घटना ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव के बाद राहुल को समन जारी करेगी असम पुलिस : सीएम



**बंगाईगांव/गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस गुवाहाटी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हिंसा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करेगी। सीएम शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को पुलिस के समक्ष उपस्थित होना होगा। यह नोटिस असम पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद भेजी जाएगी। सीएम शर्मा ने गुवाहाटी के एक आधिकारिक समारोह के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जब कोई कानून तोड़ता है, तो जाहिर तौर पर समन जारी किया जाएगा। समन राहुल गांधी के पास जाएगा और उन्हें लोकसभा चुनाव -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएए : राज्य के विपक्षी दल पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात




**गुवाहाटी।** पीएम मोदी से मिलने का समय मांगने वाला एक पत्र राज्य कांग्रेस प्रमुख भूपेन बोरा द्वारा भेजा गया था, जो यूनाइटेड अपोजिशन फोरम ऑफ असम (यूओएफए) के अध्यक्ष भी हैं, जो 16 विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व करता है। जाति, पंथ और राजनीतिक संबद्धता के बावजूद असम के लोगों के बीच एक मजबूत धारणा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 असमिया लोगों की संस्कृति, इतिहास, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, सामाजिक ताने-बाने और पहचान को खतरे में डाल देगा। पत्र, जिसकी एक प्रति मंगलवार को प्रेस के साथ साझा की गई। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा, उक्त अधिनियम 1985 के ऐतिहासिक असम समझौतें को रद्द कर देगा, जिसे असमिया लोगों की जीवन रेखा माना जाता है। पत्र में कहा गया है कि यूओएफए प्रधानमंत्री को *आने वाले दिनों में असम में उत्पन्न होने वाली अस्थिर स्थिति* के बारे में अवगत कराना जरूरी समझता है। विपक्षी दलों ने 8-9 मार्च को राज्य की अपनी निर्धारित यात्रा के दौरान मोदी से मिलने का प्रस्ताव रखते हुए जल्द से जल्द उनसे मिलने का समय मांगा है। पत्र में राज्य में कोविड-19 के फैलने से पहले 2019-20 में सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का उल्लेख किया गया था, जिसके दौरान पांच लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। यूओएफए ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि विवादास्पद अधिनियम लागू होने के अगले ही दिन राज्यव्यापी बंद बुलाया जाएगा, जिसके बाद राज्य सचिवालय जनता भवन का *घेराव* किया जाएगा। इसने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन -शेष पृष्ठ दो पर

## हिंद महासागर में भारत नहीं दिखाएगा कोई ताकत : रक्षामंत्री



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए। नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में सोमवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

## उपद्रवियों ने किया चार वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव, टूटे शीशे, मामला दर्ज



**बेंगलुरु।** दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) क्षेत्र से गुजरते समय कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अज्ञात बदमाशों द्वारा चार वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव किया गया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। हालांकि, किसी भी यात्री या कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई, लेकिन एसडब्ल्यूआर के बेंगलुरु डिवीजन में रविवार को हुई इस घटना में ट्रेनों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पथराव की प्रत्येक घटना के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। एसडब्ल्यूआर के अधिकारियों के मुताबिक, पहली घटना सुबह 6.15 बजे हुई जब ट्रेन (संख्या 20661) धारवाड़ वंदे भारत एक्सप्रेस पर चिक्काबनवारा रेलवे स्टेशन से गुजरने के बाद पथराव किया गया। दूसरी घटना दोपहर 3.20 बजे हुई जब -शेष पृष्ठ दो पर

## कर्नाटक विस में लगे पाकिस्तान समर्थन के नारे की बात गृहमंत्री ने स्वीकारी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने स्वीकार किया है कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के नतीजे के बाद राज्य विधानसभा में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए थे। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परमेश्वर ने कहा कि रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए हैं। लोगों ने दो बार नारे लगाए हैं लेकिन प्रयोगशाला की रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि नारे किसने -शेष पृष्ठ दो पर

## मेरा कर्तव्य सभी के सशक्तिकरण के लिए काम करना है : प्रधानमंत्री



**जाजपुर/नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनका कर्तव्य सभी के सशक्तिकरण के लिए काम करना है और ओडिशा के सभी लोग मोदी का परिवार हैं। मोदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ओडिशा के लोग भाजपा का समर्थन करते रहेंगे ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में वह विजयी हो सकें। अपने ओडिशा दौरे पर मोदी ने जाजपुर में भाजपा की रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली में मौजूद भीड़ को पूरब के मूड का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां असंख्य लोगों की उपस्थिति लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 पार सीटों के संकल्प का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि 400 पार का संकल्प भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने वाला है। देश में एक मजबूत और निर्णायक फैसले लेने वाली सरकार फिर बनाने के लिए है। किसान, नौजवान, नारीशक्ति और गरीबों का जीवन बदलने के -शेष पृष्ठ दो पर

## ब्रिटेन में नहीं घुसने देंगे नफरत फैलाने वाले पाकिस्तानी इस्लामिक धर्मगुरु : सुनक



**लंदन।** ब्रिटेन में बढ़ते कट्टरपंथ से परेशान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मुस्लिम धर्म गुरुओं पर नकेस कसने का एलान किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश सरकार ने ऐसा प्लान तैयार किया है जिसके तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के कट्टरपंथी इस्लामिक धर्मगुरु ब्रिटेन नहीं आ सकेंगे। इसके लिए वीजा वॉर्निंग सूची बनाई जा रही है। प्लान के मुताबिक इस सूची में शामिल नामो को ब्रिटेन में एंट्री नहीं मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश सरकार ने इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स की स्टडी के बाद माना है कि देश में कट्टरपंथियों की हरकतें और तादाद हैरान करने वाली है। इसके बाद -शेष पृष्ठ दो पर

*सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों से लेकर जेल के कैदियों तक*

## दस हजार से अधिक लोगों ने असम में कृष्णकांत मुक्त विवि से डिग्री प्राप्त की




**गुवाहाटी।** सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों से लेकर जेल के कैदियों तक, 10,000 से अधिक शिक्षार्थियों ने मंगलवार को यहां कृष्णकांत हैंडिक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (केकेएचएसओयू) के दीक्षांत समारोह में अपनी डिग्री, डिप्लोमा और पीएचडी प्राप्त की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में कुल 10,880 डिग्रियां, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिसमें असम के राज्यपाल और कुलाधिपति गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने भाग लिया। शिक्षार्थियों को 13 पीएचडी सहित कुल 10,880 डिग्रियां, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बयान में कहा गया है कि पुरस्कार पाने वालों में से 49 प्रतिशत महिला शिक्षार्थी थीं, और 28 लोगों को शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। -शेष पृष्ठ दो पर

## संदेशखाली मामले की जांच करेगी सीबीआई : कलकत्ता एचसी



**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली हिंसा मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने ईडी अधिकारियों पर हमला मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। उन्होंने आदेश दिया है कि मामले की जांच सीबीआई करेगी और आज मंगलवार शाम तक शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले करने को कहा है। सारे दस्तावेज भी सीबीआई के हवाले करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। बनगांव और नजात थाने में दर्ज तीन प्राथमिकी की जांच सीबीआई करेगी जो पूरी तरह से ईडी अधिकारियों पर हमला मामले से -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# बंगाल में केंद्रीय एजेंसी के जरिए लोस चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखेगा ईसी

**कोलकाता ( हि.स. )।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए केंद्रीय एजेंसी का सहारा लेने जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कई केंद्रीय एजेंसियों का एक संयुक्त पोर्टल बनाने की घोषणा की। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार शाम को मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल पहुंची चुनाव आयोग की टीम ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कांफ्रेंस की। इसके पहले आयोग ने 22 केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठक की। आयोग ने राज्य के राजनीतिक दलों के साथ सर्वदलीय बैठक भी की। बैठक में तृणमूल समेत कुल आठ पार्टियां थीं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में उन सभी शिकायतों का जिक्र किया जो राजनीतिक दलों ने बैठक में उठाया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि धनबल के साथ-साथ बाहुबल के इस्तेमाल की भी शिकायतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि नौकरशाही निष्पक्षता से मतदान नहीं कराती है, इसकी शिकायत उन्हें सौंपी गई है। आयोग ने कहा कि वे मतदान से पहले और मतदान के बाद की हिंसा को रोकने की कोशिश करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि एक को छोड़कर सभी पार्टियों ने अतिरिक्त केंद्रीय बलों की मांग की है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियां भी चुनाव में कालेधन और अवैध धन लेनदेन पर नजर रखेंगी। राजीव कुमार ने बताया कि इस बार राज्य में 80 हजार से ज्यादा बूथों पर वोटिंग होगी। इस बार नए मतदाताओं की संख्या 15 लाख 25 हजार है। उन्होंने कहा कि राज्य के कम से कम 50 फीसदी बूथों पर निगरानी के लिए सीधी *वेब कास्टिंग* की जाएगी। आम नागरिकों को भी चुनाव से जुड़ी कोई शिकायत मिले तो वे सिविल ऐप के जरिए शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बंगाल का 14वां पर्व बताते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि लोग उत्सव के मूड में मतदान करें।

*फिर बदले राष्ट्रपति मुइज्जू के सुर, बोले-*

# मालदीव में नहीं रहेगा कोई भारतीय सैनिक, सादे कपड़ों में भी नहीं

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के चीन के उकसाने कारण एक बार फिर भारत को लेकर सुर बदले नजर आ रहे है। मुइज्जू ने भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी। एक समाचार पोर्टल *एडीशन डॉट एमवी* ने बताया कि उन्होंने बाद द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। पोर्टल ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा कि यह कहना कि ये लोग ( भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा कि 10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, पिछले महीने दो फरवरी को दोनों पक्षों के बीच दिल्ली में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा। पांच फरवरी को संसद में दिए अपने पहले संबोधन में भी मुइज्जू ने ऐसी ही टिप्पणियां की थीं।

# लोस चुनाव में काला धन को रोकने की आयकर विभाग की तैयारी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** आसन्न लोकसभा चुनाव में काले धन का उपयोग रोकने के लिए आयकर विभाग के पूर्वोत्तर क्षेत्र के इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टरेट द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। चौबीसों घंटे इसकी *मॉनीटरिंग* के लिए *कंट्रोल रूम कम कंप्लेंट मॉनिटरिंग सेल, रैपिड एक्शन टीम* आदि प्रदेश मुख्यालय में तैयार की जा रही है। वहीं, जिला मुख्यालयों में *डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग टीम* सभी हवाई अड्डों पर *एयर इंटेलिजेंस यूनिट* आदि तैनात किये जा रहे हैं। गलत तरीके से धन के प्रयोग से संबंधित शिकायतों के लिए आयकर विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800 345 3596 तथा व्हाट्सएप नंबर 94314 60373 जारी किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए गाइडलाइनों के अनुसार आयकर विभाग चुनाव में काले धन के उपयोग को लेकर पूरी तरह सख्ती बरत रहा है।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों की लोक सेवक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की टीम ने रिश्वत लेते एक लोक सेवक को आज गिरफ्तार किया है। निदेशालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सिलचर विकास प्राधिकरण के कार्यालय के फील्ड सर्वेक्षक अभिजीत कर ने रिश्वत की मांग की है। शिकायतकर्ता को उसके घर के निर्माण को नियमित करने के लिए एनओसी जारी करने की खातिर शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई। रिश्वत देने के इच्छुक नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने उपरोक्त लोक सेवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए निदेशालय से संपर्क किया। शिकायत प्राप्त होने के बाद आज निदेशालय की एक टीम द्वारा सिलचर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में जाल बिछाया गया। अभिजीत कर को कार्यालय में रुपए लेते ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया। शिकायतकर्ता से मांगी गई रिश्वत के हिस्से के रूप में 15 हजार रुपए रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसे जब्त कर लिया गया। लोक सेवक के शरीर की तलाशी के दौरान उसके पहने हुए पतलून की जेब से 38 हजार पांच सौ रुपए बरामद किए गए और स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में उसे भी जब्त कर लिया गया। इसके अलावा, सिलचर शहर में स्थित लोक सेवक के घर की तलाशी के दौरान 12 लाख 60 हजार 890 रुपए बरामद कर स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर लिया गया।

# सीएम कई परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के सर्वांगीण विकास के प्रयास के रूप में शुरू की गई *विकास यात्रा* के तहत मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और राज्य के कई मंत्री आज कई करोड़ रुपए की लागत से बंगाईगांव, दरंग, चिरांग, बजाली, जोरहाट और मोरीगांव जिलों में कई परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे।

CONSULTATION WITH APOLLO EXPERTS
Apollo HOSPITALS
CARDIOTHORACIC VASCULAR SURGEON
DR AJAY NARASIMHAN
MBBS, MCh, MS
Visiting GUWAHATI on 16th March'2024
Patients Suffering from Lung Cancer,Tuberculosis,Bronchiectasis, Aspergilloma homopysis Coughing blood mediastinal mass, Thymoma, Cough, Cough with sputum, Coughing blood, Dry cough, Breathlesness, noisy breathing lump in the chest ect can register their names in advance at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

## पृष्ठ एक का शेष

### चुनाव आयोग का...

भी प्रकार के सरोगेट या अप्रत्यक्ष उल्लंघन के प्रति आगाह करते हुए आदर्श आचार संहिता और कानूनी ढांचे का पालन करने का आग्रह किया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 के तहत नामित स्टार प्रचारक महत्वपूर्ण राजनीतिक रैलियों में भाषण देने के लिए जिम्मेदार हैं। अधिनियम द्वारा दिए गए विशेषाधिकारों का आनंद लेते हुए, उनसे रचनात्मक और उद्देश्यपूर्ण बातचीत सुनिश्चित करते हुए, चुनाव अभियानों के दौरान उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। ईसीआई की असम यात्रा और उसके सक्रिय कदम राष्ट्र के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

### सीएम ने बोहाग ...

संख्या 2,43,02,460 है, पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,22,12,483 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,20,89,569 है और तीसरे लिंग के मतदाताओं की संख्या 408 है। कुल मिलाकर 1,90,77 मतदाताओं की वृद्धि हुई है (0.8 फीसदी) राज्य में। राज्य भर के सभी 28,645 मतदान केंद्रों पर फोटोयुक्त मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है और सूची को असम के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के साथ भी साझा किया गया है। बतादें कि परिसीमन के बाद राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संखया भी 28,205 से बढ़कर 28,645 हो गई है। मतदाता सूची में लिंग अनुपात 1000 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 990 पाया गया है, जबकि राज्य की जनसंख्या लिंग अनुपात 958 है। नामावली के अनुसार मतदाता- जनसंख्या (ईपी) अनुपात 637 है। प्रकाशित मतदाता में फोटो कवरेज रोल 99.59 फीसदी है और इंपीआईसी कवरेज 99.99 फीसदी है। भाजपा ने पिछले हफ्ते 11 उम्मीदवारों की सूची घोषित की थी. केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, जो राज्यसभा सांसद हैं, को केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री, श्रम रामेश्वर तेली को हटाकर डिब्रूगढ़ से मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस के गौरव गोगोई अपना निर्वाचन क्षेत्र नागांव स्थानांतरित करना चाह रहे हैं। गोगोई के लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र कोलियाबोर का अस्तित्व समाप्त हो गया और एक नया निर्वाचन क्षेत्र काजीरंगा बनाया गया। असम में भाजपा 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसने दो सीटें असम गण परिषद और एक सीट यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के लिए छोड़ी है। अगप धुबरी और बारपेटा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यूयूपीएल कोकराझार में अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा। गुवाहाटी संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने सांसद क्वीन ओजा का टिकट काटकर नया चेहरा बिजुली कलिता मेधी को मैदान में उतारा है। मेधी असम भाजपा के उपाध्यक्ष हैं, गुवाहाटी नगर निगम के डिप्टी मेयर और राज्य में पार्टी की महिला विंग की पूर्व अध्यक्ष थीं। पूर्व कांग्रेस नेता सुरेश बोरा को भाजपा ने नगांव सीट से मैदान में उतारा है। लगभग 25 वर्षों के बाद 2019 में कांग्रेस नेता बरदलै ने सीटें छीन लीं। इस सीट की पहचान असम में भाजपा के गढ़ के तौर पर होती है। बोरा कांग्रेस के नगांव जिला अध्यक्ष थे। गौरव गोगोई और प्रद्युत बरदलै दोनों ही इस सीट से टिकट पाने की फिराक में हैं। गौरव ने कम से कम तीन निर्वाचन क्षेत्रों से लोकसभआ टिकट के लिए आवेदन किया है। तीनों सांसदों समेत कुल 83 कांग्रेस नेताओं ने असम की 14 सीटों के लिए पार्टी से टिकट मांगा है। हाल ही में हुए परिसीमन अभ्यास के बाद अपना निर्वाचन क्षेत्र हारने वाले गोगोई ने नगांव, काजीरंगा और जोरहाट सीटों से टिकट मांगा है। भाजपा ने असम के उत्पाद शुल्क, परिवहन और मत्स्य पालन मंत्री परिमल शुक्लवैद्य को सिलचर सीट से मैदान में उतारा है। उन्होंने सांसद राजदीप रॉय का स्थान लिया। परिसीमन प्रक्रिया के बाद सिलचर निर्वाचन क्षेत्र को अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। शुक्लाबैद्य धोलाई से विधायक हैं। पार्टी इकाई के अध्यक्ष और मंत्री, रंजीत दत्ता को शोणितपुर सीट से मैदान में उतारा गया है, वह लोकसभा में पदार्षण कर रहे हैं। परिसीमन के बाद तेजपुर सीट शोणितपुर बन गई है और इस पर भाजपा सांसद पल्लव लोचन दास का कब्जा है। भाजपा ने डीफू (एसटी) के लिए आंगलोंग स्वायत्त परिषद के कार्यकारी सदस्य अमरसिंग टिसो को मैदान में उतारा है, जिसका प्रतिनिधित्व पार्टी के होरेन सिंग बे कर रहे हैं। इस सीट का नाम बदलकर स्वायत्त जिला (51) कर दिया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने हाल ही में कहा कि भाजपा को अब तक असम में 14 में से 11 सीटें जीतने का भरोसा है। बाकी तीन सीटों पर मुकाबला होगा...। 2019 में भाजपा ने 10 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि अगप (अगप) ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके तत्कालीन सहयोगी बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने एक सीट पर चुनाव लड़ा। 2019 के संसदीय चुनावों में असम में भाजपा की सीटें 2014 की सात से बढ़कर 209 में नौ हो गईं, पूरे पूर्वोत्तर भारत में भाजपा ने, जिसने पिछले संसदीय चुनाव में आठ सीटें जीती थीं, 2019 में सीटों की संख्या बढ़कर 14 हो गईं। सहयोगियों के साथ मिलकर, भाजपा ने 18 सीटें जीतीं 25 सीटों में से, इस क्षेत्र में भगवा पार्टी का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन। जबकि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने एक सीट जीती, असम में एक सीट निर्दलीय ने जीती। अगप का खाता खाली रहा। कांग्रेस पार्टी ने तीन सीटें छीन लीं।

### लोस चुनाव : 14-15 को...

दल भी अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा ने हाल ही में 195 सीट पर अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। वहीं आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। चुनाव की घोषणा से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों के दौरे पर हैं। पीएम 10 दिन में 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पीएम मोदी इस दौरान तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 5 मार्च से लगातार 13 मार्च तक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। साथ ही जनसभा को संबोधित करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि पीएम के दौरे खत्म होने के बाद चुनाव आयोग कभी भी चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। 2019 में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में हुए थे और वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी। 2019 में वोटर लिस्ट में 90 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे, जबकि 2014 के आम चुनाव में 81 करोड़ 45 लाख मतदाता थे। वहीं, इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। लोकसभा के साथ-साथ 2019 में अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। विधानसभा चुनाव के नतीजे भी लोकसभा के परिणाम के साथ घोषित किए गए थे। 2019 में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 11 अप्रैल को हुआ था। पहले चरण में कुल 20 राज्यों के 91 लोकसभा या संसदीय क्षेत्रों में वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण का मतदान 18 अप्रैल को हुआ था। इस दौरान 13 राज्यों की कुल 97 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। तीसरे चरण के लिए 23 अप्रैल को 14 राज्यों की कुल 115 सीटों पर वोटिंग हुई थी। लोकसभा चुनाव 2019 के चुनाव में चौथे चरण का मतदान 29 अप्रैल को निर्धारित था। इस दौरान मतदाताओं ने 9 राज्यों के कुल 71 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वहीं, पांचवें चरण के लिए 6 मई को 7 राज्यों की 51 सीटों पर वोटिंग हुई, जबकि छठे चरण में 6 राज्यों की 59 सीटों के लिए 12 मई को वोटिंग हुई। सातवें और आखिरी चरण के लिए 2019 में 8 राज्यों की 59 सीटों पर 8 राज्यों में मतदान हुआ था।

### लोस चुनाव के बाद...

के बाद यहां उपस्थित होना होगा। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदर और असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को जारी समन प्रक्रिया की *शुरुआत* है। मुख्यमंत्री जनवरी में यात्रा के दौरान शहर के अंदर मुख्य सड़कों से गुजरने की कोशिश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेड तोड़ने पर गुवाहाटी पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले का जिक्र कर रहे थे। शुरुआती नोटिस सिकदर और पार्टी के गुवाहाटी शहर के महासचिव रमेन कुमार शर्मा को जारी किए गए थे और उन दोनों से पुलिस पहले ही पूछताछ कर चुकी है। बाद में राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया और बोरा को भी समन भेजा गया लेकिन वे दोनों निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमने दोनों को दूसरी बार नोटिस जारी किया है। सैकिया को 6 मार्च को हमारे सामने पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि बोरा को 7 मार्च को आने के लिए कहा गया है।

### सीएए : राज्य के विपक्षी ...

भी सौंपा था, जिसमें कहा गया था कि अगर सीएए को रद्द नहीं किया गया तो वे राज्य भर में *लोकतांत्रिक जन आंदोलन* करेंगे। अन्य संगठनों ने भी घोषणा की है कि वे अधिनियम को निरस्त करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। ऑल-असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू) और 30 अन्य समूहों ने कई कार्यक्रमों की घोषणा की है, जिसमें पीएम की निर्धारित यात्रा के दौरान 9 मार्च को सभी जिलों में 12 घंटे का उपवास भी शामिल है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा ने सीएए का विरोध करने वालों से आंदोलन करने के बजाय अपनी शिकायत के निवारण के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। जब सीएए के नियम अधिसूचित हो जाएंगे, तो मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित हिंदू, सिख, जैन, बॉद्ध, पारसी और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देना शुरू कर देगी, जो 31 दिसंबर 2014 तक देश में प्रवेश कर चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीएए नियमों को लोकसभा चुनाव से पहले अधिसूचित और लागू किया जाएगा।

### हिंदुओं के बारे में ...

दिनों से वे हिंदुओं के खिलाफ बोलते-बोलते हिंदू की परिभाषा भूल गए हैं। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद ने शनिवार को महागठबंध की जन विश्वास रैली को संबोधित करते पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी आजकल परिवारवाद का जिक्र कर रहे हैं। आपके पास परिवार नहीं है। आप हिंदू भी नहीं हैं। वहीं, लालू प्रसाद के इस बयान पर पीएम मोदी ने तेलंगाना के अदिलाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि मेरे परिवार को लेकर मेरे ऊपर निशाना साधा गया। लेकिन, अब पूरा देश बोल रहा है कि मैं हूं मोदी का परिवार। पीएम मोदी के बयान के बाद भाजपा नेताओं ने मुहिम चलाकर खुद को *मोदी का परिवार* कहना शुरू कर दिया है।

### गठबंधन को लेकर ...

की कोकराझाड़ सीट पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, आज कोकराझाड़ में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीपीएफ प्रमुख हग्रामा महिलारी ने कहा कि वे बोडोलैंड की दो सीटें- कोकराझाड़ और दरंग-उदालगुड़ी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों ही सीटों पर उनके उम्मीदवारों की जीत निश्चित है और उनके सांसद केंद्र में नई बनने वाली सरकार में केंद्रीय मंत्री भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि बोडोलैंड के बाहर भी उनकी अच्छी स्थिति है। पार्टी विचार कर रही है कि बोडोलैंड के बाहर की सीटों को लेकर क्या किया जाए। उल्लेखनीय है कि बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) में बीपीएफ के साथ गठबंधन तोड़कर पिछले चुनाव में भाजपा ने यूपीपीएल के साथ गठबंधन किया था। यूपीपीएल के नेता प्रमोद बोड़ो बीटीसी के मुख्य कार्यकारी सदस्य पद पर आसीन हैं। बावजूद इसके बीपीएफ के साथ भाजपा का असम विधानसभा और लोकसभा में समझौता है। यही वजह है कि गठबंधन नहीं होते हुए भी बीपीएफ बोडोलैंड के बाहर भाजपा गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन कर सकती है। देखना यह है कि चुनाव आने तक स्थितियां क्या रुख अख्तियार करती हैं।

### उपद्रवियों ने किया...

ट्रेन (नंबर 20662) धारवाड़ से बेंगलुरु सिटी जंक्शन के लिए चल रही थी। तीसरी घटना शाम 4.30 बजे की है जब मैसूर जंक्शन से चेन्नई सेंट्रल जाने वाली ट्रेन (संख्या 20608) पर आंध्र प्रदेश के कुप्पम स्टेशन से पहले पथराव किया गया। चौथी घटना रात 8 बजे हुई, जब ट्रेन (नंबर 20704) आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के धर्मावरम जंक्शन के पास से गुजरी। एसडब्ल्यूआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं और दोषियों को पकड़ने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल ट्रेनों पर पथराव की ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बेंगलुरु डिवीजन में संवेदनशील स्थानों और खंडों पर गश्त कर रहा है।

### कर्नाटक विस में लगे ...

लगाए हैं। तीन लोगों की मामले में पहचान की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। गृहमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस सरकार की शर्मिंदगी का विषय नहीं है। ऐसे नारे लगाने के लिए उन्हें पार्टी ने नहीं कहा। सरकार कानून का अनुपालन करेगी। कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की गलती पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस उम्मीदवार नसीर हुसैन की राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी के मामले में बेंगलुरु पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान हावेरी जिले के बयादागी के मोहम्मद नशीपुडी, बेंगलुरु के जयमहल इलाके के मुन्नवर अहमद और मोहम्मद इल्ताज के रूप में हुई।

### मेरा कर्तव्य सभी ...

लिए है। उन्होंने कहा कि इसमें पूर्वी भारत, ओडिशा की बड़ी भूमिका रहने वाली है। ओडिशा में विकास की संभावनाओं पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में ओडिशा में अभूतपूर्व निवेश किया गया है और हमारा लक्ष्य ओडिशा को आत्मनिर्भर और विकसित भारत का प्रवेश द्वार बनाना है। उन्होंने कहा कि हम कई पेट्रोकेमिकल और पॉलिएस्टर-आधारित उद्योगों के साथ ओडिशा में एक औद्योगिक आधार के विकास को सक्षम कर रहे हैं। 2014 से पहले ओडिशा की स्थिति के बारे में विस्तार से बताते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले के वर्षों में कांग्रेस और उसके साथियों का पूरा ध्यान केवल अपनी तिजौरी में नोट भरने में लगा रहा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जो कांग्रेस सरकार कोयला लूटकर खा जाए, वो गरीबों को मुफ्त खाना खिलाने के बारे में कैसे सोचती? जो कांग्रेस सरकार भर्तियों में घोटाला कर दे वो देश के नौजवानों को कैसे नौकरी देती? उन्होंने कहा कि जब भी कोई गरीब व्यक्ति, दलित और आदिवासी, कांग्रेस से मदद मांगता था, कांग्रेस हमेशा उनसे गारंटी मांगती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में बड़ा बदलाव आया और वह स्वयं (मोदी) गरीब जनता की गारंटी बन गए। उन्होंने इसके लिए बिना गारंटी मुद्रा लोन का उल्लेख करते हुए कहा कि चाहे पीएम विश्वकर्मा योजना हो या पीएम जनमन योजना, मोदी की गारंटी वहीं से शुरू हुई जहां बाकी सभी गारंटी खत्म होती थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य बिजली उत्पादन और प्रावधान में आत्मनिर्भरता की सुविधा प्रदान करना है, जिसका लक्ष्य सभी को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देना है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य और देश दोनों में छत पर सौर प्रणाली के विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी विभिन्न योजनाओं का लक्ष्य एक समृद्ध व्यक्ति और परिवारों को सक्षम बनाना है जो *विकसित भारत* का निर्माण करेंगे। भारत के विकास में बाधाएं पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन पर अफसोस जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के सदस्य भारत के विकास में बाधा बन गए हैं, जिसका आदर्श वाक्य परिवार प्रथम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि इस सिद्धांत ने पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सक्षम बनाया है और यह भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में भी सक्षम बनाएगा।

### हिंद महासागर में ...

प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था। नए भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है।

### ब्रिटेन में नहीं घुसने ...

इस तरह के लोगों पर लगाम कसने का फैसला किया गया। इसके तहत दूसरे देशों से आने वाले कट्टरपंथियों की एंट्री रोकने के उपायों पर विचार किया गया। इसके तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों से आने वाले कट्टरपंथी धर्मगुरुओं की एंट्री पर रोक का फैसला किया गया, ताकि ब्रिटेन आकर ये लोग भड़काउ बयानबाजी न कर सकें। इसके लिए एक लिस्ट तैयार की गई है। इसमें इस तरह के कट्टरपंथियों के नाम होंगे। जैसे ही ये लोग ब्रिटिश वीजा के लिए आवेदन करेंगे उनका नाम कंप्यूटर प्रोग्राम क्रॉस चेक करेगा। अगर वो बैन लिस्ट में शामिल निकला तो उन्हें एंट्री नहीं मिलेगी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्त आ चुका है जब हमें बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा। ये हमारे देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। हाल ही में ब्रिटिश सरकार के सलाहकार लॉर्ड वाल्ने ने एक रिपोर्ट में कहा था कि वामपंथी और कट्टरपंथी गुट इस्लामिक गुटों से हाथ मिला चुके हैं और ये ब्रिटेन के लिए खतरा पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। टेलिग्राफ से बातचीत में वाल्ने ने यह बात मानी भी थी कि वामपंथी और इस्लामिक कट्टरपंथी अब साझा खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने फिलिस्तीन समर्थकों की रैलियों को भी जिक्र किया था।

### दस हजार से ...

डिग्री प्राप्त करने वालों में दो सबसे बड़े शिक्षार्थी, चंद्र प्रभा महंत, 75 वर्षीय महिला, जिन्होंने स्नातक की उपाधि प्राप्त की, और 72 वर्षीय महेंद्र भुइयां, जिन्होंने स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। बयान में कहा गया है कि राज्य की विभिन्न जेलों के कुल सात कैदियों ने भी विश्वविद्यालय से अपने संबंधित शैक्षणिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जिनमें से गुवाहाटी सेंट्रल जेल में सेवारत एक कैदी दीक्षांत समारोह में अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित था। इस अवसर पर कटारिया ने राज्य में उच्च शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए केकेएचएसओयू की सराहना की। उन्होंने बताया कि केकेएचएसओयू असम में उच्च शिक्षा में कुल नामांकन में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है। राज्यपाल ने *बाधाओं से परे शिक्षा* के अपने आदर्श वाक्य को पूरा करते हुए राज्य की महिला आबादी के एक बड़े हिस्से को शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर यादव ने अपने भाषण में जुलाई 2023 के शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली को अपने पाठ्यक्रम के ढांचे में शामिल करने पर जोर दिया। खुली और दूरस्थ शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली ने संसाधनों, स्थिति और लागत के मामले में बाधाओं को तोड़ दिया है।

### संदेशखाली मामले की...

संबंधित है। दरअसल, पांच जनवरी को राशन वितरण भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की टीम शेख शाहजहां के घर छापेमारी करने पहुंची थी, जहां एकत्रित हुए हजारों लोगों ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में शाहजहां को मुख्य आरोपित बनाकर दावा किया था कि उसी के कहने पर लोगों ने हमले किए थे। उसके बाद से शाहजहां फरार हो गया था। आखिरकार 55 दिनों बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने कलकत्ता हाई कोर्ट के सख्त रुख अख्तियार करने के बाद उसे गिरफ्तार किया था। मुख्य न्यायाधीश की पीठ में याचिका लगाकर ईडी ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी, जिस पर सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई थी लेकिन आज फैसला आया है।

### कर्नाटक सरकार को ...

बेंगलुरु पुलिस आयुक्त को निशाना बनाया जाएगा। ईमेल शाहिद खान नाम के शख्स ने भेजा था। इसके साथ ही धमकी में कहा गया है कि बसों, ट्रेनों, मंदिरों, होटलों और यहां तक कि अम्बारी उत्सव में भी बम प्लांट कर दिए गए हैं। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद अधिकारी हरकत में आए हैं। साइबर क्राइम स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर को एक अलग धमकी मिली है। इससे स्थिति और गंभीर हो गई है। बैंगलोर साइबर क्राइम पुलिस की एक टीम को इस मामले की जांच में लगाया गया है। पूरे कर्नाटक में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### महाशिवरात्रि उत्सव के ...

खींचा है। हादसे में 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी महाशिवरात्रि विशेष तीर्थ यात्रा पर निकले थे। इन्हें द्वीप के हिंदू समुदाय द्वारा पवित्र माने जानी वाली ग्रैंड बेसिन झील जाना था। यहां डुबकी लगाने के बाद 8 मार्च को महाशिवरात्रि की पूजा होना थी। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया है। जयशंकर ने एक्स पर इस घटना को लेकर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के बारे में सुनकर सकते में हूं और वह उन सभी लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं जो इस दुर्भाग्यपूर्ण आग के कारण मारे गए या प्रभावित हुए। बता दें कि मॉरीशस में हिंदू समुदाय सबसे बड़ा है और वहां की 48.5 फीसदी से ज्यादा आबादी हिंदू है।





## मणिपुर हिंसा के कारण मिजोरम में ड्रग्स का कारोबार बढ़ा : मंत्री

**एजल ( हिंस )।** मिजोरम के आबकारी आदि मामलों के मंत्री लालंगहिंग्लोवा मार ने कहा है कि मणिपुर में जारी हिंसा के कारण मिजोरम में ड्रग्स की आवाजाही बढ़ी है। आबकारी मंत्री आज मिजोरम विधानसभा के चालू बजट सत्र में ड्रग्स के कारोबार से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दूसरे देश से मणिपुर और त्रिपुरा के तस्कर मिजोरम के रास्ते ड्रग्स लेकर आवाजाही करते हैं, जिस कारण मिजोरम में ड्रग्स के कारोबार में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष 3 मई से शुरू हुए मणिपुर में हिंसा के बाद से मिजोरम में ड्रग्स की आवाजाही में काफी तेजी आयी है। उन्होंने बताया कि बीते 1 जनवरी से लेकर अब तक मिजोरम में 15 किलोग्राम हेरोइन, 96.5 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट तथा 238.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

# ग्यारह लोस सीटों पर विपक्षी गठबंधन का समर्थन करेगी एआईयूडीएफ

### तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी एआईयूडीएफ

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मौलाना बदरुद्दीन अजमल की पार्टी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने राज्य के कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवारों को राज्य की 11 लोकसभा की सीटों पर समर्थन देने की घोषणा की है। जबकि, धुबड़ी, नगांव तथा करीमगंज सीट पर एआईयूडीएफ अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। पार्टी के वरिष्ठ विधायक अमीनुल इस्लाम ने आज मीडिया को बताया कि पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने तथा 11 सीटों पर विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करने का निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार धुबड़ी सीट पर जहां पार्टी के वर्तमान सांसद तथा प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल चुनाव लड़ेंगे। वहीं, नगांव सीट पर पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा धिंग के विधायक अमीनुल इस्लाम एवं करीमगंज सीट पर डॉ. केएम बहारूल इस्लाम चुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि एआईयूडीएफ तथा कांग्रेस पार्टी शुरू से ही एक दूसरे के विरुद्ध तीखी बयान बाजी करती रही है। लेकिन, यह बयानबाजी सिर्फ लोगों को दिखाने तक ही सिमटी दिख रही है। आखिरकार एआईयूडीएफ द्वारा कांग्रेस तथा इसके सहयोगी दलों के उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा कर ही दी गई है। माना जा रहा है कि नगांव सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रद्युत बरदलै को एआईयूडीएफ उम्मीदवार अमीनुल इस्लाम के कड़े मुकाबला कि सामना करना पड़ सकता है। बीते चुनाव में गौरव गोगोई के पक्ष में कलियाबर से एआईयूडीएफ द्वारा अपना उम्मीदवार नहीं उतर गया था, जिस कारण गौरव गोगोई की जीत आसान हुई थी। देखना यह है कि चुनाव आते-आते राज्य की राजनीति क्या रुख लेती है।

# मुख्य सचिव ने 61 अभ्यर्थियों को सौंपे विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र




**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार बहुप्रतीक्षित एक लाख नियुक्तियां करने के लक्ष्य की ओर आज एक और कदम आगे बढ़ गई है। मंगलवार को राज्य के मुख्य सचिव पवन कुमार बोरठाकुर ने परिवर्तन, विकास विभाग और फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय के कुल 61 उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे। गुवाहाटी के खानापारा स्थित असम प्रशासनिक अधिकारी कॉलेज में आज आयोजित एक समारोह में मुख्य सचिव ने परिवर्तन एवं विकास विभाग के कनिष्ठ विकास अधिकारी पद के लिए 21 व्यक्तियों को, सांख्यिकी निरीक्षक के पद के लिए चार और फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय में वैज्ञानिक सहायक के पद के लिए 36 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्य सचिव ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उन्हें एकाग्रता, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा करने और जीवन को एक चुनौती के रूप में लेकर अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर विषय पर ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इसके लिए काफी पढ़ाई करनी होगी। इस अवसर पर परिवर्तन एवं विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव बिश्वरंजन सामल, गृह एवं राजनीतिक विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अविनाश जोशी, परिवर्तन एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव एम आरिज अहमद, आयुक्त सचिव दीपिमा बी. मालाकार, फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय के निदेशक डॉ. तिलक दास और विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बालीपाड़ा में पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की मांग, विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**शोणितपुर ( हिंस )।** शोणितपुर जिलांतर्गत बालीपाड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधार्थ पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर आज 15 संगठनों ने रंगिया रेलवे संमडल प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। बालीपाड़ी के आम लोगों और संगठनों ने कहा कि रेलवे द्वारा गुवाहाटी तक सफर करने के लिए बालीपाड़ा से सड़क मार्ग द्वारा रंगापाड़ा रेलवे स्टेशन तक जाना होता है। सड़क मार्ग से रंगापाड़ा तक जाने के दौरान विशेष कर सबसे अधिक रात्रि के समय सड़क पर जंगली हाथियों के आने को लेकर जान का जोखिम बना रहता है। लोगों ने कहा कि गुवाहाटी के लिए रंगापाड़ा स्टेशन से डोनी पोलो और लाचित एक्सप्रेस ट्रेन को पकड़ाना होता है। संगठनों ने कहा कि बालीपाड़ा, चारद्वार, भालुकपुंग, लोखरा, बारह माइल, अट्ठारह माईल, एरा गांव, खेलमाटी, आदाबाड़ी आदि कई इलाकों के यात्रियों की लंबे समय से यह मांग रही है कि बालीपाड़ा रेलवे स्टेशन पर विशेष कर रात के समय पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होना चाहिए। इसी कड़ी में आज बालीपाड़ा के विभिन्न संगठनों, जिसमें आसू, आब्सू, असम सेना, आटसा, आक्रासू, उन्नति सभा, गारो फेडरेशन, निशी एलाईड सोसायटी, बालीपाडा प्रेस क्लब, उन्नयन समिति और बालीपाड़ा मार्चेन्ट एसोशिएशन शामिल हैं। बालीपाड़ा में रात के समय पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर आज एक ज्ञापन सौंपा गया। वहीं, लोगों ने कहा कि बालीपाड़ा रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए सडक की हालत बेहद खस्ता है। रात के समय सड़क किनारे की स्ट्रीट लाइट सभी नहीं जलती है, जिसके चलते पैदल यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## सीएए का अजायुछाप ने किया विरोध

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिलांतर्गत कलियाबोर में असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद (अजायुछाप) ने पूरे प्रदेश के साथ ही कलियाबोर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरुद्ध आज विरोध प्रदर्शन किया। अजायुछाप ने कहा कि हम डीजीपी जीपी सिंह की बर्बरता को स्वीकार नहीं करते हैं। असम पुलिस के विरोध में कलियाबोर में जमकर नारेबाजी की गई। सीएए को रद्द करने की मांग को लेकर कलियाबोर की सड़कों पर अजायुछाप ने विरोध रैली निकाली। अजायुछाप नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को निरस्त करने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है।

# वित्त मंत्री ने जोरहाट जिले में 116 योजनाओं का किया उद्घाटन




**जोरहाट ( हिंस )।** असम के वित्त, महिला एवं बाल विकास मंत्री अजंता निओग ने टियक में 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास संबंधी योजनाओं की शुरुआत की। मंत्री ने कालियापानी में बनने वाले सौ बिस्तरों वाले अस्पताल का शिलान्यास भी किया। जोरहाट जिले में टियक के जगदुआ गायन गांव के बिष्णु ज्योति कलामंडल के सभागार में मंगलवार को एक बैठक हुई। बैठक में वित्त, महिला एवं बाल विकास मंत्री और जोरहाट जिले की अभिभावक मंत्री अजंता निओग शामिल हुईं। बैठक में मंत्री ने जोरहाट जिले के लिए एक हजार 66 करोड़ रुपए की 116 योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें सभास्थल से चाय बागान क्षेत्र के लिए 73 एम्बुलेंस, जोरहाट शहर में एक और फ्लाईओवर, ऐतिहासिक जोरहाट शहर के क्लब रोड की विकास योजना शामिल है। इससे पहले गयान गांव के सभास्थल पर मंत्री ने कालियापानी में बनने वाले सौ बिस्तरों वाले अस्पताल का शिलान्यास किया। इस दौरान मोरियानी से विधायक रूपज्योति कुर्मी ने सभास्थल के पास नवनिर्मित गायन गांव की जलापूर्ति योजना का शुभारंभ किया। विधायक कुर्मी ने जोरहाट जिले के लिए कई योजनाएं देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को धन्यवाद दिया। बैठक में जोरहाट से विधायक हितेंद्र नाथ गोस्वामी, देवगांव निर्वाचन क्षेत्र के विधायक भबेंद्र नाथ भराली, मोरियानी के विधायक रूपज्योति कुर्मी, असम गण परिषद (अगप) की केंद्रीय समिति के सचिव विकास सैकिया, अगप नेता सौरभ प्राण बोरा, जिला शहरी विकास अधिकारी प्रणव कुमार बोरा और कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# त्रिपुरा सरकार ने कर्मचारियों का बढ़ाया 5 फीसदी महंगाई भत्ता

**अगरतला ( हिंस )।** त्रिपुरा की प्रो. डॉ. मानिक साहा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को मिल रहे महंगाई भत्ते में पांच फीसदी का आज इजाफा किया गया है। इस आशय की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. साहा ने त्रिपुरा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज सदन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों को बीते 1 जनवरी से दिया जाएगा। राज्य सरकार का इस पर 500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च होगा। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता पेंशनभोगियों पर भी लागू होगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद त्रिपुरा के एक लाख छह हजार सरकारी कर्मचारियों तथा 82 हजार पेंशनभोगियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा ही अपने कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है।

# कामरूप ( मेट्रो ) जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित




**गुवाहाटी ( हिंस )।** जिला आयुक्त सुमित सत्तावन की अध्यक्षता में आज जिला आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में कामरूप (मेट्रो) जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में पिछले साल फरवरी में हुए हादसों पर चर्चा की गई। जिला आयुक्त ने पुलिस और परिवहन विभाग को वही कदम उठाने का निर्देश दिया जो दुर्घटनाओं की कुल संख्या को कम करने के लिए अंग्रेजी नव वर्ष के दौरान किया गया था। बैठक में शहर के भीतर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बार-बार होने वाले हादसों पर भी चर्चा की गई। जिला आयुक्त ने देखा कि सड़क व्यापारियों द्वारा फुटपाथों के अतिक्रमण के कारण मुख्य सड़क पर आम जनता के चलने के कारण कई बार दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने गुवाहाटी नगर निगम को फुटपाथों से दुकानों को हटाने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क व्यवसाय के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित करने का आह्वान किया, ताकि अब तक खुले फुटपाथों पर नए व्यापारी न बैठें। बैठक में जिला विकास आयुक्त पारिजात भुइयां, गुवाहाटी पुलिस की यातायात शाखा के उपायुक्त जयंत सारथी बोरा, सहायक परिवहन आयुक्त एवं अतिरिक्त प्रभारी कामरूप (मेट्रो) जिला परिवहन अधिकारी गौतम दास और सड़क सुरक्षा में शामिल विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में जिला आयुक्त ने गुवाहाटी पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात की।

## विस में प्रतिपक्ष के नेता सैकिया को सीआईडी का समन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा असम विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता देवब्रत सैकिया को बुधवार को सीआईडी कार्यालय में बुलाया गया है। सैकिया को भेजे गए समन के अनुसार उन्हें सुबह 11 बजे राजधानी के उल्लुबाड़ी स्थित सीआईडी कार्यालय में उपस्थित होना होगा। इससे पूर्व भी सैकिया जोरहाट थाने में हाजिरी दे चुके हैं।

# रंगिया: उदियाना के पास सड़क दुर्घटना




**रंगिया ( विभास )।** रंगिया उदियाना के पास 27 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को फिर एक सड़क दुर्घटना देखी गई। घटना के अनुसार नलबाड़ी की ओर जा रहे एक आयशर मालवाहक को उसी दिशा की ओर जा रही तेज रफ्तार की एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसके फलस्वरूप दोनों वाहन दुर्घनाग्रस्त हो गए। हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ और घटनास्थल के आस पास खड़े कई लोग दुर्घटना की चपेट में आने से बच गए।

# सिटी सेंटर में ओप्पो एफ25 प्रो 5जी सीरीज मोबाइल लांच




**गुवाहाटी ( विभास )।** सबसे लोकप्रिय व अग्रणी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ओप्पो ने असम सहित पूर्वोत्तर के बाजार में ओप्पो एफ25 प्रो 5जी सीरीज मोबाइल को लांच किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जानी मानी अभिनेत्री प्रियंका वैश्य ने जीएस रोड के सिटी सेंटर मे तीसरे तल्ले स्थित ओप्पो के एक्सक्लूसिव शोरूम में ओप्पो एफ25 प्रो 5जी सीरीज मोबाइल को लांच किया। इस दौरान कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर अनीशुज जमान, शोरूम और एलएफआर हेड संदीप चौधरी सहित ओप्पो शोरूम की पुरी टीम उपस्थिति थी। लांच के अवसर पर अभिनेत्री प्रियंका वैश्य ने कहा कि ओप्पो हमेशा स्मार्ट फोन और आईओटी उत्पादों में सबसे पसंदीदा, अभिनव और स्टाइलिश ब्रांड में से एक रहा है। इसके अलावा ओप्पो आफ्टर सेल सर्विस के मामलो में भी नंबर 1 है। यह युवाओं, महिलाओं और सेल्फी प्रेमियों के लिए एकदम सही संयोजन है। मुझे उम्मीद है कि असम और उत्तर-पूर्व राज्यों के लोगों को यह फोन पसंद आएगा। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि प्रियंका ने ओप्पो के डीलर पार्टनर जेएम इलेक्ट्रॉनिक, डेटामेशन व मैत्री ट्रेडर्स पहुंचकर वहां पर भी इस नए फोन का अनावरण किया। इस अवसर पर जोनल सेल्स मैनेजर अनिशुज जमान ने कहा की ओप्पो एफ25 प्रो 5जी सीरीज उन सभी मूल्यों के लिए है जो एफ सीरीज ने वादा किया था और ओप्पो ने आपको बेहतर डिजाइन और प्रौद्योगिकी के साथ अधिक मूल्य देने के लिए सभी प्रयास किए हैं। एफ सीरीज विशेष रूप से पहली एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए जानी जाती है, एफ सीरीज में पहली बार आईपी65 वॉटर और डस्ट रेजिस्टेंस और 4के अल्ट्रा क्लियर वीडियो जिसकी शुरुआती कीमत 23,999 रुपए हैं। यह नया फोन केवल दो वेरिएंट में उपलब्ध है: एफ25 प्रो 8/128जीबी और एफ25 प्रो 8/256जीबी के साथ सभी रिटेल स्टोर और एक्सक्लूसिव शोरूम पर उपलब्ध है। शोरूम और एलएफआर प्रमुख संदीप चौधरी ने कहा की ओप्पो एफ25 प्रो 5जी सीरीज की खरीदारी पर ग्राहक अग्रणी आईसीआईसीआई व एसबीआई कार्ड्स से 10ल तक का कैशबैक और कई अन्य आकर्षक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा 9 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई और लो डाउन पेमेंट फाइनेंस ऑफर पा सकते हैं। साथ ही कुछ चुनिंदा शर्तों के साथ 180 दिनों तक स्क्रीन डैमेज प्रोटक्शन जैसे लाभ भी ग्रहको को प्रदान किया जा रहे हैं। यह ऑफर सीमित समय अवधि के लिए हैं।

# बिश्वनाथ : संतोष कुमार महतो के मातृ के निधन पर साहित्य संगठनों में शोक



**बिश्वनाथ ( विभास )।** विश्वनाथ जिले के हिंदी सेवी, देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं से जुड़े, प्रतापगढ़ चाय बागान आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक, बिश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति के सचिव, शहर समता पुरुष काव्य मंच बिश्वनाथ इकाई के जिला अध्यक्ष, कवि, हिंदी प्रचारक संतोष कुमार महतो के सादगी, असाधारण, सहानुभूति व कर्तव्यपरायण की मूर्ति माताजी हीरा देवी प्राय: 68 वर्षीय में 4 मार्च को नवमी तिथि में शाम 5.30 बजे विश्वनाथ चारिआलि के नीजी एक अस्पताल में निधन हो गया। दिवंगत आत्माओं को विभिन्न सामाजिक संस्था, साहित्यिक संस्थान, शिक्षक समाज,विश्वनाथ जिला संवाददाता संस्था (आजू) श्रद्धांजलि दी। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि इस कठिन और दुखद समय में परिवार को कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें। पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी, शहर समता काव्य मंच प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, प्रतापगढ़ चाय बागान आदर्श विद्यालय, महात्मा गांधी राष्ट्रभाषा विद्यालय (डफलागढ़)गहपुर, राष्ट्रीय विद्यालय हाई स्कूल विश्वनाथ चारिआलि, विभिन्न विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य व साहित्यकार ने मृत्यु के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दो बेटे, इकलौती बेटी को छोड़ संसार से चल बसी।

# असम वरिष्ठ नागरिक संघ की होजाई जिला समिति गठित



**होजाई ( निसं )।** असम वरिष्ठ नागरिक संघ की होजाई जिला समिति का गठन किया गया। स्थानीय साहित्यरथी बेजबरुवा भवन में उक्त समिति की एक प्रतिनिधि सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता होजाई जिले के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त डीआईजी कृष्ण कुमार शर्मा ने की। बैठक में असम वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बनेश्वर खाउंड, केंद्रीय महासचिव प्रसन्न कुमार बरठाकुर, प्रचार एवं जनसंपर्क सचिव रमणी बर्मन, सेवानिवृत्त प्रोफेसर कुमुदेश्वर शर्मा, माघीराम सैकिया, हुसैन अहमद और अन्य लोग भी उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि होजाई, लंका, काकी, लामडिंग, जोगीजान और डबका आदि स्थानों पर एक-एक आंचलिक समिति का गठन किया जायेगा। बैठक में 31 जनों को लेकर होजाई जिला समिति का गठन किया गया है जिसमें सेवानिवृत्त डीआईजी कृष्ण कुमार शर्मा को अध्यक्ष, डॉ. गुणेश्वर सैकिया को कार्यकारी अध्यक्ष, दिलीप वर्धन को उपाध्यक्ष, अनुप कुमार बरठाकुर को महासचिव, नज़रुल इस्लाम को ससचिव, तपन कर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

# सिविक एक्सन के तहत नवनिर्मित टॉयलेटब्लॉक का उद्घाटन




**गुवाहाटी।** 175 वीं बटा., केरिपु बल, रानी (कामरूप) द्वारा सिविक एक्सन के तहत नवनिर्मित टॉयलेटब्लॉक का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल समय-समय पर अपने-अपने तैनाती के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती है। इसी क्रम में सिविक एक्सन कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 05/03/2024 को राजीव कुमार झा, कमांडेंट, 175वीं वाहिनी ने परकुची, एमवी, स्कूल, झोराबाड़ी, कामरूप (ग्रामीण) में इस वाहिनी द्वारा स्कूल में शौचालय निर्माण करवाकर आज भव्य समारोह आयोजित कर उद्घाटन किया जिससे कि स्कूल में पढ़ाई कर रहे बच्चों, बालक, बालिकाओं एवं अध्यापकों को सुविधाओं का लाभ मिल सके। समारोह में उपस्थित अध्यापक, विद्यार्थी एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजीव कुमार झा, कमांडेंट-175 बटालियन, केरिपु बल ने बताया कि पुलिस व जनता के संपर्क को मजबूत बनाने व क्षेत्र के दूर-दराज व पिछड़े क्षेत्रों में 175वीं बटा. द्वारा अपने क्षेत्र में समय-समय पर सिविक एक्सन कार्यक्रम के अंतर्गत भिन्न-भिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी व समाज सेवा के कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है जिसमें स्कूलों में क्लासरूम, टॉयलेट, बाथरूम की रिपेयर, रिनोवेशन, सोलर लाईट, खेल-कूद, पुस्तक, स्टेशनरी सामग्री वितरण, स्किल डेवलपमेन्ट, कोचिंग कक्षाओं का आयोजन, साईकिल, यात्रि शेडों का निर्माण, मेडिकल चेकअप व दवाई वितरण इत्यादि पिछले वर्षों में करके स्थानीय जनता की मदद कर रही है। समारोह में उपस्थित बच्चों, अध्यापकों, स्थानीय नागरिकों के लिए अंत में बटालियन की तरफ से जलपान की व्यवस्था भी की गई। उपस्थित सभी लोगों ने 175 बटालियन के इस जनकल्याणरी व स्कूल के बच्चों के लिए 02 शौचालय का निर्माण कराने हेतु प्रशांसा की। आज के आयोजन के अवसर पर गांव के सचिव नीलमणि तालुकदार, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य श्री निरल कलिता, प्रधानाध्यापक मृदुल चन्द्र ठाकुरिया, परकुची, एमवी, स्कूल, झोराबाड़ी के अन्य शिक्षक, विद्यार्थी, बच्चों के अभिभावक व स्थानीय नागरिकों के अलावा रानी व आस-पास के लोग व इस बटालियन के मुन्ना सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी), केएल धीमान (द्वितीय कमान अधिकारी), श्रीमती दीप्ती बुरले (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), रवि कुमार श्रीवास्तव (उप कमांडेंट), जय प्रकाश कुमार (सहा. कमांडेंट), अधीनस्थ अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ के बीच के आरआरटीएस सेक्शन का उद्घाटन



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक के दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किमी लंबे अतिरिक्त सेक्शन का 06 मार्च को उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नमो भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुरादनगर आरआरटीएस स्टेशन पर हरी झंडी दिखाएंगे। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने मंगलवार को यहां बताया कि इसके साथ ही दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर प्रायोरिटी सेक्शन से आगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक का 17 किमी लंबा अतिरिक्त सेक्शन नमो भारत ट्रेनों का परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इस सेक्शन में मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ तीन स्टेशन शामिल हैं। इस सेक्शन के उद्घाटन से नमो भारत सेवाएं दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन पर निर्बाध रूप से उपलब्ध हो जाएंगी, जिसमें साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक कुल आठ स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली को मेरठ से जोड़ने वाले भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर की आधारशिला मार्च 2019 में प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी। इसके 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन को अक्टूबर 2023 में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा यात्री परिचालन के लिए हरी झंडी दिखाई गई थी। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, आरआरटीएस स्टेशनों को हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, आईएसबीटी और सिटी बस स्टॉप के साथ सहजता से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के नेटवर्क का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। क्षेत्रीय गतिशीलता के लिए इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों को विकेंद्रीकृत करना, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करना और यातायात की भीड़ और वायु प्रदूषण को कम करना है। आरआरटीएस, एक अत्याधुनिक रेल-आधारित यातायात प्रणाली है, जिसके तहत चलने वाली नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किमी प्रति घंटा और परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा है। आरआरटीएस कॉरिडोर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दूरियों को घटाने, समुदायों और गंतव्यों को करीब लाने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। 82 किमी लंबा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर, दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा के समय को घटाकर एक घंटे से भी कम कर देगा। गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर जैसे शहरी केंद्रों से गुजरते हुए, यह परियोजना रीजनल परिवहन में क्रांति लाने वाली है।

# सीबीआई ने मप्र में लगातार दूसरे दिन दी दबिश, 16 स्थानों पर मारा छापा

**- एनएचएआई के भोपाल डीजीएम एवं विदिशा प्रोजेक्ट के डायरेक्टर भी गिरफ्तार**




**भोपाल, (हि.स.)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दो अधिकारियों, बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो निदेशकों और दो कर्मचारियों को 20 लाख रुपये की घूस के लेन देन के मामले में लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई की है। सीबीआई की दिल्ली और नागपुर की टीमों ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनएचएआई भोपाल के डीजीएम और विदिशा में पदस्थ प्रोजेक्ट डायरेक्टर को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले रविवार को सीबीआई की टीम ने दबिश देकर एनएचएआई के जीएम एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर नागपुर अरविंद काले, हरदा में पदस्थ उप महाप्रबंधक बृजेश कुमार साहू, भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक अनिल बंसल व कुणाल बंसल और बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी सी कृष्णा और छतर सिंह को गिरफ्तार किया था। सोमवार को नागपुर और दिल्ली सीबीआई की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनएचएआई के भोपाल डीजीएम राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में पदस्थ प्रोजेक्ट डायरेक्टर हेमंत कुमार को भी इसी घूसखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सीबीआई की अलग-अलग टीमों ने सोमवार को नागपुर, भोपाल, हरदा, विदिशा और डिंडौरी में आरोपितों के कार्यालय, निवास और ठिकानों कुल 16 स्थानों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान करीब 90 लाख रुपये की नकदी व जेवर बरामद किए गए हैं। इससे रविवार को 20 लाख रुपये की घूस की राशि के साथ सीबीआई ने कुल एक करोड़ दस लाख रुपये बरामद किए थे। सोमवार को बरामदगी की यह राशि करीब बढ़कर करीब दो करोड़ हो चुकी है। सीबीआई ने सभी आरोपितों को भोपाल में सीबीआई की विशेष अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लिया है। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी कंपनी को विदिशा, भोपाल, हरदा से लेकर नागपुर तक मिले ठेकों के कंप्लीसन सर्टीफिकेट, प्रगति पत्रक और बिलों के भुगतान को लेकर लगातार संपर्क में रहते थे और घूस देकर कार्य कराते थे। इसी कारण भोपाल और विदिशा के एनएचएआई अधिकारी भी सोमवार को गिरफ्तार किए गए हैं। सीबीआई की टीमें सभी अधिकारियों से पूछताछ कर यह जानकारी जुटाने में लगी हैं कि घूसखोरी का यह धंधा कब से चल रहा था और किन-किन प्रोजेक्ट को घूस लेकर पास कराया गया और अब तक अधिकारियों ने कितने करोड़ की राशि घूस में प्राप्त की है।

# उत्तराखंड में पिछले 10 वर्षों में कई ऐसे कार्य हुए, जो लोग सोच भी नहीं सकते : पुष्कर सिंह धामी




**देहरादून, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से बहुत लगाव है। उन्होंने अनेक अवसरों पर कहा है कि उनका उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। पिछले 10 वर्षों में राज्य में कई ऐसे कार्य हुए हैं, जिनके बारे में हम सोचते भी नहीं थे। सरकार की दूरगामी सोच और इच्छाशक्ति से देवभूमि पर विकास की बयार बहेगी ही, उद्योग जगत को उड़ान मिलने से रोजगार भी बढ़ेंगे।

**देवभूमि को उद्योग की भूमि बनाएगी सरकार-** देहरादून में मंगलवार को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑफ उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशों को आकर्षित करने के लिए गार्जनशिप लेनी होगी। निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बिजली, सड़क, हवाई कनेक्टिविटी और रेल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। अभी 20 प्रतिशत निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हुई है, जिसे हमें शत-प्रतिशत करना है। देवभूमि को उद्योग की भूमि बनाने के लिए हम काम करेंगे, यह हमारा संकल्प है। राज्य सरकार का संकल्प है कि पूरे प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार किया जाए। पंतनगर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के प्रयास चल रहे हैं।

**विश्वास के साथ बढ़ रहा व्यापार-** धामी बोले, उद्योग के क्षेत्र में मिली उपलब्धि हमें प्रोत्साहित करने वाली है जिस पर हमें आगे बढ़ना है। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प पर राज्य सरकार काम कर रही है। आज हर क्षेत्र में हमें पहचान मिल रही है। व्यापार और एक-दूसरे पर विश्वास भी बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा "मुझे खुशी है कि आप सभी लोगों के सहयोग से इंवेस्टर्स समिट के दौरान हमने बड़े लक्ष्य को हासिल किया है।" "मैं आज इस कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाले कार्मिकों को भी बधाई देता हूं। आप सभी हमारे ब्रांड एम्बेस्डर हैं। आपने उत्तराखंड में आए निवेश को आगे बढ़ाने का काम किया है।"

# हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में सुबह लगे भूकम्प के झटके




**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में मंडी जिला में मंगलवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके सुबह 6 बजकर 56 मिनट पर कुछ सेकंड के लिए आए। भूकंप की तीव्रता रियेक्टर स्केल पर 3 दशमलव 2 मापी गई और इसका केंद्र थुनाग के क्योली नामक स्थान पर दर्ज किया गया। यह क्षेत्र मंडी और कुल्लु जिला की सीमा पर स्थित है। कुल्लू और बिलासपुर जिलों में भी लोगों ने भी भूकम्प के झटकों को महसूस किया। भूकम्प की गहराई जमीन की सतह से 5 किलोमीटर नीचे रही। भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि भूकम्प की तीव्रता ज्यादा नहीं रही और कहीं भी इससे नुकसान नहीं हुआ। मंडी जिला में इससे पहले भी कई बार भूकम्प के झटके लग चुके हैं। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश भूकम्प के लिहाज से काफी संवेदनशील माना जाता है और जोन चार व पांच में शामिल है। वर्ष 1905 में राज्य के कांगड़ा और चम्बा जिलों में विनाशकारी भूकम्प आने से 10 हजार से अधिक लोग मारे गए थे।

# लैंड फॉर जॉबः आरोपित अमित कात्याल की अंतरिम जमानत 12 मार्च तक बढ़ी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में आरोपित अमित कात्याल की स्वास्थ्य के आधार पर मिली अंतरिम जमानत की अवधि को बढ़ाने की मांग पर सुनवाई करते हुए फिलहाल अंतरिम जमानत 12 मार्च तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने ये आदेश दिया। इस मामले में ईडी ने अमित कात्याल को मिली अंतरिम जमानत के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दे रखी है, जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा हुआ है। 28 फरवरी को कोर्ट ने अमित कात्याल की अंतरिम जमानत आज तक के लिए बढ़ाई थी। 28 फरवरी को ही कोर्ट ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को एक-एक लाख रुपये के मुचलके पर नियमित जमानत दी थी। इस मामले में 9 जनवरी को ईडी ने चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हिमा यादव, हृदयानंद चौधरी और अमित कात्याल को आरोपित बनाया है। ईडी ने अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई का मामला भी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में ही चल रहा है। सीबीआई ने भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे। सीबीआई ने मई के तीसरे सप्ताह में इस मामले में लालू यादव के परिजनों से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के पटना, गोपालगंज और दिल्ली स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर दो अप्रैल को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने हथियार लाइसेंस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि मुख्तार कुख्यात अपराधी है और उन पर कई सारे केस दर्ज हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 02 अप्रैल को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आज उप्र सरकार ने जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और सुनवाई 02 अप्रैल को नियत कर दिया। कोर्ट ने 22 जनवरी को उप्र सरकार को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने आर्म्स एक्ट मामले में उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा रखी है। 22 जनवरी को सुनवाई के दौरान अब्बास की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया था। दरअसल, मऊ सदर से सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी पर खेल कोटे से लिये गए शस्त्र लाइसेंस पर आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कई मामलों में वह फरार चल रहे हैं। 25 अगस्त, 2023 को ट्रायल कोर्ट ने अब्बास को अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत फरार घोषित किया था।

# राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के लिए दूसरी जगह भूमि तलाशनी की शुरू

**नैनीताल, (हि.स.)।** केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की इम्पॉवरमेंट कमेटी के उत्तराखंड हाई कोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर आपत्ति लगाने और हाईकोर्ट को शिफ्ट करने के लिए दूसरी जगह भूमि तलाशनी शुरू कर दी है। इसके लिए उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 20 फरवरी 2024 को इम्पॉवरमेंट कमेटी ने जारी पत्र जारी किया था। इसी क्रम में राज्य सरकार ने दूसरी जगह भूमि तलाशनी शुरू की। जिला प्रशासन ने यह जगह शुरूआती दौर में नैनीताल के पटवाडांगर से फतेहपुर हल्द्वानी जाने वाले मार्ग बेल बसानी में चयनित की है।

प्रदेश के प्रमुख सचिव वन डॉ. आरके सुधांशु, सचिव पंकज पांडे और अन्य अधिकारियों ने इस सम्बंध में हाई कोर्ट की मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति ॠतु बाहरी से भेंट कर इस नए चयनित भूमि की जानकारी दी।

# रक्षा मंत्री ने गोवा में नौसेना युद्ध कॉलेज के आधुनिक भवन परिसर का उद्घाटन किया




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को गोवा में नौसेना युद्ध कॉलेज के नए अत्याधुनिक भवन परिसर का उद्घाटन किया। चोल राजवंश के शक्तिशाली समुद्री साम्राज्य की याद में इस आधुनिक भवन का नाम 'चोल' रखा गया है। इमारत की डिजाइन भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाने के मकसद से तैयार की गई है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भारतीय नौसेना का रोल आने वाले समय में और अधिक महत्वपूर्ण होने वाला है। उन्होंने कहा कि आज जब नेवल वॉर कॉलेज के नए भवन का उद्घाटन हो रहा है तो प्रशिक्षु प्रशिक्षण के दौरान निश्चित रूप से इस बात को जानेंगे, सीखेंगे कि इंडो पैसिफिक क्षेत्र में नौसेना की भूमिका कैसे महत्वपूर्ण हो रही है। मेरा पूरा विश्वास है कि यह नौसेना युद्ध महाविद्यालय अपने नवीन प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षुओं की सैन्य क्षमता को बढ़ाने के साथ ही उन्हें इस नए परिप्रेक्ष्य और आर्थिक हित पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में भी अवगत कराएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इंडो पैसिफिक क्षेत्र में वैश्विक व्यापार के संबंध में उभर रही चुनौतियों को देखते हुए कई विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय नौसेना का आधार, हमारी आर्थिक रुचि सबसे अधिक निकटता से जुड़ी हुई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि नौसेना ने एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन और एंटी ट्रैफिकिंग ऑपरेशन के माध्यम से पाइरेसी और ट्रैफिकिंग पर लगाम लगाने के साथ ही भारत के लिए वैश्विक कैनवास पर सद्भावना भी पैदा की है। भारतीय नौसेना की तत्परता से समुद्री घटनाओं में कमी देखी गई है लेकिन समुद्री डकैतों की धमकियों को अभी भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। आने वाले समय में भारतीय नौसेना की भूमिका अहम होगी, क्योंकि भारत का कुल भूमि क्षेत्रफल लगभग 32 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक है लेकिन भारत तीन ओर से समुद्र की चपेट में है। भारत की सबसे बड़ी नौसैनिक शक्ति विरोधियों से तो हमारी सुरक्षा करती है, साथ ही हिंद महासागर के अन्य हितधारकों को भी सुरक्षा का माहौल प्रदान कर रही है।

**नौसेना युद्ध कॉलेज का इतिहास –** भारतीय नौसेना के मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को उन्नत पेशेवर सैन्य शिक्षा प्रदान करने के लिए साल 1988 में आईएनएस करंजा में नौसेना युद्ध कॉलेज की स्थापना की गई थी। साल 2010 में इस कॉलेज का नाम बदलकर नौसेना युद्ध कॉलेज कर दिया गया और 2011 में इसे गोवा में इसके मौजूदा स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उच्च सैन्य शिक्षा के लिए एक प्रमुख प्रतिष्ठित संस्थान होने की दृष्टि से इस कॉलेज का मिशन सशस्त्र बलों के अधिकारियों को रणनीतिक और परिचालन स्तरों पर नेतृत्व के लिए तैयार करना है। इसके अलावा यह कॉलेज समुद्री सुरक्षा पाठ्यक्रम भी संचालित करता है, जिसमें समुद्री पड़ोस के सैन्य अधिकारी भी हिस्सा लेते हैं। नौसेना युद्ध कॉलेज वॉरगेमिंग और आर्कटिक अध्ययन के लिए भारतीय नौसेना का उत्कृष्टता केंद्र भी है।

# कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने दिया इस्तीफा



**कोलकाता, (हि.स.)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा है और उसकी प्रतियां प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ एवं कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम को भेजी हैं। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय सुबह उच्च न्यायालय में अपने चैंबर में पहुंचे, जिसके बाद उनकी ओर से त्यागपत्र भेजा गया। आज ही उनके द्वारा अपनी भावी योजना का खुलासा किये जाने की संभावना है। ऐसी अटकले हैं कि वह राजनीति में जायेंगे। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने रविवार को घोषणा की थी कि वह पांच मार्च को (कलकत्ता उच्च न्यायालय के) न्यायाधीश पद से इस्तीफा दे देंगे। उसी के मुताबिक सोमवार को उन्होंने उच्च न्यायालय में आखिरी सुनवाई की और अपने आखिरी फैसले में मेदिनीपुर के जिलाधिकारी के खिलाफ लगे आरोपों पर उन्हें पद से बर्खास्त करने की अनुशंसा की है। हालांकि इस पर फैसला उन्होंने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम पर छोड़ा है। दावा किया जा रहा है कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी की ओर से तमलुक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बनाया जाएगा।

# माओवादी लिंक मामले में जीएन साईबाबा सहित छह आरोपितों को बाम्बे हाई कोर्ट ने किया बरी



**मुंबई।** बाम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने माओवादी लिंक मामले में 54 वर्षीय जीएन साईबाबा समेत छह आरोपितों को बरी कर दिया है। यह फैसला मंगलवार को जस्टिस विनय जोशी और जस्टिस वाल्मिकी एसए मेनेजेस की पीठ ने सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष इन सभी के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा। कोर्ट ने सबूतों की कमी के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने 54 वर्षीय साईबाबा को दी गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द करते हुए हेम मिश्रा, महेश तिर्की, विजय तिर्की, नारायण सांगलीकर, प्रशांत राही और पांडु नरोटे (मृतक) को निर्दोष करार करते हुए बरी कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपितों के खिलाफ मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। साथ ही आरोपियों पर कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत आरोप लगाने के लिए ली गई मंजूरी को भी ह्यअमान्य और शून्यह्ल माना। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष सभी आरोपितों के खिलाफ कोई कानूनी जब्ती या कोई आपत्तिजनक सामग्री स्थापित करने में विफल रहा है। पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का फैसला कानून के तहत टिकाऊ नहीं है। अदालत ने कहा कि यूएपीए के तहत आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए ली गई मंजूरी कानूनी और उचित नहीं थी।

सभी आरोपितों पर मुकदमा चलाने की अवैध मंजूरी के कारण पूरा अभियोजन पक्ष खराब हो गया है। कानून के अनिवार्य प्रावधानों के उल्लंघन के बावजूद मुकदमा चलाना न्याय की विफलता के समान है। इसके बाद अभियोजन पक्ष ने कोर्ट से अपने आदेश पर छह सप्ताह के लिए रोक लगाने का अनुरोध किया, ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर सके। इसके बाद कोर्ट ने रोक लगाने के लिए लिखित एक आवेदन देने का निर्देश दिया। साईबाबा को माओवादी लिंक मामले में 2014 में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह नागपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। मार्च, 2017 में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की सत्र अदालत ने कथित माओवादी संबंधों और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए साईबाबा सहित अन्य आरोपितों को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसी सजा को साईबाबा ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी और इसकी सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख दिया था। बाम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने आज फैसला सुनाते हुए साईबाबा सहित अन्य को निर्दोष करार देते हुए मामले से बरी करने का आदेश जारी किया है।

# गुजरात में कांग्रेस को बड़ा झटका, अर्जुन मोढवाडिया और अंबरीश डेर भाजपा में शामिल



**गांधीनगर, (हि.स.)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुजरात पहुंचने से पहले पार्टी को वहां बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया और प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। दोनों नेताओं ने भाजपा के गांधीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय कमलम में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। मोढवाडिया ने सोमवार को विधानसभा की सदस्यता समेत कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ नेता अंबरीश डेर ने भी कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को लगातार झटके पर झटका लग रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुजरात में प्रवेश से ठीक पहले दो बड़े नेताओं का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए बड़े सदमे से कम नहीं है। कांग्रेस राज्य में लोकसभा की 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी वहीं दो सीटों को उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ा है। दिग्गज नेता अर्जुन मोढवाडिया वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पोरबंदर से कांग्रेस की टिकट पर जीते थे। उनके पार्टी छोड़ने से गुजरात कांग्रेस को बड़े नुकसान की बात कही जा रही है। मोढवाडिया महेर समाज के अग्रणी हैं जो कि मछुआरा समाज, कोली, दलित और ओबीसी समाज के मजबूत आधार हैं। मोढवाडिया ने वर्ष 1982 में मोरबी इंजीनियरिंग कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। 10 वर्ष तक मेरीटाइम बोर्ड में असिस्टेंट इंजीनियर के रूप में काम किया। वर्ष 1993 में जनसेवा के लिए नौकरी छोड़ दी। वर्ष 1997 में कांग्रेस से जुड़े गए और वर्ष 2002 में पहली बार पोरबंदर सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। वर्ष 2004 से 2007 तक वे गुजरात विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। वर्ष 2007 में फिर पोरबंदर सीट से जीतकर विधायक बने। वर्ष 2011 में उन्हें कांग्रेस का गुजरात प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह अंबरीश डेर भी सौराष्ट्र में अहीर समाज के बड़े नेताओं में शुमार हैं। कांग्रेस के युवा और दिग्गज नेताओं में उनका नाम है। वे कांग्रेस के टिकट पर राजुला विधानसभा सीट से वर्ष 2017 में चुनाव जीतकर विधायक बने थे। वर्ष 2022 में चुनाव हार गए थे। डेर को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के ऐन वक्त पर ही वे कांग्रेस से अलग हो गए। इससे पूर्व वे वर्ष 2002 में समाजवादी पार्टी से पालिका का चुनाव लड़े थे। बहुजन समाज पार्टी से भी वह कुछ समय जुड़े थे। कुछ समय के लिए भाजपा में भी गए थे, लेकिन वर्ष 2007 में वे कांग्रेस से जुड़ गए थे।

# एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र विकसित करेगी सरकार

**-प्रदेश में 14.78 लाख किसानों के पम्प की बिजली मुफ्त करने का फैसला**



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रखे गए 30 प्रस्तावों में से 29 को मंजूरी मिली। योगी मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) विकसित करने का निर्णय लिया है। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्रकार वार्ता में विभिन्न फैसलों की जानकारी दी। मंत्री एके शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तर्ज पर उप्र में राज्य राजधानी क्षेत्र लखनऊ (एससीआर) को विकसित करने के लिए आए प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। छह जिलों को मिलाकर एससीआर बनेगा। इसके लिए लखनऊ से सटे हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों का तेजी से विकास होगा। मंत्री शर्मा ने बताया कि मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी मिली है।

इस योजना के तहत देश दुनिया में रहे लोग अपने गांव में कुछ कार्य करा सकेंगे। कॉलेज, सामुदायिक केन्द्र, पुस्तकालय, ऑ-डिटोरियम जैसे तमाम केन्द्रों का निर्माण कराया जा सकेगा। इसमें उप्र सरकार 40 फीसदी सहयोग प्रदान करेगी। इसके लिए गए गवर्निंग काउंसिल होगी। काउंसिल के चेयरमैन मुख्यमंत्री होंगे। मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि किसानों के ट्यूबवेल को मुफ्त बिजली का प्रस्ताव पास हुआ है। 14 लाख 78 हजार किसानों के पम्प की बिजली मुफ्त की गई है। मंत्रिमंडल के इस फैसले से अब किसान मुफ्त में सिंचाई कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता से किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। सरकार अपने वादे को पूरा करने जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी की बड़ी कार्रवाई: भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटाया गया, राजीव कृष्ण को मिली जिम्मेदारी



**लखनऊ (ईएमएस)।** यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटा दिया है। रेणुका मिश्रा की जगह अब आईपीएस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। यूपी में 60 हजार से ज्यादा सिपाही भर्ती में 48 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। योगी स-रकार पेपर लीक होने के मामले में लगातार कड़े एक्शन ले रही है। हालांकि पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले की गठित आंतरिक जांच कमेटी ने अब तक कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है। यूपी पुलिस पेपर लीक मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है। इससे पहले पहले भी सरकार ने आरओ-एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा निरस्त करने के बाद बड़ा ऐक्शन लेते हुए यूपी लोकसेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया था। पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले की गठित आंतरिक जांच कमेटी ने अब तक कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर ही भर्ती बोर्ड को एफआईआर करानी थी। बता दें कि 17 और 18 फरवरी को प्रदेश भर में सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसके बाद व्हाट्सएप पर पेपर लीक होने की बात सामने आई थी। पहले तो पुलिस की तरफ से इसे अफवाह बताया गया। लेकिन अभ्यर्थियों के विरोध को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा रद्द कर कर कहा कि वे ऐसी कार्रवाई करेंगे जो नजीर बनेगी। गौरतलब है की यूपी में 60 हजार से ज्यादा सिपाही भर्ती में 48 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई और अगले 6 महीने में फिर से लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

## उप्र में ओलावृष्टि प्रभावित किसानों के मुआवजे के लिए 23 करोड़ स्वीकृत



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्नदाता किसानों के लिए बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि, ओलावृष्टि से प्रभावित 9 जिलों में 23 करोड़ की धनराशि मुआवजा वितरण के लिए एडवांस के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। जल्द ही किसानों को यह धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। ओलावृष्टि प्रभावित जिलों में बांदा के लिए 2 करोड़, बस्ती 2 करोड़, चित्रकूट 1 करोड़, जालौन 5 करोड़, झांसी 2 करोड़, ललितपुर 3 करोड़, महोबा 3 करोड़, हारनपुर 3 करोड़ और शामली के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कुल धनराशि 23 करोड़ रुपये हैं।

# उप्र में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, भाजपा में शामिल हुए डा.राजेश मिश्रा




**लखनऊ, (हि.स.)।** कांग्रेस पार्टी इस समय बुरे दौर से गुजर रही है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वाराणसी संसदीय सीट से सांसद रहे डा. राजेश मिश्रा ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। डा. राजेश मिश्रा को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह व पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गयी। डा. राजेश मिश्रा के अचानक कांग्रेस छोड़कर चले जाने से कांग्रेसी खेमे में बेचैनी बढ़ गयी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन है। सपा-कांग्रेस गठबंधन में वाराणसी संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में गयी है। कांग्रेस वाराणसी संसदीय सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने मजबूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी में थी। ऐसे में राजेश मिश्रा के अचानक भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी की रणनीति को जबर्दस्त झटका लगा है। ऐसे में कांग्रेस को अब नये सिरे से चुनावी बिसात बिछानी पड़ेगी। क्योंकि कांग्रेस पार्टी वाराणसी संसदीय सीट से डा. राजेश मिश्रा को अपना उम्मीदवार बनाने की तैयारी में थी। पाला बदलने से डा.राजेश मिश्रा मोदी के सामने बलि का बकरा बनने से बच गये। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है दूसरे दलों के नेता मोदी के नेतृत्व में काम करने के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

# कौशांबी सड़क हादसे में एक बच्ची समेत तीन की मौत, छह घायल

**कौशांबी, (हि.स.)।** कोखराज थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को बेकाबू कार किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गयी। हादसे में एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल है। चार की हालत नाजुक होने पर उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशांबी में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतक के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्राधिकारी अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि पिपरी के मनौरी कस्बे में दीपक सोनी की शादी फतेहपुर हथगाव की नेहा से सोमवार की रात हुई। शादी समारोह में शामिल होने रिस्तेदार पहुंचे थे। मंगलवार की भोर पहर कुछ लोग विवाह स्थल से कार में बैठकर वापस आने लगे। रिश्तेदार उमा ने बताया कि कशिया पश्चिम गांव के सामने पहुंचे कि कार सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में बोलेरो चालक इंद्रेश शर्मा (52) के अलावा देवांशी (04) और राज कुमार (45) की मौके पर मृत्यु हो गई गई। अन्य छह लोग घायल हो गये। महिला का आरोप है कि चालक नशे की हालत में था। हादसे की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के मंझनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा है। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर राजेश सिंह ने बताया कि घायलों में दो महिला, दो पुरुष की हालत नाजुक होने पर प्रयागराज भेजा गया है। शेष दो का इलाज अस्पताल में चल रहा है। क्षेत्राधिकारी



विश्वकर्मा ने बताया मंगलवार भोर में खड़ी ट्रेलर ट्रक में एक कार के टकराने की सूचना पुलिस को मिली थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने एक बच्ची समेत तीन लोगों को मृत घोषित किया है। शेष घायलों का इलाज चल रहा है। स्थानीय थाना पुलिस को अन्य विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। हादसे की वजह परिवार के घायल लोगों ने ड्राइवर को नीद की झपकी आना बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भोजपुरी फिल्मों को अश्लीलता से बचाने को अभिनय कर रहे इंस्पेक्टर आनंद ओझा

**बलिया, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर आनंद ओझा भोजपुरी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। पुलिस की नौकरी में रहते अब अभिनय करना उनका जुनून है। जिस-के लिए कभी उन्होंने महज 13 रुपये के साथ घर छोड़ दिया था। फिलहाल भोजपुरी फिल्मों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके आनंद का एक ही मकसद है, भोजपुरी फिल्मों में अश्लीलता रोकना। बिहार के आरा जिले के दोघरा गांव के किसान पिता की संतान आनंद ओझा फिलहाल आगरा में पुलिस इंस्पेक्टर हैं। अभिनेता बनाने के लिए इनके संघर्ष की कहानी भी फिल्मी है। बचपन से ही हीरो बनने का सपना देखने वाले आनंद ओझा को जब लगा कि पिता जी हीरो बनने के लिए जाने नहीं देंगे तो हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर सिर्फ 13 रुपये लेकर एक दोस्त के साथ हवाई चप्पल पहनकर हीरो बनने का जज्बा लिए 1995 में मुंबई के लिए निकल गए। घर से निकले तो जबलपुर पहुंच कर बस तीन रुपये बचे थे। बिना टिकट यात्रा करने पर



टीटीई द्वारा ट्रेन से उतार दिए जाने पर वहीं से दोस्त के समझाने पर लौट आये। छह माह बाद फिर दोस्त के साथ भाग कर मुंबई गए। जहां छह माह वाचमैन की नौकरी की। इस दौरान काम मांगने के लिए अलग-अलग स्टूडियो में घूमते थे। लेकिन काम नहीं मिला। तभी इनके पिता जाकर पकड़ लाए। फिर पढ़ाई शुरू हुई। हालांकि स्नातक के दौरान दूसरी बार दो साल बाद भाग कर फिर मुंबई गए। तब छह माह रहे। दोबारा पिता के कहने पर वापस आ गए। घर आने पर यूपी में दरोगा भर्ती का फार्म भरा। एक अनाम भोजपुरी फिल्म की शूटिंग के लिए बलिया आए आनंद ओझा ने हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से अपने संघर्ष की कहानी के बारे में बताया कि सोचा कि अब अपने पैर पर खड़े होकर हीरो बनने का सपना पूरा करेंगे। रोजाना अट्ठारह घंटे पढ़ाई शुरू की। आखिरकार 2001 में दरोगा बनने में सफलता मिल गई। कहा कि मुझे लगता है कि बच्चे सपने देखना शुरू करें तो ईश्वर भी मार्ग प्रशस्त कर देता है। कहा कि 2005 में मैं सोचता था कि हीरो नहीं बन पाऊंगा। तभी बिहार के रहने वाले फिल्मकार निर्मल पाण्डेय आये और एक छोटा रोल ऑफर किया। बाद में उस फिल्म से हीरो निकल गया तो मुझे हीरो का रोल मिल गया। वह फिल्म पैसे के अभाव में 17 दिन की शूटिंग के बाद बंद हो गई। जो कि आज तक नहीं बन पाई। लेकिन अब नौकरी से ज्यादा हीरो बनने पर मन लगने लगा। पहली फिल्म के बाद दो तीन और फिल्मों से सेट पर रहने के बाद बाहर हो गया। उन्होंने बताया कि 2013 में आशिकी फेम राहुल राय के साथ भोजपुरी फिल्म सबसे बड़ा मुजरिम किया। यह मेरी पहली फिल्म थी जो पर्दे पर आई। उसके बाद अब नौकरी की वजस से साल में एक या दो फिल्में करते हैं।

# झारखंड विधानसभा नियुक्ति मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने जताई नराजगी, अगली सुनवाई 20 मार्च को

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में जो रिपोर्ट आयी है, उसे कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है लेकिन फिलहाल कैबिनेट ने उस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। स-रकार के इस जवाब पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए विस्तृत और बिंदुवार जानकारी शपथ पत्र के मध्यम से पेश करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट अब इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई करेगा। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में सुनवाई हु-ई। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह जानना चाहा कि जब इस मामले में एक कमिश्नर बनाया जा चुका है और उसने जो जांच रिपोर्ट दी है, वह राज्यपाल को



सौंपा दी गयी है। इस रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने कार्रवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष को निर्देशित किया है। इसके बावजूद दूसरी जांच कमेटी क्यों और किस प्रोविजन पर बनायी गयी। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच को लेकर शिव शंकर शर्मा ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा 12 से



**रांची, (हि.स.)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) से मान्यता प्राप्त राज्य में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के पहले शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 9 और 11 की वार्षिक परीक्षा 12 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षाएं 12 से 22 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा की अवधि तीन घंटे की होगी। परीक्षा के दौरान छात्र मोबाइल, स्मार्ट वॉच या किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने साथ परीक्षा हॉल में नहीं ले जा सकेंगे। 30 मार्च तक परीक्षा परिणामों का प्रकाशन एवं रिपोर्ट कार्ड का वितरण कर दिया जाएगा। एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जाएगा। सीबीएससी मानकों के आधार पर इन परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों, उत्कृष्ट विद्यालय प्रधानाध्यापकों - प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इन परीक्षाओं के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रश्नपत्र तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षाओं के आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधकों की कमेटी गठित की गयी है। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर सीबीएससी के मानकों के अनुरूप प्रश्नपत्र तैयार कर विद्यालय सत्र की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

# चुनावी जंग में कौन होगा अर्जुन मुंडा के खिलाफ विपक्ष का योद्धा, लगातार बढ़ रही है खूंटी में राजनीति तपीश

**खूंटी,\ (हि.स.)।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है, खूंटी संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज होती जा रही। हर चौक-चौराहों यहां तक कि कार्यालयों में भी चुनावी चचाओं का बाजार गर्म है। लोग इतना तय मान रहे हैं कि चुनावी जंग में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही होना है, पर लोगों में इस बात को लेकर अधिक चर्चा है कि कांग्रेस अपने किस योद्धा को अर्जुन मुंडा के खिलाफ मैदान में उतारती है। कांग्रेस के टिकट के मुख्य दावेदारों में दो बार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा चुके पूर्व विधायक काली चरण मुंडा और हाल ही कांग्रेस का दामन थामने वाली विस्थापन विरोधी नेता के रूप अपनी पहचान बनाने वाली दयामनी बारला को माना जा रहा है। दयामनी बारला 2019 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर चुकी हैं। वैसे खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट के दावादारों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू के नाम की भी चर्चा है। राजनीति के गलियारों में इस बात भी जोरदार चर्चा है कि झारखंड मुक्ति




मोर्चा भी यहां से दावेदारी ठोंक सकता है। झामुमो नेताओं का मानना है कि कांग्रेस कई चुनावों में पराजय का मुंह देख चुकी है। इसलिए इस बार झामुमो को मौका मिलना चाहिए। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कांटे के संघर्ष के बाद कांग्रेस के काली चरण मुंडा से महज 1445 मतों के अंतर से जीत पाये थे। उस चुनाव में अर्जुन मुंडा को 382638 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 381193 मत मिले थे।

**भाजपा को मोदी और राम लहर पर भरोसा –** आनेवाले लोकसभा चुनाव में एक ओर जहां भाजपा को नरेंद्र मोदी की छवि और केंद्र सरकार द्वारा किये गये कार्यों पर भरोसा है, वहीं कांग्रेस हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और विरोधी दल के नेताओं के खिलाफ इडी की कार्रवाई और महंगाई को मुद्दा बनाने की फिराक में है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि आसन्न संसदीय चुनाव में अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में हिंदू समाज में उपजी लहर का लाभ अर्जुन मुंडा को मिल सकता है। हालांकि क्षेत्र में राम लहर को देखते हुए राजनीति के जानकार कहते हैं कि इसके कारण ईसाई और मुसलमान मतों का ध्रुवीकरण हो सकता है। अब तक हुए चुनावों में देखा गया है कि भाजपा को पराजित करने के लिए इन मतों का ध्रुवीकरण होता रहा है।

**आम आदमी पार्टी के टिकट भाग्य आजमा चुकी हैं दयामनी बारला –** विस्थापन विरोधी नेता के रूप में अपना पहचान बना चुकी दयामनी बारला 2014 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार के रूप में अपना भाग्य आजमा चुकी हैं। यह अलग बात है कि वे अपनी जमानत तक नहीं बचा पाई थी। उस चुनाव में उन्हें महज 11822 वोट मिले थे। दयामनी बारला अपनी आदिवासी हितैषी की छवि को लेकर चुनाव मैदान में उतरी थी, पर आम आदमी पार्टी को कोई जनाधार नहीं होने के कारण उनकी जमानत भी जब्त हो गई थी।

# सीएम नीतीश कुमार ने विधान परिषद के लिए दाखिल किया नामांकन पत्र



**पटना, (हि.स.)।** बिहार में विधान परिषद की खाली हो रहीं 11 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जदयू उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान परिषद सदस्य के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यकाल छह मई तक है। नीतीश कुमार जल्द ही विदेश दौरे पर जाने वाले हैं। ऐसे में विदेश जाने से पहले उन्होंने नामांकन दाखिल कर दिया। उनके साथ जदयू की दूसरी सीट के लिए खालिद अनवर ने भी नॉमिनेशन फाइल किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, विधान परिषद की रिक्त होने वाली सीटों पर नामांकन की आखिरी तिथि 11 मार्च है। इसके अगले दिन यानी 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके दो दिन बाद 14 मार्च को नामांकन वापस लिए जाएंगे। मतदान 21 मार्च को होगा और देर शाम तक चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधान परिषद में निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में पूरा हो रहा है। विधान परिषद की खाली होने वाली इन सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हम नेता संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर व रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं। इस मौके पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के अलावा एनडीए के सहयोगी दलों के नेता और मंत्री भी मौजूद रहे।

# बाहुबली अनंत सिंह ने बदला एक्स पर बायो, अपने नाम के बाद 'मोदी का परिवार' शब्द जोड़ा

**पटना, (हि.स.)।** बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह ने मंगलवार को अपना एक्स बायो बदल दिया है और खुद को मोदी का परिवार बताया है। भाजपा के इस कैंपेन में पूर्व विधायक अनंत सिंह और उनकी विधायक पत्नी भी शामिल हो गए हैं। अनंत सिंह ने एक्स पर अपना बायो बदला है और अपने नाम के बाद मोदी का परिवार शब्द जोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर नीलम देवी और उनके पति अनंत सिंह ने खुद को मोदी परिवार का सदस्य बताया है। अनंत सिंह ने एक्स पर एक फोटो भी शेयर किया है, जिसमें वे खुद और उनकी पत्नी नजर आ रहे हैं। वहीं सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर दिख रही है। अनंत सिंह ने लिखा, "मैं हूं "मोदी जी का परिवार" 140 करोड़ देश-ावासी हैं "मोदी जी का परिवार"। उल्लेखनीय है कि बिहार में एनडीए




की सरकार बनने के बाद विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दौरान राजद के तीन विधायकों ने अचानक पाला बदल लिया था। पाला बदलने वाले विधायकों में पूर्व बाहुबली सांसद आनंद मोहन के विधायक बेटे चेतन आनंद, बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी और विधायक प्रह्लाद यादव शामिल थे। पत्नी के पाला बदलने के बाद अब अनंत सिंह भी खुलकर सामने आ गए हैं और खुद को मोदी का परिवार बता दिया है।

# एनटीपीसी कहलगांव में मनाया गया 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**भागलपुर, (हि.स.)।** कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर प्रशासनिक भवन परिसर में अजय शर्मा परियोजना प्रमुख द्वारा मंगलवार को सुरक्षा ध्वज फहराया गया। सुरक्षा ध्वज फहराने के बाद उपस्थित एनटीपीसी कर्मचारियों और श्रमिकों ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा में खुद को निवेश करने और नियमों, अधिनियमों और विनियमों का पूरी तरह से पालन करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आदतों और विश्वासों को विकसित करने की शपथ ली। परियोजना प्रमुख ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर एक विशेष व्याख्यान दिया। परियोजना प्रमुख ने कहा कि हमें अपने संबंधित कार्य क्षेत्रों की सुरक्षा अनुपालन के प्रति ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। हमारा प्रयास प्रयास शून्य दुर्घटनाओं को प्राप्त करना है। उन्होंने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं



पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए सुरक्षा नियमों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया तथा दुर्घटनाओं को देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताते हुए कहा कि दुर्घटनाएं समाज, परिवार एवं विशेषकर लोगों के हित के लिए हानिकारक होती हैं।

परियोजना प्रमुख ने दुर्घटनाएं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुई। परियोजना प्रमुख ने सुरक्षा माह नवंबर और राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान एनटीपीसी कर्मचारियों, दीप्तिनगर की महिलाओं, कार्य एजेंसियों और स्कूली बच्चों के बीच आयोजित विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं के सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। शैफाली शर्मा अध्यक्षा सृष्टि समाज, बी राजेंद्र कुमार महाप्रबंधक ओ एंड एम, एच आर मलिक महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन, प्रभात रंजन बारिक महाप्रबंधक मैंटेनेंस, राजेश गुप्ता महाप्रबंधक ऐश डाइक प्रबंधन, घोष दस्तीदार महाप्रबंधक टी एस, र-किेश चौहान महाप्रबंधक एफजीडी, मनीष कुमार सहायक कमांडेंट सीआ-ईएसएफ ने पुरस्कार देकर सुरक्षा जागरूकता पहल को प्रोत्साहित किया और सभी से इसे अपने दैनिक जीवन में इसे लागू करने की अपील की।

संपादकीय

# 'अंतरात्मा' की चुनावी परंपरा

**स्वतंत्र** भारत के इतिहास में पालाबदल और क्रॉस वोटिंग का सबसे सनसनीखेज और विवादास्पद उदाहरण 1969 का राष्ट्रपति चुनाव था। 16 अगस्त, 1969 को पांचवें राष्ट्रपति का चुनाव हुआ। लोकसभा के पूर्व स्पीकर नीलम संजीवा रेड्डी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनकी उम्मीदवारी से सहमत नहीं थीं, लिहाजा उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ, अपने उम्मीदवार के तौर पर, लोकप्रिय मजदूर यूनियन नेता वीवी गिरि को चुनाव मैदान में उतार दिया। गिरि ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा। तब स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ और विपक्ष के अन्य दलों ने सीडी देशमुख को अपना साझा उम्मीदवार बनाया। वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की सरकार में वित्त मंत्री रह चुके थे। उस दौर में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'अंतरात्मा' के आधार पर मतदान करने का आह्वान किया था। नतीजा यह हुआ कि वीवी गिरि को 4,20,077 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीवा रेड्डी को 4,05,427 वोट हासिल हुए। वीवी गिरि राष्ट्रपति चुनाव जीत गए। इस स्तर का वह एकमात्र चुनाव रहा, क्योंकि उसके बाद 'अंतरात्मा' की आवाज पर राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ा गया, लेकिन पालाबदल, पलटुओं, क्रॉस वोटिंग के चुनावों की लंबी परंपरा हमारे देश में रही है। इसे स्वतंत्र बौद्धिक, वैचारिक मतदान का नाम दिया गया अथवा घोड़ों की तरह विधायक खरीदे-बेचे गए या राजनीतिक दल के दायरे और उनकी निष्ठाएं बदलती रहीं। यह मुद्दा प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के दौर में भी उठा, जब गुप्त मतदान के बजाय खुले मतदान की पैरवी की गई। अंततः 2001 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में कानून मंत्री अरुण जेतली ने 'खुले मतदान' पर विधेयक संसद में पेश किया और वह कानून बना। समस्या जस की तस रही और अब 2024 के राज्यसभा चुनाव में उप्र, हिमाचल, कर्नाटक आदि राज्यों में विधायकों ने खुल कर 'क्रॉस वोटिंग' की। बयान दिए जाते रहे कि उन्होंने 'अंतरात्मा' की आवाज पर, जिसे योग्य समझा, उसके पक्ष में वोट किया। दरअसल इसके साथ दलबदल की समस्या भी जुड़ी है। उसे रोकने पर भी कानून है, लेकिन क्रॉस वोटिंग के साथ-साथ विधायकों के दलबदल भी सामने आए हैं। उनके खिलाफ संसदीय अथवा विधानसभा के स्तर पर कार्रवाई बहुत लंबी चलती है, देरी भी होती है या आगामी चुनाव का समय भी करीब आ जाता है। फिर कानून के फायदे क्या हैं? महाराष्ट्र का उदाहरण सबसे ताजा है। उप्र में समाजवादी पार्टी के 7 विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग ही नहीं की, बल्कि पार्टी भी बदल ली। उनमें विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय भी एक हैं। इसका असर अमेठी, रायबरेली, अयोध्या समेत 7 लोकसभा सीटों पर पडना निश्चित है। यही नहीं, गुजरात से छह बार के सांसद एवं पूर्व रेल राज्यमंत्री नारायण राठवा अपने बेटे समेत कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष वासवराज पाटिल ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बिहार में कांग्रेस के 2 विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरभ और राजद की विधायक संगीता कुमारी ने भी दलबदल कर भाजपा का पाला चुना है। चर्चा है कि भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़वाने का आश्वासन दिया है। दलबदल या क्रॉस वोटिंग नैतिकता या किसी ईमान का सवाल नहीं है और न ही जनता के साथ धोखा है। जनता अगले चुनाव में अपना जनादेश देकर उन्हें सही ठिकाने लगा सकती है, लेकिन इनसे सरकारें अस्थिर होती हैं और अंततः प्रभाव जनता पर ही पड़ता है। अब अहम सवाल यह है कि क्या ऐसा कानून बनेगा कि एक दल से जीतने के बाद पाला न बदला जा सके।

लोकसभा के पूर्व स्पीकर नीलम संजीवा रेड्डी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनकी उम्मीदवारी से सहमत नहीं थीं, लिहाजा उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ, अपने उम्मीदवार के तौर पर, लोकप्रिय मजदूर यूनियन नेता वीवी गिरि को चुनाव मैदान में उतार दिया। गिरि ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा। तब स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ और विपक्ष के अन्य दलों ने सीडी देशमुख को अपना साझा उम्मीदवार बनाया। वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की सरकार में वित्त मंत्री रह चुके थे। उस दौर में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'अंतरात्मा' के आधार पर मतदान करने का आह्वान किया था। नतीजा यह हुआ कि वीवी गिरि को 4,20,077 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीवा रेड्डी को 4,05,427 वोट हासिल हुए। वीवी गिरि राष्ट्रपति चुनाव जीत गए। इस स्तर का वह एकमात्र चुनाव रहा, क्योंकि उसके बाद 'अंतरात्मा' की आवाज पर राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ा गया, लेकिन पालाबदल, पलटुओं, क्रॉस वोटिंग के चुनावों की लंबी परंपरा हमारे देश में रही है। इसे स्वतंत्र बौद्धिक, वैचारिक मतदान का नाम दिया गया अथवा घोड़ों की तरह विधायक खरीदे-बेचे गए या राजनीतिक दल के दायरे और उनकी निष्ठाएं बदलती रहीं।

## वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं

# प्रशासनिक भ्रष्टाचार के लिए प्रशासन ही जिम्मेदार

राजेंद्र मोहन शर्मा

**भारतीय** प्रशासन में सच्चरित्रता तथा नैतिकता की स्थापना करना एक विषम समस्या है। ऐसा भ्रष्टाचार परम्परागत व विश्वव्यापी है जिसे समाप्त नहीं किया जा सकता तथा केवल कुछ सीमा तक इसे कम जरूर किया जा सकता है। कौटिल्य ने कहा है कि सार्वजनिक कर्मचारियों द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग न करना उसी तरह से संभव है जिस तरह जीभ पर रखे शहद को न चखना है। भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं। वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है। ऊंचा ठाठ-बाठ बनाए रखना वस्तुतः प्रतिष्ठा का परिचायक बन चुका है। वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं। यद्यपि सरकार ने वेतनभोगियों के भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने के लिए कई नियम व कानून बना रखे हैं, मगर इन सबके बावजूद ऐसे भ्रष्ट लोग कानूनों से बचने में सफल हो जाते हैं। कितनी विडंबना है कि राजनीतिज्ञों ने विभिन्न कार्पोरेट के लोगों से अपनी पार्टियों को चलाने के लिए इलैक्ट्रोल बॉन्ड की खरीदो-फरोख्त करने की न केवल इजाजत दे रखी थी, बल्कि इस धन को आयकर से भी बाहर कर रखा था तथा इसी तरह कोई भी व्यक्ति इस सम्बन्ध में सूचना भी प्राप्त नहीं कर सकता था। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने ही इस मक्कडजाल को तोड़ा है तथा भ्रष्टाचार के इस अवैध मार्ग को परास्त किया है। वास्तव में राजनीतिज्ञ प्रशासन को अपने हाथ में लेकर अपनी स्वार्थपूर्ण नीतियों व नियमों को बनाते रहते हैं। उस समय में आरबीआई के गवर्नर रहे अर्जित पटेल ने चुनाव आयोग को आगाह किया था कि यह स्कीम मनी लॉन्डरिंग को बढ़ावा देगी जोकि देश के हित में नहीं होगा। मगर पिंजरे का तोता चुनाव आयोग इस सम्बन्ध में



कुछ न कर सका तथा चुप्पी साधे बैठे रहा। भ्रष्टाचार को तो मानो सामाजिक मान्यता प्राप्त हो चुकी है। पैसा व प्रतिष्ठा तो अब एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। पांच-चार हजार की रिश्वत तो चाय पानी के रूप में ही मानी जाती है। प्रशासन में छोटी छोटी अनियमितताएं अब स्वाभाविक प्रक्रियाएं मान ली जाती हैं। जो व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी करता है उसे असामाजिक व्यक्ति माना जाता है। प्रशासनिक कार्यों में नैतिकता समाहित करने के लिए कई सस्थाएं बनाई गई हैं, मगर वे भी आम तौर पर निष्क्रिय ही पाई जाती हैं। सतर्कता विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक संस्थाएं, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पुलिस का गुप्तचर विभाग, लेखा परीक्षण तथा लोकायुक्त सहित सभी विभाग पूर्णतः क्रियाशील व प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। उधर हमारी न्यायिक व्यवस्था भी इतनी जटिल है कि अपराधी किसी न किसी बहाने छूटने में सफल हो जाते हैं। अधिकतर देखा गया है कि बड़े अधिकारियों को पकडन्ना मुश्किल होता है तथा छोटे मोटे कर्मियों जैसे कि पटवारी, कानूनगो, वन रक्षक या फिर क्लर्क इत्यादि लोगों को पकडक़र ये सारे विभाग अपना टारगेट पूरा करते रहते हैं। वास्तव में प्रशासनिक वेतनभोगियों को बचाने के लिए हमारे कानून ने एक बहुत बड़ा बचाव व संरक्षण का तरीका समाहित कर रखा है। भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 197 के अन्तर्गत किसी भी न्यायाधीश या लोकसेवक द्वारा यदि कोई भ्रष्ट आचरण किया जाता है तथा अमुक व्यक्ति पुलिस द्वारा पकड़ भी लिया जाता है, तब भी पुलिस को ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध चालान को न्यायालय में भेजने से पहले उस व्यक्ति के नियुक्त अधिकारी से अभियोजन की स्वीकृति लेना आवश्यक है। आम तौर पाया गया है कि भ्रष्ट उच्चाधिकारियों की स्वीकृति को टाले रखा जाता है तथा कई वर्षों तक यह खेल चलता रहता है। तदोपरान्त एक समय के बाद उस चालान की न्यायालय में भेजने की समय सीमा समाप्त हो जाती है, हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सम्बन्ध में कई बार निर्णय दे रखे हैं कि भ्रष्टाचार करना किसी कर्मचारी का आधिकारिक कार्य का हिस्सा नहीं है तथा कि ऐसे मामलों में चालान को बिना स्वीकृति के ही न्यायालय में भेजा जा सकता है, मगर फिर भी देखा गया है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी इस कानूनी धारा का लाभ उठा कर सजा से बचते रहते हैं। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के भ्रष्ट आचरण को रोकने की जिम्मेदारी तो उनके अपने विभाग की ही होनी चाहिए, मगर चोर चोर मौसेरे भाई की उक्ति की पालना करते हुए आम तौर पर अधिकारी चुप्पी साधे रखते हैं तथा यह सारा कार्य पुलिस को ही करना पड़ता है। जब सारा तन्त्र ही भ्रष्ट हो, तब पुलिसमैन भी कोई ऐसा फरिश्ता या अली बाबा नहीं हो सकता जो ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को पकडन्ने में सक्षम हो पाए। यह भी देखा गया है कि भ्रष्ट कर्मियों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से बनाई गई सम्पत्ति की जांच नहीं की जाती तथा वे देखने में ईमानदार ही लगते हैं, जबकि उन्होंने न जाने कितने करोड़ों की सम्पत्ति कई स्थानों पर अपने रिश्तेदारों या फिर चहेतों के नाम पर बना रखी होती है। इसी तरह ऐसे भ्रष्ट अधिकारी लाखों करोड़ों रुपए अपने बच्चों की पढ़ाई या उनके विवाह पर खर्च करते पाए जाते हैं तथा अपनी दो नम्बर की कमाई का किसी भी पुलिस तन्त्र को पता ही नहीं लगने देते। आखिर क्या कारण हैं कि एक ही पद तथा एक ही वेतनमान पर कार्यरत एक ईमानदार व एक भ्रष्ट कर्मी का जीवन स्तर न केवल अलग-अलग होता है बल्कि एक कम वेतनमान वाले कर्मी का आलीशान बंगला व उसकी अन्य सुख सुविधाएं दूसरे से कहीं अधिक होती हैं। वास्तव में अधिकांश व्यक्ति नौकरशाही की कार्यप्रणाली, कठोर नियमों तथा जटिल प्रक्रियाओं से घिरी होने के कारण अपना कार्य शीघ्रतापूर्वक सम्पादित करवाने हेतु घूस देना पसन्द करते हैं तथा कर्मचारियों की यह प्रवृत्ति बन गई है कि बिना घूस के कार्यों को आम तौर पर नहीं किया जाता।

भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं। वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस में सियासी भगदड़ क्यों?

**भाजपा** के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडन्ने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडन्ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजेपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोडक़र कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाईकमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमलनाथ की वजह से कांग्रेस छोडन्ने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे, फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे हैं, वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडन्ना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बीरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं, वहीं दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडन्ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोडन्ने का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोहभंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं।

कुछ अलग

# सही रंग की पहचान...

**बहुत** दिन से हमें रंगों की तमीज करनी भूल गई! काला रंग सदा डराने वाला लगता था, आज कितना अपना-सा लगने लगा है। काला रंग जो रात के उतरने का सूचक होता है। यह रंग अंधेरे का सहोदर है। आज जिस आजादी का अमृत महोत्सव हम मना रहे हैं, उसकी शुरुआत ही कभी एक आधी रात को किसी जननायक ने अपनी क्षीणकभीर वाणी से की थी। 'रात के बारह बज गए। अब देश में आजादी की नई सुबह होगी। सदियों की गुलामी भरा यह काला अंधेरा छंट जाएगा। फिर क्षितिज पर उषा की लालिमा उभरेगी। नया सवेरा नई आजाद सांसों का ध्वजवाहक होगा।' काला रंग विदा होगा, नए सूरज की सफेदी इस धरा पर उतरेगी। हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी, और हर बच्चे के हाथ में किताब सी सफेदी। इस सफेदी से सब अंधेरे भगौड़े हो जाएंगे। अतीत की कालिख कचरे के उस डिब्बे में डाल दी जाएगी, कि जिसके पास कभी सुबह की सफेदी फटकना न चाहेगी। वायदे बहुत से वायदे। लेकिन इतना वक्त बीत गया कि अब तो हम इस बीतते वक्त का अमृत महोत्सव भी मनाने चले। लेकिन यह कैसा वक्त बीता कि काला अंधेरा और भी पांव पसार कर देश में जलते चिराग बुझाता चला गया। सफेद रंग का, उसके धवल उजलेपन का अवमूल्यन हो गया। नेताओं के धवल कुर्ते पायजामे और कश्तीनुमा सफेद टोपियां गाहे-बगाहे रंग बदलती रहीं, लेकिन उन्होंने एक बार हाथ आई कुर्सियों की सवारी नहीं छोड़ी, बल्कि इन पर आधिपत्य जमाए अपना जन्मसिद्ध अधिकार मान वे इसे अपने नाती-पोतों के लिए सुरक्षित करने लगीं। नाती-पोते भी ऐसे कि जिन्हें इतनी समझ भी नहीं कि इस देश ने दो सौ बरस की गुलामी इंग्लिशस्तान की भुगती थी, या अमरीका की? अब भला उन्हें कैसे समझाएं कि भौगोलिक गुलामी तो तुमने अंग्रेजों की भुगती थी, अब 'एक दुनिया एक मंडी' के नाम पर तुम व्यावसायिक गुलामी अमरीका जैसे धनी मानी देशों की भुगत रहे हो। विदेशी थैलीवानों के निवेश की चाह ने इस आर्थिक गुलामी का भूमंलीकरण कर दिया, सुना क्या? जी हां, रंगों की पहचान की गड़बड़ यहीं से होती है। चले थे सफेदी भरी सुबह की तलाश में, और यहां कभी न खत्म होने वाली रात का अंधेरा सुबह हो जाने का भ्रम देने लगा। हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी और हर नए जन्मे के हाथ में किताब नई सुबह की रौशनी का आभास नहीं, देश में गहराते अंधेरे में नारों की मशाल बन गई। यह मशाल हर पांच साल के बाद चुनाव के दिनों के करीब क्यों एकाएक भक्क से जल उठती है? चुनाव परिणामों के बाद कुर्सियां बंट जाएं तो यह मशाल क्यों भव्य अट्टालिकाओं का आतिशदान बन जाती है? हम रंगों के मसीहा से पूछना चाहते हैं, कि न उभरने दो, करोड़ों लोगों के बीच में से ऐसे सवाल कि जिनका जवाब चुनावी भाषणों के पास नहीं है। क्यों न इस प्रश्नावली से निकलने की बजाय हम काले रंग को सुबह के सफेद राजसी दोशाले से समेट कर इसे एक समन्वयवादी गरिमा प्रदान कर दें? जानते हो जिंदगी का सच काले को सफेद में बदल देना नहीं है, एक नए मटमैले रंग का स्वीकार है, जहां कतार में खड़ा आखिरी आदमी एक दीर्घ उच्छवास भर कर कह सके, यहां यूं ही चलता है भय्या! क्या हम यह नया सच स्वीकार कर लें कि यहां सूरज के रथ में जुता सातवां घोड़ा उसी अंधेरे का वारिस है, जो दूसरे छह घोड़ों को भी चलने की प्रेरणा देता है। जवाब नहीं मिला। पौन सदी गुजर गई, क्यों न इस बात का अमृत महोत्सव मना लें कि भ्रष्टाचारी देशों के सूचकांक में हमारा दर्जा और भी गिरावट भरा हो गया है। यह बात तो एक अकाट्य सत्य हो गई कि इस देश में उचित सम्पर्क सूत्र के बिना कोई काम अपनी मंजिल की ओर नहीं सरकता।

देश दुनीया से

# कोयले का सनसनीखेज अतीत, जिसने भूगोल के साथ इतिहास को भी किया प्रभावित

**यूरोप** ने कभी नहीं सोचा था कि दुनिया के सबसे बड़े कोयला क्षेत्रों, यानी रूस के कुजनेत्स और यूक्रेन के डोनेस्क का पड़ोसी होने के बावजूद उन्हें अटलांटिक पार अमेरिका से कोयला मंगाना पड़ेगा। रूस को भी अनुमान नहीं था कि कोयले की, जो उसके औद्योगिक इतिहास का सबसे बड़ा निर्माता है, खदानों में सन्नाटा छा जाएगा। इधर यूक्रेन को भी कहां अनुमान था कि हमलों के बीच उसे अपनी बंद पड़ी खदानों के भीतर से कोयला निकाल कर बिजली बनानी पड़ेगी। यह वही कोयला है, जिसने यूक्रेन के डोनबास इलाके में इतिहास बनाया था। कोयले के कारण ही पूरा कम्युनिस्ट पूर्वी यूरोप बिखर गया। इसी कोयले की वजह से वर्ष 1991 में मिखाइल गोर्बाचेव की विदाई हुई थी। तो आइए टाइम मशीन में कुर्सी पकड़िए। चलते हैं इतिहास की यात्रा पर। सोशल मीडिया पर रातों-रात स्टार बन जाने वाले अनजान गुमनाम लोगों के दौर से पीछे जाते हुए मशहूर टाइम मैगजीन के मुखपृष्ठ पर एक तस्वीर देखकर आश्चर्य होगा। हम अब 1935 में हैं और आपके हाथ में है टाइम मैगजीन। इसके कवर पर अलेक्सी स्टैकनोव की तस्वीर है। अलेक्सी स्टैकनोव कोई नेता, अभिनेता, वैज्ञानिक या समाजसेवी नहीं हैं। तीस साल के स्टैकनोव रूस की एक कोयला खदान में मजदूर हैं। कोयले के खनन में उनके एक चमत्कार ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। स्टैकनोव ने तीन लोगों की एक छोटी-सी टीम के साथ कोयला निकालने और उसे ऊपर तक ले जाने का तरीका बदला। और छह घंटे की शिफ्ट में 102 टन कोयले का उत्पादन कर दिया। स्टैकनोव हीरो हो गए। कम्युनिस्ट पार्टी को नया ब्रांड एंबेसडर मिल गया। अब चलते हैं मास्को। दौर है 1936 का। यहां जोसेफ स्टालिन मजदूरों की एक बड़ी कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में आए मजदूरों को स्टैकनोवाइट्स कहा जा रहा है। यानी वे श्रमिक, जो अपनी मेहनत से खुश और सुखी हैं। स्टालिन कह रहे हैं, 'लाइफ हैज बिकम हैपियर कामरेड्स, लाइफ हैज बिकम हैपियर...' यही वह संदेश था, जिस पर संगीत व गीत बनाए गए। हालांकि बाद के दशकों में स्टालिन का यह संदेश व्यंग्य बन गया। कम्युनिस्टों के स्टार मजदूर स्टैकनोव रूस और यूक्रेन के सीमावर्ती इलाके डोनबास से आते हैं, जिसे डोनेट्स रीजन कहा जाता है। इसका एक हिस्सा रूस में और दूसरा यूक्रेन के पास था, जिसे पुतिन के ताजा हमले ने स्वायत्त क्षेत्र में बदल दिया है। डोनबास यूक्रेन का सबसे विकसित शहरी इलाका है। 2014 में रूस से संघर्ष की शुरुआत से पहले यहां का समृद्ध कोयला और खनन उद्योग यूक्रेन की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत था। इस सफर के लिए टाइम मशीन में बैठने से पहले आप भी खारकीव, डोनेस्क जैसे शहरों के नाम सुन चुके होंगे। मारियोपोल का बंदरगाह शहर, जिस पर रूस ने मौत बरसाई है, भी इसी समृद्ध कोयला और औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा है। टाइम मशीन अब तेजी से उड़ान भर कर 18वीं सदी के ब्रिटेन में आ गई है। यह ब्रिटेन में औद्योगिक क्रांति, नई फैक्टरियों और बढ़ते कामगारों का दौर है। अब आप वेल्स के मिथाइल टैडफिल शहर में हैं, जहां शुरुआती लोहा उद्योग विकसित हुआ था। यहां आपको जॉन ह्यूज के किस्से सुनने को मिलेंगे। वह एक लोहा मिल में इंजीनियर के बेटे थे। किस्मत और नसीहतों की चक्करदार सीढ़ियां चढ़ते हुए ह्यूज पहुंच गए मिलवाल आयरन ऐंड शिपबिल्डिंग वर्क्स, जो तब सबसे बड़ी लोहा कंपनी थी। ह्यूज को इस कंपनी का निदेशक बनाया गया और वह निकल पड़े कोयले की तलाश में। टाइम मशीन में आपको दिखाई देगा कि 1869 में ह्यूज करीब आठ जहाजों पर साजो-सामान और मजदूरों के साथ यूक्रेन पहुंच गए हैं, जहां लोहा भी है और कोयला भी। डोनेट्स के इस वीरान इलाके में उद्योग नाम की चीज नहीं थी। ह्यूज ने यहां एक मेटलर्जिकल और रेल पटरी बनाने की फैक्टरी लगाई। काला सागर करीब ही था, जिससे तैयार माल ब्रिटेन पहुंचने लगा। यह बोल्शेविक युग से पहले की बात है, जब आपको दिखेगा कि जॉन ह्यूज रूस के औद्योगिकीकरण के प्रवर्तक बन गए हैं। डोनबास के इलाके में मजदूर जुटने लगे हैं। कोयला और लोहा उद्योग चमक रहा है। जॉन ह्यूज ने यहां एक शहर बसाया, जिसे युजकोवा नाम दिया गया था। इस शहर में मजदूरों को ब्रिटेन की तर्ज पर अच्छे अस्पताल, स्कूल आदि की सुविधाएं दी गईं। टाइम मशीन अब आपको बोल्शेविक क्रांति के बीचों-बीच ले आई, जिसके असर से ह्यूज की कंपनी के विदेशी कर्मचारियों और मालिकों को देश छोड़ना पड़ा, लेकिन उद्योग फलता-फूलता रहा। युजकोवा शहर का नाम बदल कर सिटी स्टालिनो कर दिया गया। टाइम मैगजीन के कवर पर विराजने वाले मजदूर स्टैकनोव ने इस इलाके को दुनिया में मशहूर कर दिया। टाइम मशीन में स्टैकनोव का किस्सा सुनते हुए हम आ गए हैं 1985 मे। ठीक पहचाना आपने, ये मिखाइल गोर्बाचेव हैं, जो हैं रूस के पेरोस्त्रोइका यानी नए आर्थिक सुधार के प्रवर्तक।



रूस को भी अनुमान नहीं था कि कोयले की, जो उसके औद्योगिक इतिहास का सबसे बड़ा निर्माता है, खदानों में सन्नाटा छा जाएगा। इधर यूक्रेन को भी कहां अनुमान था कि हमलों के बीच उसे अपनी बंद पड़ी खदानों के भीतर से कोयला निकाल कर बिजली बनानी पड़ेगी। यह वही कोयला है, जिसने यूक्रेन के डोनबास इलाके में इतिहास बनाया था। कोयले के कारण ही पूरा कम्युनिस्ट पूर्वी यूरोप बिखर गया। इसी कोयले की वजह से वर्ष 1991 में मिखाइल गोर्बाचेव की विदाई हुई थी। तो आइए टाइम मशीन में कुर्सी पकड़िए। चलते हैं इतिहास की यात्रा पर। सोशल मीडिया पर रातों-रात स्टार बन जाने वाले अनजान गुमनाम लोगों के दौर से पीछे जाते हुए मशहूर टाइम मैगजीन के मुखपृष्ठ पर एक तस्वीर देखकर आश्चर्य होगा। हम अब 1935 में हैं और आपके हाथ में है टाइम मैगजीन।

आप का नजरीया

# कांग्रेस खुद पर अफसोस करे

**कांग्रेस** खुद पर अफसोस या गुस्सा करे, अहंकार की दौलत में बिक रहा जमाना। जाहिर है हिमाचल से राज्यसभा की यात्रा ने एक सरकार के वजूद को छील दिया और इस छिछालेदर में सारी खुन्नस निकल गई। राजनीति अपनी बस्ती नहीं चुन सकती, तो अपनी ही अस्थि उठानी पड़ेगी, वरना भाजपा के कुल 25 विधायकों के सामने कांग्रेस के चालीस इतने सक्षम थे कि अभिषेक मनु सिंघवी यहां से राज्यसभा का तिलक लगाकर लौटते, मगर लुटिया डूबी जहां आशाएं तैर रही थीं। इस गिनती पर कौन भरोसा करे जिसने भाजपा के हर्ष में अपनी तौहीन कबूल की। आश्चर्य यह कि जिस अकड़ से सत्ता चल रही थी, उसकी हड्डी पसली एक कर दी, लेकिन आत्मबोध का आचरण खुद को साबित नहीं कर सका। सुलगती सूलियों को तिनके समझकर, कांग्रेस ने अपने ही हाथों को जलाया इस कद्र। ऐसे में भाजपा का जीतना जनादेश की गवाही नहीं, लेकिन कांग्रेस का हारना जगहंसाई जरूर है। कौनसा शिखर और कौनसी तोपें थीं इस दुर्ग की, कयामत घर से निकली और सारे गुरूर को जला गई। ऐसे में गलत कौन? जनता जिसने कांग्रेस को सत्ता सौंपी या व जो बागी हो गए। क्यों न इस सल्तनत को दोषी मानें जो हिमाचल में निरंकुश और दिल्ली में अंधी थी। कब कांग्रेस अपनी हैसियत से 'आलाकमान' की हेकड़ी से बाहर नेतृत्व का कौशल दिखा पाएगी। यहां वह नेतृत्व भी हारा जिसने हिमाचल में सुक्खू सरकार का मौजूदा आकार बनाया और वह सत्ता भी हारी जिसने यारों का सहारा बनाया। एक एक करके गिनेंगे तो कितने कैबिनेट रैंक बिखर गए और बिखरा वह असंतुलन जो हिमाचल में कांग्रेस को संगठित नहीं कर पाया। आश्चर्य यह कि मुख्यमंत्री के गृह जिला से तीन विधायकों ने बगावत की, तो अपनी ही पार्टी को हराने में सुधीर शर्मा व राजिंद्र राणा ने शहादत दी। एक आसान सी जीत में अगर सुक्खू सरकार फिसल गई, तो सरकार के असंतुलन ही खा गए सरकार को। 'चादर फट गई पांव में नाखून बढ़े थे, शहनशाह की किस्ती में छेद बड़े थे।' अब एक बदसूरत तस्वीर में कांग्रेस का तामझाम और दिल्ली का दरबार खुद को होश में लाने के लिए प्रयासरत है। चोट खाने के बाद दिल का हाल पूछा जा रहा है, अपनी नब्ज को दूसरे हाथ में देकर मापा जा रहा है। यानी छह विधायक छंट गए, विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद छोड़ दिया और कितने सबूत चाहिएं कि आग किस कद्र लगी है। कांग्रेस को खुद पर भरोसा कब होगा। हिमाचल में सरकार का गठन जिस तरह हुआ, उसमें नालायकी, अहंकार, टकराव और उपेक्षा थी। फैसलों की फेहरिस्त में अपने ही विधायकों के अपमान अगर जुड़ रहे थे, तो कहीं बंदूक के साये सत्ता को अपने नशे की हिफाजत की चिंता थी। पहले मंत्रिमंडल के आकार में और फिर इसके प्रकार में कान ही तो पकड़े गए। जिस कांगड़ा ने दस विधायक दिए, उसका सबसे क्षमतावान चेहरा इतना मजबूर किया कि वह आज सरकार के विरुद्ध तलवार बन गया। मंत्रियों को मजदूर और गैर विधायकों को अंगूर खिलाकर आत्मसंतुष्टि तो हो सकती है, लेकिन सरकारें यूं नहीं चलतीं।



अल्बामा में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस , अटार्नी बेन क्रप, डग इमहौफ इडमंड पूटस ब्रिज तक मार्च करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### आईडीएफ ने की हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी

**तेल अवीव।** आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी की है। जारी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर यह कार्रवाई की है। ताजा जानकारी के अनुसार आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के अयता अस शब और कफ़र किला इलाकों के साथ-साथ वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह बुनियादी ढांचे पर गोलाबारी की है। इजराइली हमला हिजबुल्लाह द्वारा कथित तौर पर रविवार को मेटुला, मलकिया और गजर में रॉकेट हमलों के बाद आया है। इजरायली खुफिया विभाग ने कहा है कि उसे आने वाले दिनों में वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ने की काफी आशंका है। उसने वेस्ट बैंक के सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा दी है। वहीं हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह ने भी हाल ही में टेलीविजन पर अपने संबोधन में गाजा की स्थिति और फिलिस्तीनियों की दुर्दशा पर इजराइल की जम कर आलोचना की थी। इधर इजराइल ने हिजबुल्लाह को भी चेतावनी दी है और सार्वजनिक रूप से कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल युद्ध के लिए भी तैयार है।

### प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को हराया



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद के लिए हो रहे प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को हरा दिया है। हेली के खिलाफ ट्रंप को सिर्फ 676 वोट मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार साउथ कैरोलाइना की गवर्नर निक्की हेली ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराया दिया है। निक्की और ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इसके लिए वाशिंगटन डीसी में वोटिंग हुई। अमेरिकी न्यूज पोर्टल के मुताबिक, हेली को कुल 1274 वोट मिले जबकि ट्रंप को 676 वोट मिले हैं। इस साल शुरू हुए इस कैंपेन में यह ट्रंप की पहली हार है। यह वोटिंग वाशिंगटन डीसी के एक होटल में वीकेंड पर हुई थी। रिपब्लिक पार्टी के आधिकारिक बयान के मुताबिक, निक्की हेली ने 63 प्रतिशत वोट हासिल किए। निक्की ने वाशिंगटन डीसी से जीत हासिल की है। जबकि इससे पहले ट्रंप ने उन्हें मिसौरी और इडाहो में हराया था।
उन्होंने मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी का समर्थन प्राप्त किया था। हालांकि ट्रंप जीओपी नॉमिनेशन की तरफ बढ़ रहे हैं और इस हफ्ते होने वाले 16 सुपर ट्यूजडे में जीत हासिल करने की संभावना जता रहे हैं। हेली को रविवार को मिली जीत ने ट्रंप के विजयी रथ को अस्थायी रूप से रोक दिया है। लेकिन इस सप्ताह होने वाले 'सुपर ट्यूजडे' में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी संख्या में डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिलने की संभावना अधिक बन रही है।

### 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट से चार अंतरिक्ष यात्री रवाना

**वाशिंगटन।** चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप (रॉकेट द्वारा संचालित अंतरिक्ष यान) के आगमन की निगरानी करने वाले हैं। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट ने नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को आईएसएस पहुंचने वाले हैं। वे अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के अंतरिक्ष यात्रियों का स्थान लेने वाले हैं, जो कि अगस्त से वहां मौजूद हैं। तेज हवा के कारण इन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने में तीन दिन की देरी हुई। जेनेट एप्स दूसरी अश्वेत महिला हैं जिन्हें अंतरिक्ष स्टेशन पर इतने लंबे मिशन के लिए भेजा गया है। उन्होंने उड़ान भरने से पहले कहा कि वह खासतौर से अश्वेत लड़कियों के लिए आदर्श बनकर गर्व महसूस कर रही हैं और उन्हें यह दिखा रही है कि अंतरिक्ष यात्रा ''उनके लिए भी एक विकल्प है।'' पेशे से इंजीनियर एप्स ने 2009 में अंतरिक्ष यात्री बनने से पहले फोर्ड मोटर कंपनी और सीआईई के लिए काम किया है। एप्स को 2018 में रूस के एक रॉकेट से अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा जाना था लेकिन उनके स्थान पर किसी और को भेज दिया गया था और इसकी वजह का कभी सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया।

### कैबिनेट मंत्रियों पर फैसला बाद में होगा

# शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के 24वें पीएम बने, राष्ट्रपति भवन में शपथ ली

**इस्लामाबाद।**
72 साल के शाहबाज शरीफ दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन गए हैं। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में उन्होंने शपथ ली। इस दौरान उनके बड़े भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज, तीनों सेनाओं के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। कैबिनेट का ऐलान बाद में किया जाएगा। शाहबाज को पहला बधाई संदेश तुर्किये से मिला। उसने शपथ के एक दिन पहले ही शाहबाज को शुभकामनाएं भेज दीं। शाहबाज पाकिस्तान के 24वें पीएम हैं। वे 3 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री चुने गए थे। उन्हें 201 सांसदों का साथ मिला था। उन्होंने संसद में 1 घंटे 24 मिनट भाषण दिया।

इस दौरान उनकी जुबान फिसल गई थी। उन्होंने खुद को पीएम की जगह विपक्ष का नेता बता दिया। शाहबाज ने कश्मीर का जिक्र भी किया। कहा- कश्मीर में लोग मारे जा रहे हैं। इसके अलावा इजराइल लगातार गाजा पर बमबारी कर रहा है। हमें कश्मीर और फिलिस्तीन की आजादी के लिए संसद में प्रस्ताव पास करना चाहिए। यह दूसरी बार है, जब शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के पीएम चुने गए हैं। इससे पहले साल 2022 में इमरान खान की सरकार गिरने के बाद शाहबाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने 12 अप्रैल 2022 को पीएम पद की शपथ ली थी। वो अगस्त 2023 तक पाकिस्तान के पीएम रहे। अगस्त 2023 में आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग कर दी गई थी। इसके बाद केयरटेकर सरकार आई।



### पूर्व पीएम युसूफ रजा गिलानी सीनेट अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे, भरा नामांकन पत्र

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। उनके सीनेट के अध्यक्ष बनने की संभावनाएं तेज हो गई है। सीनेट के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए गिलानी ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। गौरतलब है कि आठ फरवरी को पंजाब प्रांत के मुल्तान से नेशनल असेंबली के लिए चुनाव जीता था,हालांकि उन्होंने अपनी सीट खाली कर दी है। इस्लामाबाद से सीनेट सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे। 29 फरवरी को निचले सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले गिलानी ने रविवार को नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री चुनने के लिए चुनाव के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीन-नवाज के अध्यक्ष शहबाज शरीफ के लिए मतदान किया। पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच गठबंधन के बाद गिलानी के अगले सीनेट अध्यक्ष बनने की उम्मीद है। बता दें गिलानी ने 2008 से 2012 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि सीनेट अध्यक्ष पद के लिए गिलानी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थित चौधरी इलियास मेहरबान से होगा। सीनेट के लिए मतदान 14 मार्च को नेशनल असेंबली में होगा। मेहरबान सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार होंगे क्योंकि पीटीआई का नेशनल असेंबली में प्रतिनिधित्व नहीं है क्योंकि इमरान खान की पार्टी चुनाव नहीं लड़ सकती है। गौरतलब है कि कई राजनीतिक दलों के कुल 19 अन्य उम्मीदवार सीनेट की पांच अन्य सीटों के लिए मैदान में हैं, जिनमें से तीन बलूचिस्तान से और दो सिंध से हैं, जो राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए संसद के ऊपरी सदन के सदस्यों के चुनाव के बाद खाली हो गई थीं। नामांकन पत्र जमा करने के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग की समय सीमा रविवार को खत्म हो गई है। बता दें पीएमएल-एन के पास नेशनल असेंबली में स्पष्ट बहुमत है, जहां इस्लामाबाद से सीनेट सीट पर चुनाव के लिए मतदान होगा और इसलिए उनके सीनेट अध्यक्ष पद पर जीतने की संभावना ज्यादा है।

## हैती सरकार ने आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा



**पौर्टऔ प्रिंस।** हैती सरकार ने सप्ताहांत में हुई हिंसा के बाद सड़कों पर नियंत्रण फिर से हासिल करने के मकसद से देर रात आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। हिंसा के दौरान सशस्त्र गिरोह के सदस्यों ने देश की दो सबसे बड़ी जेलों पर धावा बोल दिया था। देश में 72 घंटे का आपातकाल तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

सरकार ने कहा कि यह उन हत्यारों, अपहरणकर्ताओं और अन्य हिंसक अपराधियों को खोज निकालने के लिए लागू किया जाएगा जो जेल से फरार हो गए हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रुप में काम कर रहे वित्त मंत्री पैट्रिक बायोवर्ट ने कहा, पुलिस को कर्फ्यू लागू करने और सभी अपराधियों को पकड़ने के लिए सभी कानूनी साधनों का इस्तेमाल करने का आदेश है।
प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बढ़ते शक्तिशाली अपराध समूहों के साथ संघर्ष में स्थिरता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित सुरक्षा बल की तैनाती के वास्ते समर्थन जुटाने की कोशिश में पिछले सप्ताह विदेश यात्रा की थी। हैती में गिरोहों द्वारा पोर्ट ऑ प्रिंस में सरकारी संस्थानों पर हमले बढ़ने के बीच गत सप्ताहांत हुई हिंसा में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है, जिसमें चार पुलिस अधिकारी हैं।

## थाई श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध के अवशेषों के प्रति सम्मान व्यक्त करते देख मैं प्रभावित हुआः जयशंकर



**बैंकॉक।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह बेहद हृदयस्पर्शी है कि 10 लाख थाई श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रति अपना सम्मान जाहिर किया है। इन पवित्र अवशेषों को एक प्रदर्शनी के तहत बैंकॉक में 22 फरवरी से तीन मार्च तक प्रदर्शित किया गया।

जयशंकर ने पोस्ट में उस विशेष मंडप की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें 26-दिवसीय प्रदर्शनी के पहले चरण के तहत बैंकॉक में पवित्र अवशेष प्रदर्शित किए हैं। दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों द्वारा पवित्र इन अवशेषों को राजकीय अतिथि के दर्जे के अनुरूप भारतीय वायुसेना के एक विशेष विमान से ले जाया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने पोस्ट किया, थाइलैंड के लाखों श्रद्धालुओं को भारत से आए पवित्र अवशेषों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। हमारी साझा विरासत और संस्कृति एक ऐसा सेतु है जो एक विशेष संबंध स्थापित करता है। इस संबंध में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और अन्य को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने कहा था कि यह पहली बार है कि जब भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेषों को एक साथ प्रदर्शित किया गया है।

## गाजा शहर में फिलिस्तीनी इजरायली हमले में मारे गए

गाजा । गाजा शहर में मानवीय सहायता के इंतजार में कई फिलिस्तीनी इजरायली हमले में मारे गए और कई लोग घायल हो गए है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने इसकी जानकारी दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने गाजा शहर के दक्षिण में कुवैत चौराहे पर आटे से लदे सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे लोगों पर गोलीबारी की। इसके पहले इजरायली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में मानवीय सहायता ले जा रहे एक छोटे ट्रक पर बमबारी की, जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए। इजरायल की ओर से इन घटनाओं पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन फिर भी दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

**काठमांडू ।** नेपाल में सियासी उथल-पुथल जारी है। देश के सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे।

## ब्राजील में बस पलटने से दो की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के पेलोटास शहर में एक बस के पलटने से दो लोगों की मौत हुई और 40 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों पीड़ित महिलाएं थीं। इसमें एक की उम्र 42 साल और दूसरी की 70 साल थी। उन्होंने बताया कि संघीय राजमार्ग बीआर-116 पर बस चालक ने बाइक से आमने-सामने की टक्कर से बचने की कोशिश की तब बस पलट गई।

## अबुधाबी में बने हिंदू मंदिर में दर्शन के लिए एक दिन में पहुंचे 65 हजार लोग

अबु धाबी।
संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी में निर्मित बीएपीएस हिंदू मंदिर में दर्शन करने वालों का तांता लगा हुआ है। यहां एक दिन में 65 हजार लोग दर्शन को पहुंचे हैं। बता दें कि अबु धाबी में यह धार्मिक स्थल रविवार से आम जनता के लिए खुल गया है। आंकड़े बता रहे हैं कि पहले ही दिन मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 हजार के आंकड़े को पार कर गया है।

फरवरी में ही पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बस और कार के जरिए सुबह 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि शाम के वक्त यह आंकड़ा 25 हजार के ऊपर पहुंच गया। खास बात है कि इतनी भीड़ होने के बाद भी 2-2 हजार के श्रद्धालुओं का बैच तैयार किया गया और सभी बगैर धक्का मुक्की के दर्शन के लिए कतार में इंतजार करते नजर आए। साधु ब्रह्मबिहारीदास का कहना है, इस दिन को हकीकत में बदलने के लिए पूर्ण समर्थन देने और नई बस सेवाओं के लिए हम यूएई के नेताओं और स्थानीय अधिकारियों के आभारी हैं।



मैं उन श्रद्धालुओं का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जो बेहद शांति से रहे। यह मंदिर आध्यात्मिकता, सद्भावना के प्रतीक के रूप में काम करेगा जो सभी लोगों को साथ लाएगा। इसी तरह अबु धाबी के सुमंत राय बताते हैं कि हजारों लोगों के बीच मैंने कभी ऐसी गजब की व्यवस्था नहीं देखी। मुझे इस बात की चिंता थी कि मुझे घंटों इंतजार करना पड़ेगा और शांति से दर्शन नहीं हो सकेंगे, लेकिन हमें अच्छे से दर्शन हुए और पूरी तरह से संतुष्ट हैं। बीएपीएस के वॉलिंटियर्स और मंदिर स्टाफ का धन्यवाद।

बता दें कि यूएई का यह पहला हिंदू मंदिर हैं। साल 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयन ने मंदिर निर्माण के लिए 13.5 एकड़ जमीन दान कर दी थी। बाद में साल 2019 में यूएई सरकार ने मंदिर के लिए 13.5 एकड़ जमीन और दे दी, जिसके चलते मंदिर के लिए प्राप्त जमीन 27 एकड़ तक पहुंच गई। साल 2017 में पीएम मोदी ने मंदिर की आधारशिला रखी थी। अब यह दर्शनों के लिए खोल दिया गया है।

## दुनिया का सबसे अमीर कुत्ता, 30 अरब की संपत्ति और सेवा में तैयार रहती है नौकरों फौज

**लॉस एंजेलस।** अमीर सिर्फ इंसान ही नहीं होते,कुत्ते भी होते हैं। एक ऐसा कुत्ता है जो 30 अरब की संपत्ति का मालिक है करोड़ों की गाड़ी में घूमता है। उसकी सेवा में नौकरों की फौज 24 घंटे सातों दिन तैनात रहती है। इस डॉग के नाम गंथर 6 है, जो एक जर्मन शेफर्ड है। इस कुत्ते के नाम करीब 30 अरब की संपत्ति है। यह असाधारण कुत्ता बीएमडब्ल्यू की सवारी करता है। इस कुत्ते के नाम कई बंगले तो हैं ही, इसके आवाला एक फुटबॉल क्लब भी है।

गंथर के पीआर लकी कार्ल्सन के मुताबिक, लेबिनस्टेन की मौत के समय उनका कोई नजदीकी रिश्तेदार नहीं था, ऐसे में लेबिनस्टेन ने सारी जायदाद अपने प्रिय कुत्ते के नाम कर दी थी। इसके बाद गंथर के नाम पर ट्रस्ट बनाया गया, जो ये सुनिश्चित करता है की पूरी संपत्ति गंथर और उसके परिवार के पास रहे। हाल ही में गंथर पर एक फिल्म भी बनाई जा रही है, जो काफी चर्चा का विषय भी बना रहा है।

गंथर 6 मशहूर पॉप सिंगर रह चुकीं मेडोना के पुराने घर में रहता है, जिसके पास एक बड़ा सा यॉट भी है। यहां बाहमास के विला से नौकर भी आते हैं। यह कुत्ता कैरिबियन द्वीपों में स्थित अपने 6 अरब 81 करोड़ के घर में रहता है। इतना ही नहीं गंथर की टीम ने यह भी खुलासा किया कि आलीशान डिनर के अलावा वे कई बार यॉट ट्रिप्स पर दुनिया की सैर करने के लिए भी जाता हैं एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कुत्ते का पैसा इटली का एक 66 वर्षीय आंत्रप्रेन्योर मौरिजियो मियान नियंत्रित करता है। दरअसल मियान गंथर कॉर्पोरेशन के सीईओ है, जो इस कुत्ते के असली मालिक द्वारा छोड़ी गई 29 अरब दो करोड़ रुपये की संपत्ति की देख रेख कर रही है। जर्मन काउंटेस कैरलोटा लेबिनस्टेन ने अपनी सारी संपत्ती इस कुत्ते के नाम कर दी थी।

# पंजाब का बजट दो लाख करोड़ से हुआ पार, न कोई कर न कोई राहत

## किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मंगलवार को विधानसभा में दो लाख चार हजार 918 करोड़ रुपए का सालाना बजट पेश किया। इस बजट में प्रदेश की जनता को न तो कोई राहत दी गई है और न ही कोई नया कर लगाया गया है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई मुफ्त बिजली योजना जारी रखने का एलान किया है। प्रदेश का सालाना बजट भले ही पिछले साल के मुकाबले बढ़ गया है लेकिन कई विभागों के सालाना बजट में पिछले साल के मुकाबले कटौती की गई है। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मंगलवार को सदन में बजट पेश करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की तरफ एनएचएम, आरडीएफ, एमडीएफ के रूप में आठ हजार करोड़ रुपए



बकाया है। वित्त मंत्री ने एलान किया कि पंजाब में किसानों तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। पंजाब के उद्योगों को बिजली पर सब्सिडी भी जारी रहेगी। सरकार ने स्कूल ऑफ एमीनेंस के लिए सौ करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के समय में विकास दर 13 फीसदी पहुंच गई है, जबकि पिछली सरकारों के समय में यह बहुत कम थी। उन्होंने साल 2013 से लेकर 2022 तक की विकास दर गिनाई। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार खेतों के आखिरी टेल तक नहरी पानी पहुंचा रही है। इससे पंजाब को मरुस्थल बनाने से बचाने में लगी है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के बजट में महिलाओं के लिए विशेष भत्ता घोषित किए जाने के बाद अनुमान था कि पंजाब सरकार आज के बजट में महिलाओं को एक हजार रुपए मासिक भत्ता देने का एलान कर सकती है। इस संबंध में आप ने चुनाव के दौरान एलान किया था। आज के बजट में महिलाओं के हित में किसी तरह की नया एलान नहीं किया गया है। महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जारी रहेगी। इसके लिए 450 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है। राज्य के लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली मुहैया करवाने के लिए सरकार ने सात हजार 780 करोड़ का बजट रखा है। सरकार ने मनरेगा स्कीम के तहत रोजगार के लिए 655 करोड़ रुपए रिजर्व रखे हैं। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के लिए 20 करोड़ रुपए रखे गए हैं। ग्रामीण विकास के लिए 3154 करोड़ का बजट रखा गया है। पंजाब सरकार ने टूरिज्म क्षेत्र के लिए 166 करोड़ का बजट रखा है। इस दौरान विभिन्न स्मारकों, पार्कों के लिए 30 करोड़ व सैर सपाटे के लिए 30 करोड़ खर्च किए जाएंगे। आम आदमी क्लिनिक के लिए 249 करोड़ का बजट रखा है। सरकार ने शिक्षा के लिए कुल बजट का 11.5 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित किया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका लालू प्रसाद यादव का पुतला

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गलत शब्द बोलने के खिलाफ किया प्रदर्शन

**झज्जर ( हिंस )।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार को अपशब्द कहने के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बहादुरगढ़ के मुख्य चौक में लालू प्रसाद यादव का पुतला फूंक कर रोष जताया। शहर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुए लालू प्रसाद मुर्दाबाद, भ्रष्टाचारी मुर्दाबाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, हम सब हैं मोदी का परिवार.. आदि नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार को लेकर अपशब्द बोलकर लालू यादव ने प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर पूरे देश में अंकुश लगाने के लिए काम हो रहा है, जिसके चलते लालू यादव सहित सभी भ्रष्टाचारी बौखलाए हुए हैं और उसी की बौखलाहट में प्रधानमंत्री पर अनाप-शनाप टिप्पणी



कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिवारवाद व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने पर देश की जनता का नरेंद्र मोदी में के नेतृत्व में अटूट विश्वास बना हुआ है और इसी विश्वास की बदौलत मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को जनता अपनी वोट की ताकत से पूरा करने का काम करेगी। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार है। पुतला दहन के समय जिला कष्ठ निवारण समिति के सदस्य तरुण वशिष्ठ, जिला सचिव नरेश भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष ऋषि भारद्वाज, दलित पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष विक्रम व मंडल अध्यक्ष छारा देव कुमार सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंजाब विस : कांग्रेसियों ने सदन के बाहर दिया धरना

## सीएम के जूती वाले बयान पर स्पीकर को सौंपा विशेषाधिकार प्रस्ताव



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विधानसभा में मंगलवार को भी बजट से पहले कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा सोमवार को सदन में दिए गए बयान के विरोध में प्रदर्शन किया और स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को विशेषाधिकार प्रस्ताव सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा तथा अन्य विधायक हाथों में तख्तियां लेकर विधानसभा पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस विधायक राजकुमार चब्बेवाल सिर पर सांकेतिक बजट की गठरी लादकर पहुंचे हुए थे। चब्बेवाल ने कहा कि यह झूठ का पिटारा है, जिसे आज सदन में खोला जाएगा। सदन के बाहर नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन के भीतर कांग्रेस के विधायक सुखविंदर सिंह कोटली को जूती सुंघाने के बारे में बयान दिया था। कोटली ने सदन में केवल दलित डिप्टी सीएम लगाए जाने को लेकर सवाल किया था। बाजवा ने कहा कि कांग्रेस शिष्ठमंडल द्वारा स्पीकर कुलतार सिंह संधवा से मुलाकात करके उन्हें मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव सौंपा गया है। बाजवा तथा कांग्रेस प्रताप अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में दलित विधायक का अपमान किया है। वह सदन में माफी मांगे। इसी मांग को लेकर कांग्रेस ने आज प्रश्नकाल के दौरान सदन के बाहर जमकर हंगामा किया और सीएम के खिलाफ नारेबाजी की।

# राजस्थान वासियों का प्रकृति के प्रति लगाव अद्भुत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना में केवल मानव जाति का ही नहीं अपितु समस्त जीव-जंतुओं, पृथ्वी और प्रकृति का कल्याण निहित है। प्रकृति में बेहतर सामंजस्य और संतुलन के आधार पर ही मानव जाति का विकास संभव है। इसलिए हमें प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करना चाहिए। शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सतत् विकास लक्ष्यों में तेजी लाने संबंधी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन के दूसरे दिन आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों का लुप्त होना चिंताजनक है। इन्हें बचाने के लिए पर्यावरण संतुलन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से मानव जाति का अस्तित्व भी खतरे में है। इसीलिए हमें हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य




पूरा करते हुए आस-पास रह रहे जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में भी सोचना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा एक छोटा सा प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे हमें जो आत्मसंतुष्ठि मिलेगी वही हमारा सच्चा पुरस्कार होगा। शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प में मानव कल्याण की भावना निहित है। राज्य सरकार इसी संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी मानना है कि सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के संकल्प के साथ ही राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति अद्भुत है। यहां प्रत्येक प्राणी का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर है और एक जीव दूसरे जीव का पालनहार है। प्रकृति के इसी संतुलन को बनाए रखना वर्तमान समय की आवश्यकता है। हमें हमारी आवश्यकताओं के अलावा भी प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान वासियों में प्रकृति के प्रति लगाव के कई उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलते हैं जिनमें अमृता देवी का नाम प्रमुख है, जिन्होंने वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यूएनडीपी एसडीजी नॉलेज हब पोर्टल, राज्य सरकार द्वारा तैयार एसडीजी-2 डेशबोर्ड तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विश्लेषण डेशबोर्ड का लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों द्वारा एसडीजी के संबंध में किए गए कार्यां पर आधारित स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वीके पॉल, वरिष्ठ सलाहकार (एसडीजी) डॉ. योगेश सूरी, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक शोम्बी शार्प, आयोजना विभाग के शासन सचिव नवीन जैन सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सम्मेलन के प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।

# गुलाम नबी आजाद ने डीपीएपी को भाजपा की बी टीम बताने वालों को आड़े हाथों लिया

**अनंतनाग ( हिंस )।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने मंगलवार को कहा कि जो लोग उन पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हैं, उन्हें यह कहने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वे खुद अतीत में भगवा पार्टी के साथ गठबंधन में रहे हैं। आजाद की यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर में क्षेत्रीय दलों के उन आरोपों के बीच आई है कि उनकी पार्टी भाजपा की बी टीम है। आरोपों के बारे में पूछे जाने पर आजाद ने अनंतनाग में संवाददाताओं के सामने कहा कि जो लोग कहते हैं कि मैं बी टीम हूं तो वे दोनों ए टीम हैं। वे सरकार में रहे और मुख्यमंत्री बने। मैं उस टीम का कोई मंत्री या सांसद या विधायक नहीं रहा हूं।

# अवमानना मामले में हरियाणा के मुख्य सचिव व गृह सचिव को हाई कोर्ट ने भेजा नोटिस

**गुरुग्राम ( हिंस )।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने प्रदेश के पांच न्यायिक अधिकारियों की अवमानना याचिका पर हरियाणा के मुख्य सचिव सहित दो अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुरुग्राम मनोज कुमार राणा और अन्य अधिकारियों ने नियुक्तियों को लेकर हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश का पालन न करने पर अवमानमा याचिका दायर की है। इस मामले में जस्टिस राजबीर सहरावत की बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल और गृह एवं न्याय विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद को नोटिस जारी कर 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अपनी याचिका में अधिकारियों ने हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश की जान-बूझकर अवज्ञा करने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति पर सिफारिशें राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हैं। साथ ही निर्देश दिया कि जिन 13 अधिकारियों को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों (एडीजे) के रूप में नियुक्ति के लिए



सिफारिश की गई थी, उनकी नियुक्ति दो सप्ताह के भीतर की जाए। विचाराधीन आदेश उन याचिकाओं पर आया, जिनमें हाई कोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के सरकार के कदम को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट से फिर से नाम भेजने के लिए कहा गया था। सरकार का विचार था कि केंद्र से प्राप्त कानूनी राय के अनुसार हाई कोर्ट ने 30 नवंबर 2021 के एक प्रस्ताव के माध्यम से इन रिक्तियों को भरने के लिए मानदंड में संशोधन किया है। नियमों में संशोधन के लिए परामर्श की आवश्यकता अनिवार्य है। इसमें परामर्श नहीं हुआ था, इसलिए सरकार उच्च चयन समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं थी। फरवरी 2023 में एडीजे के रूप में नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट ने 13 नामों की सिफारिश की गई थी। सरकार ने नामों को अधिसूचित नहीं किया। इसे लेकर 6 सितंबर, 2023 को कुछ न्यायिक अधिकारियों ने न्यायिक पक्ष में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और याचिकाएं दायर की गईं। इस पर 20 दिसंबर को दो सप्ताह के भीतर अनुशंसित अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश के साथ निस्तारण किया गया था। याचिका के अनुसार, सरकार के साथ-साथ कुछ असफल उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 13 फरवरी, 2024 को उपरोक्त सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी गईं, लेकिन उसके बाद भी नियुक्तियों को अधिसूचित नहीं किया गया है। जनवरी 2020 से हरियाणा में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के पद पर कोई पदोन्नति नहीं हुई है, जिससे फीडर कैडर में स्थिरता आ गई है। इसका पूरे कैडर पर प्रभाव पड़ेगा। अधिकारियों के वकील हर्ष चोपड़ा ने तर्क दिया था कि सरकार के इस कदम से अधिकारियों की वरिष्ठता पर भी असर पड़ने की संभावना है।

# लखपति दीदी महासम्मेलन बुधवार को, पीएम करेंगे लाइव संबोधन

**जींद ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर बुधवार छह मार्च को आयोजित महासम्मेलन में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को बताया कि कार्यक्रम जिला एवं खंड स्तर पर आयोजित किए जाएगें। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि छह मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होने वाले इन कार्यक्रमों का सुचारू रूप से संचालन करवाने को लेकर संबंधित अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए स्थानीय डीआरडीए के सभागार का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में जींद के विधायक डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा व नगर परिषद की चेयरपर्सन डॉ. अनुराधा सैनी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगें। उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख से अधिक की आय के लिए सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए उन्हें कई योजनाओं में शामिल किया गया है।

# आम आदमी पार्टी को झटका, राठी ने थामा हाथ




**हिसार ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी को उस समय करारा झटका लगा जब, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्होंने मंगलवार को हिसार में पार्टी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा के समक्ष कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। इस दौरान मनोज राठी के साथ व्यापार सेल के जिला सचिव व हांसी के पूर्व हलका अध्यक्ष डॉ. रामबिलास जांगड़ा, हांसी ब्लॉक अध्यक्ष व हांसी के पूर्व संगठन मंत्री सुभाष भारती सहित काफी संख्या में उनके समर्थकों ने कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता को भरपूर सम्मान मिलता है और काम करने का भी पूरा अवसर दिया जाता है। मनोज राठी ने इस अवसर पर कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद कुमारी सैलजा प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेगी।

# टोहाना में फेसबुक पर लाइव आकर भाखड़ा में कूदा पंजाब का युवक

**फतेहाबाद ( हिंस )।** जिले के टोहाना क्षेत्र मंगलवार को एक युवक द्वारा भाखड़ा नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने का समाचार है। नहर में कूदने से पूर्व युवक फेसबुक पर लाइव आया और कुछ लोगों के नाम लेकर बताया कि इन लोगों की वजह से वह जान दे रहा है। युवक की पहचान पंजाब के संगरूर जिले के क्षेत्र लहरागागा निवासी मनीष के रूप में हुई है। मनीष ने भाखड़ा नहर में छलांग लगाने से पहले वीडियो में बताया कि वह मोबाइल फोन की दुकान पर सेल्समैन है। दुकानदार उससे गलत तरीके से मोबाइल बिकवाना चाहते हैं। उसने उनकी सारी रकम लाकर दे दी, फिर भी रुपयों को लेकर उसे परेशान किया जा रहा है। उसने बताया कि बीते दिनों उसने मार्केट से पेमेंट इकट्ठा करके दुकानदार को दे दी। इसके बावजूद उसे प्रताड़ित किया गया। किसी तरह वह वहां से भाग निकला और तीन-चार दिन इधर उधर रहा। परिजन उसे ढूंढकर घर ले आए। युवक ने कहा कि बाद में दुकानदार उसके रिश्तेदारों को लेकर उसके घर आ गए और फिर उसे रुपए लाने की धमकी दी।



इसके बाद वह फिर से घर से भाग गया। अब वह सुसाइड करना चाहता है। वीडियो में मनीष ने बताया कि वह अपनी बहन, मां व बेटियों से माफी मांगता है, क्योंकि वह अपने वादों पर खरा नहीं उतरा। उधर युवक को बचाने वाले टोहाना के गोल्डी भाटिया ने बताया कि वह टोहाना से जाखल जा रहा था। जैसे ही वह भाखड़ा पुल से क्रॉस होने लगा तो लोगों ने बताया कि युवक ने नहर में छलांग लगाई है। गोल्डी ने बताया कि वह तैरना जानता था, इसलिए उसने वक्त न गंवाते हुए नहर में छलांग लगा दी और युवक को बाहर निकाल लिया। तब तक युवक के सांस गुम थी, लेकिन बाद में उसकी जान बच गई।

# जहरीले सांपों का जहर इस्तेमाल केस में यूट्यूबर एल्विश यादव की सुनवाई टली

## यू-ट्यूबर एल्विश यादव की बढ़ सकती है मुश्किलें

**गुरुग्राम ( हिंस )।** जहरीले सांपों के इस्तेमाल से जुड़े मामले में यू-ट्यूबर एल्विश यादव की मंगलवार को गुरुग्राम की अदालत में पेशी हुई। अदालत में मामले से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट जमा होनी थी, लेकिन सुनवाई टल गई। अब अदालत ने अगली पेश 28 मार्च निर्धारित की है। अदालत में एल्विश की तरफ से उनके वकील पेश हुए। गाने में दुर्लभ प्रजाति के सांपों का इस्तेमाल करने पर एल्विश के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर मंगलवार को गुरुग्राम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट जमा होनी थी, लेकिन, सुनवाई टल गई है। अब आगामी 28 मार्च को सुनवाई होगी। बता दें कि राहुल फाजिलपुरिया और एल्विश यादव का एक गाना 2023 में लांच हुआ था। इस गाने में एल्विश ने 20 सांपों का इस्तेमाल किया था जिनमें 6 सांप दुर्लभ प्रजाति के थे जिनके इस्तेमाल पर रोक है। गानों में सांपों के प्रयोग करने पर पीएफए ने आपत्ति जताई थी और एल्विश के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस को शिकायत दी थी। गुरुग्राम के फाजिलपुर-झाड़सा के रहने वाले राहुल फाजिलपुरिया मशहूर सिंगर है। राहुल फाजिलपुरिया का-लड़की ब्यूटीफुल कर गई चुल्ल गाना काफी मशहूर हुआ था। फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म कपूर एंड संस में इस गाने को इस्तेमाल किया गया था। एल्विश यादव केस में शिकायतकर्ता सौरभ गुप्ता की तरफ से हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजा है, जिसमें सौरभ गुप्ता ने अपनी जान को



खतरा होने की आशंका जताई है। पत्र में सौरभ ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। पत्र में कहा है कि सोशल मीडिया के जरिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। केस वापस लेने का दबाव भी बनाया जा रहा है। इसलिए उन्होंने अदालत में गुहार लगाई कि उन्हें लंबी तारीख दी जाए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कॉमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस को अलग करेगी टाटा मोटर्स




**कंपनी के बोर्ड ने डीमर्जर को दी मंजूरी, इसमें 12 से 15 महीने का समय लगेगा**




**मुंबई।** टाटा मोटर्स लिमिटेड के बोर्ड ने सोमवार (4 मार्च) को कंपनी के बिजनेस के ऑपरेशन को दो अलग-अलग एंटिटीज में बांटने यानी डीमर्जर की मंजूरी दे दी है। कंपनी अपने कॉमर्शियल व्हीकल्स और पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस को अलग करना चाहती है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज इंटीमेशन में कहा, डीमर्जर 2022 की शुरुआत में किए गए PV और EV बिजनेस के सब्सिडियराइजेशन का एक लॉजिकल प्रोग्रेशन है। दोनों बिजनेस को मजबूत बनाने और हाईयर ग्रोथ हासिल करने के लिए डीमर्जर किया जा रहा है। डीमर्जर दोनों बिजनेस को अपनी-अपनी स्ट्रेटजी को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाएगा। डीमर्जर के बाद एक एंटिटी में कॉमर्शियल व्हीकल बिजनेस और उससे जुड़े निवेश होंगे। जबकि दूसरी एंटिटी में PV, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, जैगुआर-लैंड रोवर और रिलेटेड इन्वेस्टमेंट समेत पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस होंगे।

कंपनी ने कहा है कि डिमर्जर को NCLT स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के माध्यम से लागू किया जाएगा। टाटा मोटर्स के सभी शेयरहोल्डर्स के पास दोनों लिस्टेड एंटिटीज में समान हिस्सेदारी बनी रहेगी। डीमर्जर के लिए NCLT स्कीम को टाटा मोटर्स बोर्ड, शेयरहोल्डर्स, क्रेडिटर्स और रेगुलेटर्स से मंजूरी की जरूरत होगी। इन सभी मंजूरी को पूरा होने में 12 से 15 महीने का समय लग सकता है। टाटा मोटर्स के CV, PV और JLR बिजनेस 2021 से स्वतंत्र रूप से ही ऑपरेट किए जा रहे हैं। डीमर्जर के पीछे का तर्क बताते हुए कंपनी ने कहा कि CV और PV बिजनेस के बीच सीमित, लेकिन काफी तालमेल है, जिसका यूज कंपनी तीनों बिजनेस में करना चाहती है। कंपनी को लगता है कि वह विशेष रूप से EVs, ऑटोनोमस व्हीकल्स और व्हीकल सॉफ्टवेयर के एरियाज में तालमेल का यूज कर सकती है। टाटा मोटर्स को उम्मीद है कि इस डीमर्जर से एम्प्लॉइज, कस्टमर्स और हमारे बिजनेस पार्टनर्स पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मूडीज ने भारत का जीडीपी ग्रोथ अनुमान बढ़ा कर 6.8 फीसदी किया




**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के वित्तीय वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले 2024 में रेटिंग एजेंसी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था। वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिससे मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। जी20 में भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

### सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में 1,008 लक्जरी फ्लैट बेचे



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में अपनी नई आवासीय परियोजना में 1,008 लक्जरी फ्लैट 3,600 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दिए हैं। सिग्नेचर ग्लोबल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब चालू वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री बुकिंग 4,500 करोड़ रुपये के शुरुआती अनुमान के मुकाबले आसानी से 7,200 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने द्वारका एक्सप्रेसवे पर गुरुग्राम के सेक्टर 37डी में एक नई आवासीय परियोजना शुरू की है। हमने वहां सभी 1,008 आवासीय इकाइयां 3,600 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दी हैं। कंपनी को इस नई 16.5 एकड़ की परियोजना डीई लक्स-डीएक्सपी में ग्राहकों से 5,400 ईओआई रुचि पत्र (ईओआई) मिले थे। उन्होंने कहा कि तीन से चार करोड़ कीमत वाले प्रीमियम घरों की भारी मांग है। गुरुग्राम के बाजार में ज्यादातर प्रीमियम परियोजनाओं में फ्लैट का भाव सात करोड़ रुपये से अधिक है। लगभग 35 प्रतिशत फ्लैट की बुकिंग अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और कॉरपोरेट जगत के बड़े अधिकारियों द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि कंपनी इस नई आवासीय परियोजना में डिलिवरी 2028 में शुरू करेगी।

### आरबीआई रद्द कर सकती है पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर्स में पिछले एक महीने से लगातार उतार-चढ़ाव चल रहा है। सोमवार को कारोबार खुलने के बाद एक बार फिर पेटीएम के शेयरों में गिरावट देखी गई। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि आरबीआई पेटीएम की बैंकिंग विंग पीपीबीएल का लाइसेंस रद्द कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के बैंकिंग लाइसेंस को रद्द करने जैसा अप्रत्याशित कदम उठा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि केंद्रीय बैंक पीपीबीएल के महत्वपूर्ण कामों की देखरेख के लिए एक एडमिनिस्ट्रेटर (प्रशासक) भी नियुक्त कर सकती है। कारोबार की शुरुआत में वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में 409.68 अंक गिरकर कारोबार देखा गया। शेयरों में 393.70 का लोअर सर्किट लगा हुआ है। बीते दिन के कारोबारी सत्र में पेटीएम के शेयर 424.05 रुपए पर खुलकर 425.45 रुपए पर बंद हुए थे।

**इंडस ऐपस्टोर लॉन्च: सीईओ समीर निगम ने कहा, हम सभी डेवलपर्स को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध**

# स्टार्टअप लीडर्स की राय में ऐप स्टोर के लिए समुचित टिकाऊ भविष्य जरूरी

**बेंगलुरु।** फोनपे के इंडस ऐपस्टोर के लॉन्च पर एक आकर्षक पैनल चर्चा में ऐप स्टोर के लिए टिकाऊ बिजनेस मॉडल के महत्वपूर्ण मुद्दे पर वक्ताओं ने अपनी बात रखी। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पैनल ने भारतीय बाजार के भीतर अद्वितीय चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऐप स्टोर के लिए टिकाऊ बिजनेस मॉडल पर विचार-विमर्श किया। कंपनी के अनुसार, पैनल ने देश में ऐप स्टोर के लिए आगे की राह पर भी प्रकाश डाला, जो एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है जो नवाचार, समावेशिता और विकास का समर्थन करता है। डिज़्नी+हॉटस्टार के प्रमुख साजिथ शिवानंदन के संचालन में आयोजित चर्चा में प्रमुख भारतीय स्टार्टअप के नेतृत्वकर्ता – वर्स इनोवेशन के संस्थापक वीरेंद्र गुप्ता; हंगामा के संस्थापक और सीईओ नीरज रॉय; ड्रीम11 के सह-संस्थापक और सीईओ हर्ष जैन; और भारतमैट्रिमोनी के सीईओ मुरुगावेल जानकीरमन – शामिल थे। फोनपे के संस्थापक और सीईओ समीर निगम ने कहा, हम सभी डेवलपर्स को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इंडस ऐपस्टोर किसी विशिष्ट भुगतान गेटवे के उपयोग को अनिवार्य नहीं करेगा, जिससे डेवलपर्स को अपनी पसंदीदा सेवा चुनने की आजादी मिलेगी। निगम ने कहा, इस दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य भारतीय डेवलपर्स और यूजरों की जरूरतों को प्राथमिकता देने वाला एक विकल्प पेश करके ऐप पारिस्थितिकी तंत्र को लोकतांत्रिक बनाना है। पैनलिस्टों द्वारा उजागर की गई प्रमुख चुनौतियों में सीमित राजस्व धाराएँ प्रमुख थी, जहां बहुत कम संख्या में उपलब्ध प्रमुख ऐप स्टोर पर निर्भरता अक्सर स्टार्टअप को प्रतिकूल राजस्व-साझाकरण मॉडल और सीमित मुद्रीकरण विकल्पों को स्वीकार करने के लिए मजबूर करती है। एक अन्य चिंता उच्च कमीशन फीस थी। प्रमुख ऐप स्टोरों द्वारा ली जाने वाली अत्यधिक फीस को एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में चिह्नित किया गया, जो ऐप डेवलपर्स के पहले से ही कम लाभ मार्जिन को नुकसान पहुंचा रही है, खासकर उनके व्यवसाय के शुरुआती चरण में। यूजर द्वारा खोजे जाने की कम संभावना एक और चुनौती थी जहां ऐप्स दृश्यता के लिए प्रतिस्पर्धा करने और भीड़ भरे ऐप स्टोरों में अपने दर्शकों को ढूंढने के लिए संघर्ष करते थे। यह विकास और नवाचार में बाधा डालता है, खासकर छोटे डेवलपर्स के लिए। अन्य चिंताएँ अपारदर्शी नीतियाँ और प्रथाएँ, सांस्कृतिक और भाषाई बाधाएँ और डेटा सुरक्षा तथा यूजरों का भरोसा थीं।




**2026 तक स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या 1 अरब से ज्यादा पहुंचने की उम्मीद**

इंडस ऐपस्टोर के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर और को-फाउंडर ने बीते दिन कहा था, भारत में 2026 तक स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या 1 अरब से ज्यादा पहुंचने की उम्मीद है। यह हमें नए जमाने का लोकलाइज्ड एंड्रॉयड ऐप स्टोर बनाने का बड़ा मौका देता है। इतना बड़ा कस्टमर मार्केट होने के बाद भी ऐप डेवलपर्स को हमेशा केवल एक के साथ काम करने के लिए मजबूर किया गया है।

इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, पैनलिस्टों ने अधिक न्यायसंगत और संपन्न ऐप स्टोर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उद्देश्य से कई समाधान सुझाए। पैनलिस्टों ने तर्क दिया, ऐप स्टोर को लचीले मुद्रीकरण विकल्प प्रदान करने चाहिए, जिसमें सदस्यता, इन-ऐप खरीददारी और विभिन्न ऐप प्रकारों के अनुरूप विज्ञापन समाधान शामिल हैं। कमीशन शुल्क कम करके और वैकल्पिक मुद्रीकरण मॉडल प्रदान करके, ऐप स्टोर अधिक डेवलपर्स को अपने नवाचारों को बाजार में लाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

उन्हें कई भारतीय भाषाओं का समर्थन करके और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करके समावेशिता को भी बढ़ावा देना चाहिए, ऐप स्टोर को डेवलपर्स को अपने ऐप को आसानी से स्थानीयकृत करने के लिए टूल और समर्थन प्रदान करना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भारतीय आबादी के सभी वर्गों के लिए सुलभ और प्रासंगिक हैं। निगम ने प्लेटफ़ॉर्म के राजस्व मॉडल के बारे में और विस्तार से बताया, जो विज्ञापन और कैटलॉगिंग सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा, एक खोज प्लेटफ़ॉर्म के रूप में ऐप स्टोर की भूमिका को मजबूत करेगा जिसका उद्देश्य प्रत्येक डेवलपर को सफल होने का उचित मौका देना है।

# यूएई और बांग्लादेश को 64400 टन प्याज के निर्यात को मंजूरी

## वाणिज्य मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना



**नई दिल्ली।** सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बांग्लादेश को 50,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात को 14,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को तिमाही आधार पर 3,600 टन प्याज का निर्यात अधिसूचित किया जाता है। डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है, जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंडों का निर्धारण करती है। बांग्लादेश को निर्यात के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि एनसीईएल उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ विचार-विमर्श के बाद पड़ोसी देश के साथ निर्यात के तौर-तरीकों पर काम करेगी। हालांकि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध है, लेकिन सरकार मित्र देशों को निर्धारित मात्रा में निर्यात की अनुमति देती है। सरकार की ओर से अन्य देशों को उनके अनुरोध के आधार निर्यात की अनुमति दी जाती है। पिछले साल आठ दिसंबर को सरकार ने प्याज की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को अंकुश में रखने के उद्देश्य से इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले, केंद्र ने अक्टूबर 2023 में उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए खुदरा बाजारों में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर प्याज स्टॉक की बिक्री को बढ़ाने का फैसला किया था। कीमतों को काबू करने के लिए सरकार पहले भी कई कदम उठा चुकी है। इसने 28 अक्टूबर को 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 अमेरिकी डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया था। पिछले साल अगस्त में, भारत ने 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था। इस वित्त वर्ष में 1 अप्रैल, 2023 से 4 अगस्त, 2023 के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया है। मूल्य के आधार पर शीर्ष तीन आयातक देश बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात हैं। प्याज राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु है। एनसीईएल एक बहु-राज्य सहकारी समिति है।

# भारत से तंजानिया को 30 हजार टन गैर-बासमती सफेद चावल का होगा निर्यात



**नई दिल्ली।** सरकार ने तंजानिया को 30,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल और जिबूती व गिनी बिसाऊ को 80,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से निर्यात की अनुमति है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। विशेष अनुरोध पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ देशों को सरकार की ओर से चावल निर्यात की छूट दी जाती है। तंजानिया एक पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र है, जबकि जिबूती अफ्रीकी महाद्वीप के पूर्वोत्तर तट पर है। गिनी-बिसाऊ पश्चिम अफ्रीका में एक उष्णकटिबंधीय देश है। अधिसूचना के अनुसार, जिबूती को 30,000 टन और गिनी बिसाऊ को 50,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। भारत ने इससे पहले नेपाल, कैमरून, कोटे डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को भी इन निर्यातों की अनुमति दी है। एनसीईएल एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। इसे देश की कुछ प्रमुख सहकारी समितियों, जैसे गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ), जिसे अमूल के नाम से जाना जाता है, इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड) द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है।

# डिजिटलीकरण पर सरकार के जोर देने से इंश्योरटेक उद्योग में इनोवेशन को मिल रहा बढ़ावा



**नई दिल्ली।** इंश्योरेंसदेखो के संस्थापक और सीईओ अंकित अग्रवाल ने कहा है कि सरकार द्वारा डिजिटलीकरण और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर जोर देने के कारण इंश्योरटेक उद्योग भी इनोवेशन को प्रेरित हुआ है। इससे उद्योग के विकास की संभावनाओं को बल मिला है। आईएएनएस के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि इंश्योरटेक इनोवेशन को बढ़ावा देने के सरकार के फैसले को सरल बीमा उत्पादों, वितरण चैनलों और ग्राहक जुड़ाव समाधानों के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। अंकित अग्रवाल ने कहा, डिजिटल इंडिया अभियान और आधार-आधारित ई-केवाईसी की शुरुआत से ग्राहकों को सुविधा हुई है और बीमाकर्ता भी डिजिटल बीमा उत्पादों और सेवाओं आगे बढ़ाने में सक्षम हुए हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने गरीब परिवारों के लिए आयुष्मान भारत – प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) भी चलाई है, इससे स्वास्थ्य बीमा कवरेज का विस्तार हुआ है। भारतीय बीमा प्रौद्योगिकी क्षेत्र विशेष रूप से स्वास्थ्य, कृषि और आजीविका पर बीमा कवरेज के साथ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार सूक्ष्म बीमा उत्पादों के साथ सामने आया है। अग्रवाल ने कहा, उत्पादों को समाज के वंचित वर्गों को अधिकतम लाभ व सुरक्षा प्रदान करने के इरादे से तैयार किया गया है। इसके अलावा, उद्योग विभिन्न बीमा उत्पादों तक लोगों की पहुंच को सुगम व सरल बनाने के लिए कार्य कर रहा है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर टेक्नोलॉजी की मदद ली जा रही है। अग्रवाल ने कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि बीमा कवरेज बढ़ने से जहां लोगों को संकटकाल में मदद मिलता है, तो वहीं अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए पूंजी की भी व्यवस्था होती है। अग्रवाल ने कहा, 2047 तक देश में बीमा का कवरेज शत-प्रतिशत करने के लिए सरकार को बीमा प्रीमियम कम करने को बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी की छूट पर विचार करना चाहिए।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, निफ्टी 22,405.60 पर बंद

**सेंसेक्स 73,872.29 के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा**




**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) से आयी है। आज बीएसई सेंसेक्स 73,872 अंक के शीर्ष स्तर पर पहुंचा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.09 फीसदी करीब 66.14 अंक की बढ़त के साथ ही 73,872.29 के सर्वोच्च स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 15 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 15 के ही शेयर नुकसान में रहे। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.12 अंक तकरीबन 27.20 फीसदी बढ़कर 22,405.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी की 25 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 25 के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान एनटीपीसी का शेयर सबसे ज्यादा 3.50 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। साथ ही पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक के शेयर ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील का शेयर सबसे ज्यादा 2.49 फीसदी टूटकर बंद हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, इन्फोसिस, आईटीसी, टीसीएस, एचसीएल टेक, विप्रो के शेयर टूटे हैं। वहीं इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। निफ्टी 65.90 अंक की बढ़त के साथ 22,404.65 पर और सेंसेक्स 112.63 अंक की तेजी के साथ 73,838.44 पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपन में सेंसेक्स 101.12 अंक ऊपर 73,907.27 पर और निफ्टी 25.60 अंक ऊपर 22,404.00 पर दिख रहा था। गिफ्ट निफ्टी रिकॉर्ड 22500 के पार पहुंच गयाहै। इससे पहले शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग डे को सेंसेक्स 60 अंकों की मजबूती के साथ 73,806 पर बंद हुआ था। वहीं एशियाई और अमेरिकी वायदा बाजारों में मिलेजुला कारोबार हुआ।बांड यील्ड 4.2 फीसदी के नीचे बरकरार है। वहीं नवंबर 2021 के बाद नैस्डेक ने अमेरिनया रिकॉर्ड बनाया है। एसएंडपी 500 पहली बार 5100 के पार पहुंचा है।

# भारत का पुरानी कारों का बाजार 10 साल में 100 अरब डॉलर का होगा



**मुंबई।** भारत का पुरानी कारों का बाजार अगले 10 साल में 100 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंच जाएगा। कार्स24 के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह राय जताई है। अधिकारी ने कहा कि हमारे आंतरिक अध्ययन के अनुसार भारत का पुरानी कारों का बाजार सालाना 15 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। यह 2023 के 25 अरब डॉलर से बढ़कर 2034 तक 100 अरब डॉलर का हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी कारों के बाजार को कई कारकों से मजबूती मिलेगी। इनमें शहरीकरण और बढ़ता मध्यम वर्ग जैसे कारक शामिल हैं। इससे ग्राहकों की प्राथमिकता में बदलाव आ रहा है और सस्ते परिवहन समाधान की मांग बढ़ रही है। जब कार्स24 ने आठ साल पहले अपनी यात्रा शुरू की थी, तब पुरानी कारों के बाजार का आकार लगभग 10-15 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है, पिछले तीन-चार साल में विभिन्न प्रकार की कारों के आने से इस बाजार में तेजी आई है।

# रश्मिका मंदाना का सपना हुआ साकार, जापान के टोक्यो से शेयर की तस्वीर




**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का सपना साकार हो गया है। उन्होंने कहा कि वह जापान जाने का वर्षों से सपना देखती थीं। उन्हें जापान अमेजिंग लगा। क्रंचीरोल एनीमे अवार्ड्स के लिए जापान के टोक्यो में रहीं एक्ट्रेस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने कई फोटोज शेयर किए। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फोटोज में एम्बेलिश्ड ड्रेस पहने किलर पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को इन फोटो में देखा जा सकता है कि वह छोटे बालों में नजर आ रही हैं, उन्होंने न्यूड मेकअप और कुछ एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को पूरा किया। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जापान एक ऐसी जगह है जहां जाने का मैंने वर्षों से सपना देखा था। बचपन से कभी नहीं सोचा था कि यह सपना कभी सच होगा। एनीमे वर्ल्ड के किएटर्स में से किसी एक को अवॉर्ड देने वाले अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने की तो बात ही छोड़िए! और आखिरकार यह सच हो गया। एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि जापान में हर किसी से मिल पाना, यहां अविश्वसनीय प्यार पाना, इतना गर्मजोशी से स्वागत। खाना, मौसम, इतनी साफ-सुथरी जगह, इतने प्यारे लोग। यह अद्भुत है! धन्यवाद जापान! वास्तव में मुझे तुमसे प्यार है! सचमुच बहुत खास है। इसके अलावा एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने लिखा कि वह अब हर साल यहां आती रहेंगीं। बता दें कि एक्ट्रेस रश्मिका की अगली फिल्म अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा 2: द रूल आने वाली है।

# फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर लांच

## - 22 साल की उषा का किरदार निभाएंगी सारा खान




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर कुछ अलग तरीके से लॉन्च किया गया। फिल्म में एक्ट्रेस सारा अली खान 22 साल की उषा का किरदार निभाती नजर आएंगी। जिन्होंने क्विट इंडिया मूवमेंट में एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाकर देश के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा दिखाई थी। प्राइम वीडियो के साथ करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी बताते हुए इसे सामने लाया। टीजर एक मिनट 32 सेकंड का है। करण जौहर एक पुराने संग्रहालय में खड़े नजर आ रहे हैं जहां एक बोर्ड भी दिखाई दे रहा है जिस पर ऐ वतन मेरे वतन लिखा हुआ है। टीजर में एक पुराने रेडियो रिसीवर को भी देखा जा सकता है।

वीडियो में निर्देशक-निमार्ता को यह कहते हुए दिखाया गया है, 1942 में अंग्रेज क्विट इंडिया मूवमेंट को बेरहमी से कुचल रहे थे। लेकिन फिर आईं उषा, 22 साल की उम्र में उषा ने हमारी जंग में एक नई जान भरी, अंग्रेजों को चकमा देते हुए अपनी जान पर खेलकर एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाया। ऐ वतन मेरे वतन में मिलिए उषा से जिनके रेडियो ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। उषा की कहानी मुझे हमारे कई युवा, गुमनाम नायकों की याद दिलाती है। फिर हमें खादी साड़ी पहने और लाल बिंदी लगाए सारा की एक झलक मिलती है। उषा मेहता की बहादुरी की प्रेरक कहानी के बारे में बताते हुए करण ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी राजी में आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत भूमिका के बारे में भी बात की। इसके साथ ही करण ने शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा अभिनीत कैप्टन विक्रम बत्रा (पीवीसी) का भी जिक्र किया, जिन्होंने दुश्मन के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सारा के अलावा सचिन खेडेकर, स्पर्श श्रीवास्तव, अभय वर्मा, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे।

# पिता ही मेरे सबसे बड़े आलोचक : सीरत कपूर



**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की एक्ट्रेस सीरत कपूर ने बताया कि उनके पिता ही उनके सबसे बड़े आलोचक हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता उनकी हर भूमिका से पहले उनका ऑडिशन लेते थे, ताकि वह उस भूमिका के लिए ठीक से अभ्यास कर सकें। शो रब से है दुआ में मन्नत का किरदार निभाने वाली सीरत को अपने परिवार से सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम मिलता है, जिसमें उनके पिता उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीरत ने पांच साल की उम्र में बाल कलाकार के रूप में मॉडलिंग में कदम रखा था। उनके पिता ने उनका मार्गदर्शन करने साथ उन्हें प्रेरणा दी। वह मेरे दोस्त, मेरे सबसे बड़े आलोचक और मेरी प्रेरणा हैं। मैं अपना 100 प्रतिशत देने जा रही हूं और मैं अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय करूंगी। सीरत ने कहा, मेरे पिता मेरे मार्गदर्शक रहे हैं। जिस उम्र में ज्यादातर लोग एक दिनचर्या में बस जाते हैं, उस उम्र में अपने जुनून का पालन करने के उनके फैसले ने मुझे निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने का महत्व सिखाया है। उन्होंने न केवल मेरा शुरूआती समर्थन किया बल्कि मेरे जीवन के हर पहलू में मेरी प्रेरणा बने। उन्होंने कहा, मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे ताकि मैं ठीक से प्रैक्टिस कर सकूं। शुरू में, मैं अपनी लाइनें पढ़ने और उनके सामने अभिनय करने में थोड़ा हिचकिचाती थी, लेकिन बाद में यह सहज हो गया।

# ठीक नहीं चल रही नयनतारा की शादीशुदा लाइफ



साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा की शादीशुदा लाइफ में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक्ट्रेस ने इंस्टा पर पति विग्नेश शिवन को अनफालो कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट भी शेयर किया। इस पोस्ट में लिखा है-वह अपनी आंखों में आंसू लिए भी हमेशा यही कहती रहेगी कि मुझे यह मिल गया। एक्ट्रेस इस क्रिप्टिक पोस्ट शेयर करके फैंस को सोचने के लिए मजबूर कर दिया हैं। बता दें कि दोनों की शादी को ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। नयनतारा ने 2022 में बड़े धूमधाम से शादी रचाई। दोनों की पहली मुलाकात साल 2015 नानुम राउडी के सेट पर हुई। वहीं फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक दूसरे को अपना दिल दे बैठे। करीब 6 साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला लिया।

# बोहरूपी के साथ चकित करने तैयार निर्देशक की जोड़ी

**मुंबई (ईएमएस)।** निर्देशक जोड़ी नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी अपनी आगामी उत्सव की खुशी, बोहरूपी के साथ दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म 1998 से 2005 की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक वास्तविक कहानी को जीवंत करने का वादा करती है। इस फिल्म में अबीर चटर्जी, रिताभरी चक्रवर्ती, कौशानी मुखर्जी और स्वयं शिबोप्रसाद मुखर्जी ने अभिनय किया है। शिबोप्रसाद ने कहा, हमने 2011 में फिल्म की योजना बनाना शुरू कर दिया था; मुक्तोधारा के ठीक बाद, हम यह फिल्म बनाना चाहते थे, जो 1998 और 2005 के बीच की समय रेखा को दशार्ती है। बोहरूपी उस समय के आसपास हुई घटनाओं की एक श्रृंखला पर आधारित है। स्क्रिप्ट के जरिए हमने उस दौर को बताने की कोशिश की है। वास्तविक पात्र, जिन्होंने अपना संस्करण दिया है, वे फिल्म में मौजूद हैं और हम वास्तविक पात्रों को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के साथ-साथ एक वृत्तचित्र भी जारी करने की योजना बना रहे हैं। अबीर को पूजा के राजकुमार के रूप में संदर्भित करते हुए, शिबोप्रसाद ने एक और ब्लॉकबस्टर सहयोग के लिए अपनी आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, पिछले साल की सुपर-हिट फटाफटी में अबीर और रिताभरी की जादुई कैमिस्ट्री ने हमें उन्हें एक जोड़ी के रूप में फिर से एकजुट करने के लिए राजी कर लिया। इस अवसर के लिए आभारी अबीर ने कहा, इस वर्ष मुझे दो विविध भूमिकाएँ सौंपने के लिए मैं नंदिता दी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। आमार बॉस के बाद, मैं बोहरूपी में एक पूरी तरह से अलग चरित्र को जीवंत करने के लिए रोमांचित हूँ। एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए एक अतिरिक्त विशेष पूजा रिलीज है। बोहुरुपी हिंदी और बंगाली दोनों भाषाओं में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है, जिसमें 78 लुभावने स्थानों पर 40 दिनों की व्यापक शूटिंग होगी। शिबोप्रसाद ने कहा, मजेदार बात यह है कि हम बारानगर, बंटाला, बैरकपुर, बोलपुर, बेलडांगा और बेथुदाहारी जैसे अक्षर बी से शुरू होने वाली जगहों पर शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म भव्य पैमाने पर रिलीज होगी, जिसकी शूटिंग 12 मार्च से शुरू होगी।

# अजय देवगन की 'शैतान' की बंपर ओपनिंग, एडवांस बुकिंग में की जबरजस्त कमाई




यामी गौतम की आर्टिकल-370 इस समय बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। रिलीज के 10 दिन के अंदर ही फिल्म ने अपने बजट से तीन गुना ज्यादा कमाई कर ली है। अब अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म शैतान भी सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फैंस इस हॉरर थ्रिलर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुल मिलाकर फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। आइए जानते हैं पहले दिन की एडवांस बुकिंग में शैतान ने अब तक कितना कलेक्शन किया है। पहले फिल्म शैतान के लिए प्री-टिकट बुकिंग सीमित स्थानों पर शुरू की गई थी लेकिन हाल ही में ऑनलाइन टिकट-बुकिंग प्लेटफॉर्म पर अधिक शो जोड़े गए हैं। फिल्म की पहले दिन की एडवांस बुकिंग के आंकड़े भी आ गए हैं। सैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन देशभर में शैतान के 15 हजार 145 टिकट हिंदी 2डी फॉर्मेट में बुक किए गए हैं। इस तरह फिल्म ने 37.41 लाख रुपये की कमाई कर ली है। फिलहाल फिल्म की रिलीज में पांच दिन बचे हैं और उम्मीद है शैतान एडवांस बुकिंग में अच्छा कलेक्शन करेगी।

**शैतान के ट्रेलर को मिल रहा है अच्छा रिस्पॉन्स** - इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था और इसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। दृश्यम-2 की जबरदस्त सफलता के बाद अजय देवगन शैतान में एक बार फिर वह एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में वापस आए हैं, जबकि आर माधवन ने एक डरावने खलनायक के रूप में प्रसिद्धि हासिल की है। कुल मिलाकर ट्रेलर के बाद से फिल्म की काफी चर्चा हो रही है।

**शैतान में नजर आएंगे एक्टर्स** - शैतान का निर्देशन विकास बहल ने किया है। इससे पहले बहल ने क्वीन और सुपर 30 जैसी फिल्में भी डायरेक्ट की थीं। शैतान की स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन के अलावा ज्योतिका, जानकी बोदीवाला और अंगद राज अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज, पैनोरमा स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स ने संयुक्त रूप से किया है। 8 मार्च को रिलीज हो रही है।

# नीतू चंद्रा उमराव जान का किरदार निभाने तैयार



उमराव जान अदाः द वेस्टेंड म्यूजिकल नामक प्ले में एक्ट्रेस नीतू चंद्रा उमराव जान का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। मीत शाह का ब्लू वेव इवेंट्स, जो भारत में असाधारण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जाना जाता है, भारत के साथ-साथ यूएस में उमराव जान अदाः द वेस्ट-एंड म्यूजिकल प्रस्तुत करेगा। यह प्ले नीतू की शानदार एक्टिंग और डांस स्किल्स को उजागर करेगा। राजीव गोस्वामी द्वारा निर्देशित, यह म्यूजिकल प्ले फैंस को एक ऐसा विजुअल स्पेक्टेकल देगा, जो उन्होंने अब तक भारतीय मंच पर पहले कभी नहीं देखा है। इसमें प्रतिष्ठित दिल चीज क्या है ट्रैक भी शामिल होगा, जिसमें मूल रूप से प्रसिद्ध एक्ट्रेस रेखा थीं और उस्ताद खय्याम द्वारा कंपोज किया गया था। इस प्ले के लिए सलीम-सुलेमान ने म्यूजिक तैयार किया है। जबकि, इसकी स्क्रिप्ट वरुण गौतम ने लिखी है। कोरियोग्राफर पूजा पंत अपने स्टेप्स, कोरियोग्राफी और हुनर से म्यूजिकल की विजुअल अपील को बढ़ाएंगी। मीट शाह के ब्लू वेव इवेंट्स और ग्रेविटी जीरो द्वारा निर्मित, यह प्ले एक ग्रैंड म्यूजिकल के रूप में आइकोनिक कैरेक्टर्स की यात्रा की एक असाधारण झलक दिखायेगा।

# पापा-मम्मी के साथ वेडिंग सेलिब्रेशन में पहुंची राहा




मशहूर उदयोगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग का सेलिब्रेशन में एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी शामिल हुए। आलिया के साथ उनकी बेटी राहा भी यहां पहुंची हैं। इसकी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इसमें राहा कपूर अपने पैरेंट्स के साथ खेलती दिख रही हैं। इसमें एक शख्स और है जो उनकी फैमिली की तरह ही है, कौन है ये शख्स पता चल गया है। ये शख्स कोई और नहीं, ब्रह्मास्त्र के डायरेक्टर अयान मुखर्जी हैं। वो भी आलिया की बेटी के साथ इंजॉय करते दिखे। उनकी ये तस्वीर देख लोग बहुत खुश हैं। राहा के फैंस को उनकी लेटेस्ट तस्वीर देखने को मिली है, साथ ही उनको नई जानकारी भी मिली की राहा कपूर चलने लगी हैं। इसलिए भी ये फोटो इंटरनेट पर छाई है। बता दें कि दुनिया के टॉप 10 अमीरों में से एक मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग का सेलिब्रेशन चल रहा है। जामनगर में हो रहे इस इवेंट में देश और दुनिया के प्रमुख लोग शामिल हो रहे हैं।

# तीन दिन बाद खत्म हुआ अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग समारोह, लौटने लगे मेहमान

अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट का तीन दिवसीय प्री-वेडिंग समारोह आखिरकार खत्म हो गया है। पिछले तीन दिनों से गुजरात के जामनगर में मशहूर हस्तियों के साथ उद्योग जगत के दिग्गजों का जमावड़ा लगा हुआ था। कल, 3 मार्च को ह्यटस्कर ट्रेल्सह्न और ह्यसिग्नेचरह्न कार्यक्रम हुआ। ह्यटस्कर ट्रेल्सह्न एक आउटडोर कार्यक्रम था, जिसके जरिए मेहमानों को जामनगर, वंतारा घुमाया गया। देर रात अनंत-राधिका की भव्य महाआरती और हस्ताक्षर समारोह हुआ। इस बार राधिका मर्चेंट की धमाकेदार एंट्री देखने को मिली। ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राधिका मर्चेंट की ग्रैंड एंट्री का वीडियो इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। जिसमें राधिका बेच कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरूआत में अंबानी की बहू की एंट्री से पहले आतिशबाजी होती दिख रही है। फिर राधिका की एंट्री होती है। फिर वह फिल्म ह्यकभी खुशी कभी गमह्न के गाने ह्यदेखा तेनु पहली पहली बार वेह्न पर डांस करती हुई अनंत के पास आती नजर आती हैं। राधिका की ग्रैंड एंट्री ने सभी का ध्यान खींचा है। कल की महाआरती में सभी अतिथि पारंपरिक पोशाक में दिखे। शाहरुख की पत्नी गौरी खान ब्लू ड्रेस में नजर आईं। शाहरुख सफेद शेरवानी में नजर आए।

# कृति की दो पत्ती बतौर निमार्ता पहली फिल्म



बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने कहा कि यह बतौर निमार्ता उनकी पहली फिल्म है। कृति दो पत्ती से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रख रही हैं, जिसमें काजोल भी हैं। अभिनेत्री ने अपना होम बैनर ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स शुरू करने के पीछे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक अवसर पैदा होंगे। कृति ने कहा, फिल्म मिमी के बाद मैं कुछ अलग करने की कोशिश कर रही थी। एक कलाकार के रूप में मैं संतुष्ट हूं लेकिन उन चीजों को करने के लिए खुद को प्रेरित कर रही हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं किया। उन्होंने आगे कहा, मैं काफी समय से ऐसे मौके की तलाश में थी। एक एक्ट्रेस और निमार्ता दोनों के रूप में दो पत्ती मेरे लिए वही अवसर है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, दो पत्ती उत्तर भारत की पहाड़ियों पर आधारित एक मिस्ट्री थ्रिलर है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अपकमिंग फिल्म दो पत्ती में अपने किरदार को लेकर भी एक्ट्रेस कृति सेनन ने खुलकर बात की।

# कानपुर के सिंगर वैभव गुप्ता ने जीता 'इंडियन आइडल 14' का खिताब

इंडियन आइडल के 14वें सीजन को अपना विनर मिल गया है। कानपुर के सिंगर वैभव गुप्ता ने खिताब अपने नाम किया है। शो के अंत तक बचे रहने वाले टॉप 6 की सूची में वैभव गुप्ता ने सुभदीप दास, आद्या मिश्रा, अंजना पद्मनाभन, पीयूष पंवार और अनन्या पाल को पछाड़कर इंडियन आइडल 14 की ट्रॉफी अपने नाम की है। इंडियन आइडल 14 का खिताब जीतने के बाद वैभव गुप्ता को ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपये इनाम में मिले हैं। इतना ही नहीं, उन्हें एक चमचमाती कार भी गिफ्ट की गई है। इंडियन आइडल के 14वें सीजन के विजेता वैभव गुप्ता को दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस शो के 6 फाइनलिस्टों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन वैभव ने सभी को पछाड़ते हुए शो की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। आखिरी एपिसोड काफी शानदार रहा। इस एपिसोड में सभी ने जमकर धमाल किया। इस बार शो में स्पेशल गेस्ट बनकर आए सोनू निगम ने शो की खूबसूरती बढ़ा दी। सुभदीप दास-चौधरी को फर्स्ट रनर-अप घोषित किया गया है। इसके साथ ही पीयूष पंवार दूसरे रनरअप बने, जिन्हें 5 लाख रुपये का इनाम मिला। अनन्या पाल तीसरी रनर-अप बनीं और उन्हें पुरस्कार के रूप में 3 लाख रुपये और एक कार मिली। ग्रैंड फिनाले को एक्टर हुसैन कुवाजेरवाला ने होस्ट किया तो विशाल ददलानी एक बार फिर जज की कुर्सी पर नजर आए। इसके साथ ही गायक कुमार शानू और गायिका श्रेया घोषाल ने भी इस शो के लिए जज का पद संभाला। इंडियन आइडल 14 की खिताबी ट्रॉफी जीतने के बाद वैभव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मुझे सच में विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने शो जीत लिया है। इसने देशभर के लोगों का दिल जीत लिया है।

## सूडोकु नवताल- 6723

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6722 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शब्दजाल - 7470

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | ए | ड् | स | प | ला | नी | इ |
| न | है | क | ज | इं | डो | ने | ह | चे | म | श्त |
| अ | जा | आ | ट | य | फा | इ | ड | च | प | नि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | क | इ | मो |
| ब | रा | पो | लि | यो | वी | क | र | क | त्ते | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | ले | रि | या |
| शी | मा | दे | अ | व | था | य | त | म | क | ती |
| को | दे | श | स्थ | न | प | य | रि | घु | व | ला |
| ढ़ | दि | ल | मा | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में '10 बीमारियों के नाम' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

हैजा, टायफाइड, पोलियो, चेचक, एड्स, मलेरिया, अस्थमा, पायरिया, कोढ़, निमोनिया

### शब्दजाल - 7469 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | श | मु | श | सी | बै | ड | मिं | ट | न | र |
| रा | क्रि | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | क्स |
| य | के | र्जु | हे | नि | कु | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | फु | न | शा | वो | श्ती | क | ले | ज | प |
| प | दा | ह | ट | ने | तो | हो | थ | गो | र | त |
| टे | स | क | प | बा | स | ए | व | ज | वॉ | व |
| द | बि | न | न | जी | ल | ह | रं | गो | ली | द |
| क | र | ल | प | क्श | प | त | र | चो | बॉ | ख |
| र | व | त | टे | रा | श | त | य | अ | ल | अ |
| क | र | ल | प | नि | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | स | चि | हॉ | की | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6423

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | 5 | | 1 | |
| | 32 | 3 | 40 | 1 | 28 | 7 |
| 1 | | 6 | | | 2 | |
| 3 | 26 | 2 | 40 | 7 | 34 | 6 |
| | | 4 | | 2 | | 3 |
| | 30 | 1 | 28 | | 29 | 5 |
| 7 | | | 2 | 3 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6422 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# मुंबई 48वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के दूसरे सेमीफाइनल मैच में सोमवार को मुंबई ने तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम मुंबई 48वीं बार फाइनल में पहुंची गई। इससे पहले मुंबई 41 बार चैंपियन और छह बार रनर-अप रही। टीम ने आखिरी खिताब 2016 में जीता था। टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने मैच में शतक लगाया। उनकी यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली सेंचुरी रही। इसके साथ ही उन्होंने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में भी इतने ही विकेट लिए।

उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुंबई और तमिलनाडु के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खेला गया। शनिवार को मुंबई के खिलाफ तमिलनाडु की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी चुनी। मुंबई की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन पर ही ढेर हो गई। उनके जवाब में मुंबई ने पहली पारी में 378 रन बनाए। वहीं तमिलनाडु की टीम दूसरी पारी में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह मुंबई को पारी और 70 रन से जीत मिली। मुंबई की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन ही बना पाई। तमिलनाडु की तरफ से टॉप स्कोरर विजय शंकर रहे। उन्होंने 44 रन बनाया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 43 रन की पारी खेली। मुंबई की तरफ से पहली पारी में तुषार देशपांडे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर, मुशीर खान और तनुष कोटियान को 2-2 विकेट मिले। मोहित अवस्थी को एक विकेट मिला। मुंबई पहली पारी में 378 रन बनाई। टीम के लिए शार्दूल ठाकुर ने सेंचुरी लगाई। 9वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे शार्दूल ने 105 बॉल पर 109 रन बनाए। उनके अलावा सरफाराज खान के छोटे भाई मुशीर खान 55 रन बनाकर आउट हुए। तमिलनाडु के लिए कप्तान साई किशोर ने 6 विकेट लिए। कुलदीप सेन ने 2 विकेट झटके। जबकि संदीप वॉरियर और वाशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला।

### तमिलनाडु दूसरे पारी में 162 रन पर ऑलआउट

तमिलनाडु मैच के तीसरे दिन ही दूसरे पारी में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। तमिलनाडु के लिए दूसरी पारी में बाबा इंद्रजीत ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। मुंबई की तरफ से शम्स मुलानी ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। तनुष कोटियान, शार्दूल ठाकुर और मोहित अवस्थी को दो-दो विकेट मिले। फाइनल में मुंबई का सामना पहले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। पहला सेमीफाइनल मध्य प्रदेश और विदर्भ के बीच खेला जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेरिस फैशन वीक में लाल पोशाक में नजर आयी रोनाल्डो की पत्नी जॉर्जीना




**पेरिस।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पत्नी जॉर्जीना रोड्रिग्ज पेरिस फैशन वीक में हॉट अंदाज में नजर आयीं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जॉर्जीना ने पेरिस फैशन वीक के दौरान वेटमेंट्स वूमेन्सवियर फॉल/विंटर 2024-2025 शो में वॉक किया। इस दौरान जॉर्जीना ने रोनाल्डों के जर्सी नंबर 7 वाली लाल पोशाक पहनी हुई थी। यह वही जर्सी थी जो मैनचेस्टर यूनाइटेड में रहते हुए रोनाल्डो पहने करते थे। रोनाल्डो अपने फुटबॉल करियर में अधिकतर समय मैनचेस्टर यूनाइटेड में रहे हैं। विशेषकर लाल और सफेद जर्सी में उन्होंने कई बेहतरीन गोल भी किए है। मां जॉर्जीना को इसके बाद फ्लोर-लेंथ ड्रेस में देखा गया जोकि एक बॉडी-हगिंग ड्रेस थी। इस मॉडल ने इस दौरान अपने बालों को स्लीक-बैक पोनीटेल में बांधा हुआ था और उसके नाखूनों को फ्रेंच टिप डिज़ाइन में स्टाइल किया गया था। उनके लुक के लिए कोई झुमके या हार नहीं थे पर रोड्रिग्ज ने प्रत्येक उंगली पर अंगूठियां पहनी थीं। वहीं एक तस्वीर में रोनाल्डो के चार बच्चे भी नजर आ रहे हैं।

### विश्व एथलेटिक्स में भारत की प्रियंका को मिला सातवां स्थान




बीजिंग। भारत की प्रियंका गोस्वामी ने चीन में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में सातवां स्थान हासिल किया है। प्रियंका ने एक घंटे 29 मिनट और 48 सेकेंड का समय लिया। यह देश के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होने के साथ ही करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ समय है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2021 में 1:28:45 सेकेंड (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) और 2023 में 1:28:50 सेकेंड का रहा था। इस प्रतियोगिता में पैदल चाल स्पर्धा की शीर्ष एथलीट शामिल रहीं थीं। इस एथलीट ने विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में तीसरा व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं 20 किमी में वह सातवें स्थान पर रहीं। इसमें शीर्ष छह में पांच स्थान चीनी एथलीटों को मिले। इसमें एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता झेनजिया एमए ने 1:26:07 सेकेंड का समय निकलाकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं चीन की ही जियायु यांग 1:26:07 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि 2020 तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता हांग लियू 1:26:47 सेकंड का समय निकाल कर तीसरे स्थान पर रहीं। गौरतलब है कि प्रियंका आगामी गोस्वामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए पिछले दो महीनों से ऑस्ट्रेलिया में कैनबरा के पास ऊंचाई पर बने ट्रेनिंग सेंटर में पैदल चाल कोच ब्रेंट वालेंस के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग ले रही थीं।

### पाक क्रिकेटर सलमान ने कहा कि विराट को मैंने भेजा था संदेश

**लाहौर।** पाकिस्तान के क्रिकेटर आगा सलमान ने कहा है कि वह भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का काफी सम्मान करते हैं। सलमान के अनुसार आईपीएल के पिछले सत्र में आरसीबी के विराट कोहली और लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर व गेंदबाज नवीन उल हक के बीच हुए विवाद से उन्हें निराशा हुई थी। इसी कारण उन्होंने विराट को एक संदेश भी भेजा था। सलमान ने कहा विराट के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है, मुझे नहीं लगता कि दुनिया में कोई भी क्रिकेट प्रशंसक है जो उनका सम्मान नहीं करता है। मैंने उन्हें इस मामले में एक संदेश भी भेजा था। साथ ही कहा कि जब वह मामला हुआ तब मैं, अब्दुल्ला शफीक और उसामा मीर एक साथ बैठकर मैच देख रहा था। आरसीबी और एलएसजी के मैच के बाद हाथ मिलाने के दौरान विराट और नवीन उल हक के बीच बहस हो गयी थी। इस मैच के दौरान किसी बात को लेकर विराट की नवीन से बहस हो गयी थी जिसमें बाद में गंभीर भी शामिल हो गये। इस मामले को लेकर नवीन की काफी आलोचना भी हुई थी।

**सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल नीलामी में कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा था**

# आईपीएल 2024 : सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे कमिंस

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का नया कप्तान बनाया है। सीएसके ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कमिंस को कप्तान बनाये जाने की बात सार्वजनिक की है। वहीं गत दो सत्र में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम टीम के कप्तान थे पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। आईपीएल 2023 सत्र में टीम 14 मैचों में से केवल चार मैच ही जीत पायी थी।

वहीं कमिंस की कप्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहा था। टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अलावा एशेज और एकदिवसीय विश्वकप भी जीता जिससे कमिंस की नेतृत्व क्षमता साबित हुई है। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करते हुए दिखेंगे। वह डेविड वार्नर के बाद हैदराबाद के कप्तान बनने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए जिन्होंने 2015 से 2021 तक 67 मैचों में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। कमिंस इससे पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे हैं। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### जीत के लिए करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : गंभीर

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को सबसे मुश्किल लीग बताते हुए कहा कि इसे जीतने के लिए उनकी टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अपनी कप्तानी में केकेआर को दो बार जीत दिलाने वाले गंभीर हाल ही में फ्रेंचाइजी में मेंटोर के तौर पर जुड़े हैं। गंभीर ने कहा कि आईपीएल मानकों के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है। गंभीर ने कहा कि मैंने पहले दिन ही साफ कर दिया था कि ये लीग मेरे लिए एक गंभीर क्रिकेट है। यह बॉलीवुड के बारे में नहीं है, यह आपके बारे में नहीं है, यह पार्टी और अन्य चीजों के बारे में नहीं है। यह बाहर जाने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में है। मुझे लगता है कि यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है क्योंकि यह उचित क्रिकेट है। यह शायद किसी भी अन्य लीग की तुलना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यदि आप एक सफल फ्रेंचाइजी के रूप में पहचान बनाना चाहते हैं, तो आपको क्रिकेट के मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। टीम को अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। इसमें केकेआर का लक्ष्य जीत से शुरुआत करना रहेगा।

उन्होंने टीम के प्रशंसकों की भी सराहना करते हुए उन्हें भावुक बताया है। गंभीर ने कहा कि केकेआर के पास बहुत भावुक प्रशंसक हैं। हमें उनके लिए ईमानदार होने की जरूरत है। हमें कोशिश करने की जरूरत है और शायद उनकी मुस्कुराहट पर वह खुशी लाने की जरूरत है क्योंकि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे वफादार प्रशंसक कोलकाता के प्रशंसक रहे हैं। बता दें कि कोलकाता नाइट राइडर्स अपना पहला आईपीएल मैच के खिलाफ खेलेगी।

### डेवोन कॉनवे के चोटिल होने से सीएसके को लगा झटका



न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे ऑस्ट्रेलिया के साथ जारी टी20 सीरीज में चोटिल हो गये हैं। इसके कारण अब उनकी सर्जरी की जाएगी। ऐसे में उन्हें करीब तीन माह तक खेल से दूर रहना पड़ेगा। कीवी खिलाड़ी कॉनवे की चोट से आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं। इसका कारण है कि कॉनवे सीएसके टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं। सीएसके की ओर से अब तक 23 मैच खेलकर कॉनवे ने 48 की औसत से 9 अर्धशतक लगाकर कुल 924 रन बनाए हैं। अब सर्जर के बाद उनका टूर्नामेंट से बाहर होना तय है। सीएसके की ओर से कॉनवे ने गत दो सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। कॉनवे अब टूर्नामेंट से पहले ही अंगूठे में चोट के कारण मई तक मैदान से बाहर रहेंगे। कॉनवे को लेकर न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस बल्लेबाज की चोट गंभीर है और उनको अगले सप्ताह सर्जरी करानी होगी। उनके अंगुठे में गंभीर चोट आई थी और सर्जरी के बाद आठ सप्ताह तक वह मैदान से बाहर रहेंगे। कॉनवे ने पिछले सत्र में चेन्नई की ओर से अच्छी बल्लेबाजी की थी। 1 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किए गए इस बल्लेबाज ने 16 मैच में 6 अर्धशतक लगाकर कुल 672 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 92 रन की नाबाद पारी भी खेली थी। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में तीसरे नंबर पर रहे थे।

# टी20 विश्वकप में भारतीय टीम के 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकते हैं कुलदीप



**नई दिल्ली।** जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव भारतीय टीम के लिए 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकते हैं। वर्ष 2018-19 के खराब प्रदर्शन और 2021 में घुटने की सर्जरी के बाद से ही कुलदीप ने प्रकार से शानदार वापसी की है। उससे उनका मनोबल भी बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मार्च 2017 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले कुलदीप अब परिपक्व गेंदबाज बन चुके हैं। गेंदों की गति में लगातार बदलाव और विविधता के कारण उन्हें खेलना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता। वह विरोधी बल्लेबाजों को परेशान कर ज्यादातर बार विकेट हासिल करने में सफल होते हैं। गेंदबाजी के इसी कौशल ने कुलदीप को अलग पहचान दी है। उनकी गुगली पढ़ने में बेहतरीन बल्लेबाज भी विफल रहे हैं।

सीमित ओवर के क्रिकेट में आज वह टीम इंडिया के भरोसेतंद स्पिनर हैं। अब तक के प्रदर्शन से इस गेंदबाज ने अपने लंबी रेस का घोड़ा साबित किया है। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में बाएं हाथ के इस कलाई के स्पिनर को टेस्ट क्रिकेट खेलने के सीमित मौके मिले हैं पर जब भी अवसर मिला, उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभाव छोड़ा है। वनडे और टी20 में कुलदीप टीम इंडिया के वह अग्रगी स्पिनर हैं। एकदिवसीय विश्व 2023 के 11 मैचों में कुलदीप ने 28.26 के औसत से 15 विकेट लिए थे। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में पारी में पांच विकेट हासिल करने वाले देश के एकमात्र गेंदबाज हैं। पिछले एक साल में किए गए इस शानदार प्रदर्शन का फायदा कुलदीप को केन्द्रीय अनुबंध में से से बी ग्रेड मिला है। वहीं इसी माह होने वाले आईपीएल में भी कुलदीप पर सभी की नजरें रहेंगी। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए अंतर पैदा करते नजर आएंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने 2022 में दो करोड़ रुपये की राशि में उन्हें अपने साथ जोड़ा था। आईपीएल 2022 में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए इस चाइनामैन बॉलर ने 14 मैचों में 19.95 के औसत से 21 विकेट लिए थे लेकिन पिछला सीजन कुलदीप और उनकी टीम के लिए अच्छा नहीं रहा था। तब कुलदीप को 14 मैचों में 36.10 के औसत से 10 विकेट ही मिल पाए थे।



मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में गोल करते हुए मैनचेस्टर सिटी के फिल फोडन।

### लियोन ने रचिन रवींद्र को बताया अगला सितारा

**ऑकलैंड।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथल लियोन ने न्यूजीलैंड के युवा क्रिकेटर रचिन रवींद्र की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह भविष्य में एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर उभरेंगे। लियोन ने कहा कि मैंने पहली बार उन्हें गेंदबाजी की है। मैंने उन्हें विश्व कप के दौरान काफी बार खेलते हुए देखा था। वह आगे चलकर एक बड़ा सुपरस्टार खिलाड़ी बनने वाला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए खेलते हुए रवींद्र ने पहले टेस्ट की पहली पहली पारी में रन नहीं बनाये थे पर दूसरी पारी में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया था। इस क्रिकेटर ने इससे पहले भी भारत सहित कई टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। हाल के दिनों में जिस प्रकार भारत में यशस्वी जायसवाल सहित कई युवा खिलाड़ी उभरे हैं।

# मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर गार्डियोला की रणनीति अपनाएं स्टोक्सः वॉन



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि कप्तान बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के मैनेजर पेप गार्डियोला वाली रणनीति अपनानी चाहिये। वॉन के अनुसार भारतीय टीम के खिलाफ स्टोक्स की 'बैजबॉल रणनीति विफल रही है। इससे टीम के हाथों सीरीज निकल गयी है। ऐसे में उन्हें गार्डियोला की रणनीति बनानी चाहिये जिसमें कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी को अपने स्थान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। गार्डियोला पिछले 15 साल में खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर बने हुए हैं। पूर्व कप्तान ने कहा कि कोच ब्रैंडन मैकुलम और स्टोक्स की आक्रामक रणनीति भारत के मौजूदा दौरे पर कारगर नहीं रही है। इंग्लैंड की टीम 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में 1-3 से पीछे है जबकि उसने पहला टेस्ट हैदराबाद में जीता था।

वॉन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों के रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही कहा कि कि उन्हें जिम्मेदारी से खेलना होगा। उन्होंने कहा , मैं आमतौर पर गार्डियोला के रवैये का जिक्र करता हूं। मेरी नजरों में वह इस पीढ़ी और आप कह सकते हैं कि पिछले 15 साल से खेल के सबसे बेहतर मैनेजर हैं। वह अपने खिलाड़ियों को कभी भी सहज नहीं होने देते। वह हमेशा उन्हें सोचते रहने देते हैं क्योंकि खिलाड़ी जानते हैं कि उनकी जगह पक्की नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर उनके जैसा मैनेजर सभी खिलाड़ियों को सतर्क बनाए रखता है तो इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भी इस तरह सहज नहीं होना चाहिए जैसी वह लगती है। उन्होंने कहा कि पूरा बल्लेबाजी लाइन अप पहले ही जानता है कि इस दौरे पर वे अगले मैच में भी खेलेंगे पर ऐसा नहीं होना चाहिये। इस दौरे के बाद हैरी ब्रूक वापसी कर लेगा। वह 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। वॉन ने साथ ही इंग्लैंड की चयन नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चयन में खिलाड़ियों की निरंतरता से उन्हें सहज बनाना सही है पर अगर उससे हार मिल रही है तो बदलाव भी जरुरी है।

# देश के अंदर ही प्रशिक्षकों को तैयार करेगा विदेशी कोच

**नई दिल्ली।** अब तक भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेलों की तैयारियां के लिए विदेशी प्रशिक्षक अनुबंधित किए जाते रहे हैं, लेकिन भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ अपने प्रशिक्षकों को विदेशी कोच से तैयार कराने की परंपरा आगे बढ़ाना जा रहा है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक भारतीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मिस्र के जाने वेटलिफ्टिंग कोच और एजुकेटर अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया है। हसन के इस सप्ताह भारत आने की उम्मीद है।

वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी। अब इसे सिरे चढ़ाने के लिए अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया जा रहा है। अहमद एनआईएस, पटियाला में रहेंगे। हालांकि उनका सीनियर टीम की तैयारियों से कोई मतलब नहीं होगा। महासंघ की पहल पर वह देश के विभिन्न राज्यों में जाकर लेवल-1, 2, 3 के कोर्स आयोजित करेंगे।




भारतीय प्रशिक्षकों को वह वेटलिफ्टिंग की नई तकनीकि और चोट से बचाव के तरीकों के बारे में बताएंगे। यही नहीं उनकी अगुवाई में देश में वेटलिफ्टिंग की प्रतिभाओं को भी ढूंढा जाएगा, जिन्हें उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में रखा जाएगा। अहमद मिस्र की दैमिएत्ता यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर रह चुके हैं और वर्तमान में मिस्र के राष्ट्रीय स्पोर्ट्स सेंटर में कार्यरत है। उनकी अगुवाई में एनआईएस के डिप्लोमा कोर्स का सिलेबस में भी बदलाव किया जाएगा।

# न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ओरूर्के टेस्ट से बाहर हुए

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाले दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। ओरूर्के की मांसपेशियों में खिंचाव आया है। अब उनकी जगह पर बेन सीयर्स को टीम में शामिल किया गया है। सीयर्स ने न्यूजीलैंड की ओर से अभी तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं पर अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में होने वाले टेस्ट मैच से वह टेस्ट डेब्यू करेंगे। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे भी चोटिल होने के कारण पहले ही टीम से बाहर हो गये थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में उनके अंगूठे में चोट लग गई थी जिसके लिए उनकी सर्जर होगी। इस कारण वह कम से कम आठ सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे।

वहीं न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि ओरूर्के करीब एक माह तक मैदान से बाहर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीयर्स ने अपने प्रदर्शन से अब तक सभी को प्रभावित किया है। स्टीड ने कहा, ' स्टोक्स अच्छे कौशल वाला युवा गेंदबाज है। वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और उसे अच्छी उछाल मिलती है जो टेस्ट क्रिकेट में बेहद अहम होती है।

# ऑफिस में कर रहे हैं काम तो अच्छे से जान लें नियम



**करियर में आगे बढने के लिए यह बेहद जरूरी होता है कि आप ऑफिस में बनाए गए सभी रूल्स को फॉलो करें, क्योंकि वर्क रूल्स फॉलो करने से आपका काम भी ठीक रहेगा और ऑफिस का माहौल भी अच्छा रहेगा तथा ऐसे में तरक्की करने के चांस भी ज्यादा बन जाएंगे। वर्क प्लेस पर अपने रूल्स बनाने की गल्ती ना करें। ऑफिस चाहे छोटा हो बड़ा उसके नियमों का पालन आपको करना ही चाहिए, वहां काम करने के रूल्स को आप बदल नहीं सकती, यदि आपको किसी चीज से परहेज है, तो उसके लिए अपने बॉस से बात कर सकती हैं। यूं तो हर ऑफिस में काम करने के अपने नियम होते हैं, परंतु कुछ नियम हर जगह पर लागू होते हैं, जिन्हें आपको मानना ही चाहिए।**

### अपने काम से काम रखें

वर्क प्लेस पर काम करने का पहला नियम यही है कि आप अपने काम से काम रखें, किसी दूसरे के काम में टांग अड़ाने की आवश्यकता नहीं है, इससे आपका ही नुकसान होता है। इस तरह से एक तो आपकी रेप्युटेशन खराब होती है और दूसरे आपका काम भी पीछे रह जाता है तथा अन्य लोग आपसे आगे निकल जाते हैं।

### अपनी पोस्ट का रखें ख्याल

हर कर्मचारी को उसकी नियुक्ति के समय ही उसकी पोस्ट बता दी जाती है, अतः ऑफिस में खुद को बॉस समझने की गलती ना करें तथा आप जिस पोस्ट पर उसके अनुसार ही अपना काम और व्यवहार बनाए रखें। अपने सीनियर्स की बुराई ना करें, यदि आपको उनसे कोई शिकायत है, तो उनसे बात करें, परंतु उन्हें निठल्ला साबित करने का प्रयास ना करें।

### सेल्फ मार्केटिंग

यदि आपको लगता है कि सेल्फ मार्केटिंग कर के आप बॉस के दिमाग में अपनी अच्छी इमेज डाल देंगे, तो आप गलत हैं, क्योंकि कुछ समय बाद तो वह भी आपकी सच्चाई जान ही जाएंगे। यदि आप काम में अच्छे हैं, तो भी सेल्फ मार्केटिंग इतनी मत करें कि कंपनी का प्रोफाइल आपसे नीचे हो जाए।

### वर्क प्रेशर से बचें

काम ही काम करते जाना भी किसी तरीके से सही नहीं किया जा सकता, अतः हर काम की जिम्मेदारी खुद ले कर अपना वर्क प्रेशर बढ़ाना भी सही नहीं है क्योंकि प्रेशर में न तो काम किया जा सकता है और न ही किसी से काम कराया जा सकता है। आप कुछ काम दूसरों के जिम्मे लगाने को भी बोल सकते हैं।

### ब्रेक टाईम




हर ऑफिस का अपना नियम होता है, आप जहां भी काम करें उसके अनुसार ही करें। हर ऑफिस में लंच ब्रेक एवं टी ब्रेक आदि का एक टाईम निश्चित होता है, अतः आपको उनके अनुसार ही काम करना चाहिए, कभी भी इस टाईम को क्रॉस न करें, इससे आपकी रेप्युटेशन डाउन हो सकती है।

# इन तरीके को अपनाकर आप भी बन जाएं ऑफिस में फेमस



आजकल चारों तरफ कांपीटीशन ही चल रहा है। ऐसे में खुद को प्रूव करने के लिए कुछ एक्स्ट्रा मेहनत करने की जरूरत होती है। यदि आप भी ऑफिस में काम करते हैं और खुद को सारे ऑफिस में पापुलर बनाना चाहते हैं तो आप हमारे दिए हुए इन टिप्स को जरूर अजमाएं। क्योंकि करियर में बुलंदियों पर पहुंचने के लिए औरों से कुछ खास तो करना ही पड़ता है। सबसे पहले तो अपनी बात को सही ढंग से रखने की कला आप में होनी चाहिए।

1. ऑफिस में काम करते हुए गल्तियां तो अक्सर हो जाती हैं ऐसे में आपको उन्हें खुले दिल से स्वीकार करना चाहिए।

2. यदि किसी दूसरे ने काम बढ़िया तरीके से किया है तो आपको उसे क्रेडिट जरूर देना आना चाहिए। इससे आपका पॉजीटिव नजरिया सबके सामने आएगा।

3. हमेशा कुछ नया सीखने की आदत को न छोड़े। अपने सीनियर्स और जूनियर्स से एडवांस जानकारियां लेने में कभी भी हिचकिचाहट महसूस न करें। छोटी सी दिखनेवाली यह बात आपकी तरक्की की राह को आसान बनाती है।

4. अगर किसी काम को पूरा करने के लिए टारगेट दिया गया है, तो उसे टाइम पर निपटाएं। दूसरे से पहले काम पूरा करने के चक्कर में या जल्दबाजी में गलतियां नहीं करें, वरना सारी मेहनत बेकार हो जाएगी।

5. घर और ऑफिस दोनों को अलग-अलग रखें। घर पर्सनल मामला है व ऑफिस प्रोफेशनल। घर की बातें ऑफिस में करने से आपकी पर्सनैल्टी कम होने लगती है। दोनों में पर्याप्त दूरी बनाकर रखें।

6. अगर आप का कोई क्लीग आपके काम में कमियां निकाले और दूसरों के सामने आपका मजाक बनाएं तो उसे साइड में रखें दिमाग में नहीं, जवाब जरूर दें लेकिन बेस्ट काम करें। फिर देखिए उसकी हिम्मत नहीं होगी आपके सामने कुछ भी बोलने की।

7. ऑफिस में अपने बॉस,क्लीग को हैलो-हॉय या फिर गुडमॉर्निंग रोज जरूर बोलें। ऐसा बढ़िया व्यवहार ही छोटे वर्ग के कर्मचारियों के साथ करें। यह गुण आपको सबका फेवरेट बना देगा।

# मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव बनकर कमा सकते हैं खूब पैसा

गला काट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार में टिके रहने के लिए कंपनियां विपणन नीति का सहारा ले रही हैं। इससे दवा कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। भूमंडलीकरण ने इस प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है। जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती। लिहाजा इस क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर अवसर खुल रहे हैं।



मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यार्थी को विज्ञान स्नातक होना आवश्यक है। लेकिन फार्मेसी में डिग्री और डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी को सभी दवा कंपनी प्राथमिकता देती हैं। हालांकि इस क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए डिग्री से ज्यादा धैर्य, लगन तथा वाकपटुता की जरूरत होती है। इसके साथ ही आकर्षक व्यक्तित्व, बातचीत से दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता और सकारात्मक सोच का होना भी जरूरी है।

एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यानी एमआर का काम मेडिकल व्यवसाय से जुड़े, व्यवसायियों, चिकित्सकों से संपर्क कर अपनी कंपनी द्वारा उत्पादित दवाओं की गुणवत्ता बताना होता है। उन्हें इस तरह समझाना होता है कि चिकित्सक रोगियों को उन्हीं की कंपनी की दवा लिखे। एक एमआर को अपनी कंपनी की उत्पादित तमाम दवाओं की जानकारी रखना होता है और चिकित्सकों और व्यवसायियों को बताना होता है। यानी वह कंपनी और व्यवसायियों के बीच एक पुल का काम करता है। एक तरह से उसके कंधे पर कंपनी की सफलता की पूरा दारोमदार टिका हुआ है।

एक एमआर को वेतन उसकी योग्यता और कंपनी के स्तर के आधार पर मिलता है। शुरुआत में एक एमआर को 5 से लेकर 15 हजार रुपए तक मिलते हैं। इसके अलावा वाहन, यात्रा भत्ता, हाउसिंग और सुविधाएं अलग से मिलती हैं।

देश के कई संस्थानों में मेडिकल प्रशिक्षण और फार्मा मार्केटिंग मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फार्मेसी और डिप्लोमा इन फॉर्मेसी के कोर्स कराए जाते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- हमदर्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मदनगीर, दिल्ली।
- कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, पुष्प विहार, महरौली, दिल्ली।
- महिला पॉलीटेक्निक, महारानीबाग, नई दिल्ली।
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- बॉम्बे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मुंबई, महाराष्ट्र।

# नहीं कर पाते सैलरी से बचत तो अपनाएं ये जरूरी टिप्स

नौकरीपेशा लोगों को हर महीने सैलरी का इंतजार रहता है। जैसे ही पैसे मिलते हैं तो घर के खर्चों में कुछ ही दिनों में सैलरी खत्म हो जाती है जिस वजह से महीने के आखिरी दिनों में क्रेडिट कार्ड से या किसी से उधार मांगकर गुजारा करना पड़ता है। इससे फ्यूचर के लिए कोई सेविंग नहीं हो पाती। कुछ जरूरी बातें अपनाकर पैसों का सही ढंग से इस्तेमाल और बचत भी कर सकेंगे।



### 1. कम खर्चा

घर के राशन और जरूरी सामान की लिस्ट में से ऐसी चीजों को निकाल देना चाहिए जिनकी घर में ज्यादा जरूरत नहीं पड़ती। मार्किट जाकर हमेशा वहीं सामान लें जो खरीदने गए हो कभी कोई फालतू चीज न खरीदें। होटलों में खाना-पीना और घूमने जाने की आदतों को जितना हो कम करने की कोशिश करें। इससे खर्चों में कमी होगी और आखिरी दिनों तक भी पैसे बचे रहेगें।

### 2. बजट बनाएं

महीने के शुरू में ही सैलरी को लेकर एक बजट बना लेना चाहिए कि पैसे कहां और कैसे खर्च करने हैं। घर के सभी जरूरी खर्चों के लिए पैसों को अलग-अलग लिफाफों में डाल कर रख लेने चाहिए और जो पैसे बचे उसे कहीं बाहर आने-जाने और सेविंग के लिए रख सकते हैं।

### 3. इच्छाओं पर नियंत्रण

कई महिलाएं दूसरी औरतों के कपड़े और गहने देखकर उसी समय उन्हें खरीदना चाहती हैं लेकिन मध्यम वर्गीय आदमी की सैलरी इतनी नहीं होती कि वह अपनी पत्नी की हर इच्छा पूरी कर सके। ऐसे में उसे खुश करने के लिए उधार भी लेना पड़ता है। महिलाओं को चाहिए कि वह अपनी इच्छाओं पर कंट्रोल रखें और फालतू खर्चे न करे।

### 4. बैंक में जमा

हर महीने अपनी सैलरी में से कुछ पैसे बचा कर बैंक में जमा करवाने चाहिए जो परिवार में आई मुसीबत के दिनों में काम आएगें। किसी सदस्य के बीमार हो जाने पर या नौकरी चले जाने पर बैंक में जमा पैसों से गुजारा हो जाएगा और किसी से उधार भी नहीं मांगना पड़ेगा।

### 5. निवेश

आजकल बैंकों में बहुत सारी निवेश योजना चल रही है। अपने फ्यूचर को बेहतर बनाने के लिए ऐसी योजनाओं में पैसे जरूर इनवैस्ट करने चाहिए। यह एक लंबी अवधि के लिए होती है जिसमें हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी जरूरी होती है।

# बढ़ती पार्टियों के दौर में पेस्ट्री शेफ की डिमांड बढ़ी

आज हर मौके पर व्यक्ति कुछ न कुछ मीठा खाने की चाह रखता है। शायद इसलिए जन्मदिन की पार्टी से लेकर शादी तक, मेहमानों के आने से लेकर त्योहारों तक कभी केक तो कभी पेस्ट्री आदि मंगाई जाती है। पिछले कुछ सालों में, बेकरी प्रॉडक्ट्स के ग्राहकों में काफी तेजी से वृद्धि देखने को मिली है। इतना ही नहीं, कुछ घरों में तो सुबह की शुरूआत ही चाय व ब्रेड के साथ होती है। ऐसे में अगर आप थोड़े क्रिएटिव व मेहनती हैं तो बतौर पेस्ट्री शेफ अपना एक उज्ज्वल भविष्य देख सकते हैं। समय के साथ अनुभवी व अपने काम में माहिर पेस्ट्री शेफ की मांग बढ़ती ही जा रही है।



### क्या होता है काम

एक पेस्ट्री शेफ का मुख्य काम स्वादिष्ट केक, पेस्ट्री, कुकीज और ब्रेड आदि को बेक करना होता है। होटल्स इत्यादि में उनकी खास जगह होती हैं। इतना ही नहीं, उनका काम अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग कर कुछ ऐसा बेक करना होता है, जो दूसरों से एकदम हटकर व स्वादिष्ट हो। खासतौर से किसी भी बेकरी शॉप की पहचान उसके द्वारा खुद क्रिएट की गई अनोखी रेसिपी से ही होती है। जिसे बनाने का काम एक पेस्ट्री शेफ का होता है।

### स्किल्स

इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आपका क्रिएटिव व कलात्मक होना बेहद आवश्यक है। साथ ही आपको अपने काम से प्यार भी होना चाहिए, तभी आप कुछ नया व यूनिक बनाने में सक्षम हो पाएंगे। कभी-कभी सिर्फ आपकी इजाद की हुई अलग व अनोखी पेस्ट्री भी आपके कॅरियर को एक मीठा रूख दे सकती है। इन सबके अतिरिक्त एक अच्छी प्रेजेंटेशन खाने को और भी अधिक लाजवाब बनाती है, इसलिए उसमें खाने की प्रस्तुति करने का कौशल भी हो। खाना बनाते समय सिर्फ टेस्ट पर ही ध्यान नहीं देना होता बल्कि सेफ्टी व हाइजीन भी उतना ही जरूरी है। आपके अंदर कड़ी मेहनत करने की क्षमता व लगन होना भी बेहद आवश्यक है। चूंकि आपका काम सिर्फ किचन तक ही सीमित नहीं है, आपको अपनी पहचान बनाने के लिए लोगों से भी जुड़ना पड़ता है, इसलिए आपके अंदर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल होने के साथ-साथ अपने ग्राहक को पूर्ण रूप से संतुष्ट करने की कला भी होनी चाहिए। एक पेस्ट्री शेफ को लगातार घंटों किचन में खड़े होना पड़ता है, ऐसे में आपका धैर्यवान होना भी आवश्यक है। किसी भी होटल या रेस्टोरेंट में ग्राहक के आर्डर के कुछ क्षण बाद ही उसका ऑर्डर टेबल पर आ जाता है, इसलिए आपको भी अपने काम में समय का पाबंद होना चाहिए। कोशिश करें कि जो केक ग्राहक तक पहुंचे, वह ताजा व ठंडा हो। इन सबसे अलग आपको सभी प्रकार के उपकरणों व अपने काम की बारीकियों का बेहतर तरीके से ज्ञान होना चाहिए।

### योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपको 12वीं के पश्चात् बेकिंग व कन्फेक्शनरी में डिग्री या सर्टिफिकेट कोर्स करना बेहद आवश्यक है। तभी आपको बेकिंग, आईसिंग व डेकोरेटिंग आदि की जानकारी प्राप्त हो पाएगी। वैसे इस क्षेत्र में शॉर्ट टर्म या डिप्लोमा कोर्स भी कोर्स भी मौजूद हैं। इन कोर्स की अवधि 4 से 6 महीने तक हो सकती है और इसे आप 10वीं के बाद भी आसानी से कर सकते हैं।

### संभावनाएं

पेस्ट्री शेफ के लिए होटल्स, रेस्टोरेंट व कैसीनो में काम की कोई कमी नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न बेकरीज व केटरर को भी हमेशा ही अनुभवी व प्रतिभाशाली पेस्ट्री शेफ की तलाश रहती है। अगर आपको कहीं नौकरी करना पसंद नहीं है तो आप खुद की भी बेकरी शॉप खोल सकते हैं, लेकिन उसके लिए आपको व्यापार संबंधी भी थोड़ा ज्ञान होना चाहिए। अगर आपका बजट कम है तो आप घर से भी पार्टी आदि के आर्डर लेकर उन्हें पूरा कर सकती हैं। एक बेहतरीन बेकर अपने लिए विदेशों में भी काम की तलाश कर सकता है।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आपकी आय इस बात पर निर्भर करती है कि आप अपने काम में कितने माहिर हैं और लोगों को आपका बेक किया हुआ केक व पेस्ट्री कितना पसंद आता है। वैसे प्रारंभ में एक बेकर को दस से पंद्रह हजार आसानी से मिल जाते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ-साथ उनकी आय में भी वृद्धि होती जाती है। एक अनुभवी बेकर की आमदनी 50000 से 60000 रूपए प्रतिमाह तक हो सकती है। वहीं यदि आप घर पर ही बेकिंग करते हैं तो आपकी आमदनी आपको मिलने वाले आर्डर पर निर्भर करेगी।

### प्रमुख संस्थान

- कुक एंड बेक अकादमी, दिल्ली।
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, फरीदाबाद, हरियाणा।
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग व न्यूटिशन, नई दिल्ली।
- आईटीएम इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, महाराष्ट्र।
- पीपल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल, मध्य प्रदेश।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**